



# सर्दी और कोहरे का डबल अटैक

**शीतलहर से ठिठुरी दिल्ली:** सीजन का सबसे कम 3.6 डिग्री दर्ज किया गया तापमान, कई ट्रेनें भी लेट, बिहार में स्कूल बंद, पंजाब, हरियाणा में शीतलहर का रेड अलर्ट

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

उत्तर भारत के कई राज्यों तेज सर्दी बनी हुई है। दिल्ली में शनिवार को इस सर्दी के मौसम की सबसे ठंडी सुबह दर्ज की गई। मिनिमम टेम्परेचर गिरकर 3.4 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। कोहरे की वजह से दिल्ली से चलने वाली या वहां पहुंचने वाली 18 ट्रेन 1 से 6 घंटे की देरी से चल रही हैं। इधर, हरियाणा के हिसार के बालसमंद में न्यूनतम तापमान 0.4 डिग्री दर्ज किया गया। उत्तर प्रदेश के कानपुर में पारा 3.0 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है। उत्तर प्रदेश, पंजाब, दिल्ली, चंडीगढ़, हरियाणा में कोहरे के साथ-साथ कोल्ड वेव और पाला पड़ने का अलर्ट है।

### आने वाले दिनों में ऐसा रहेगा मौसम

- शनिवार ( 13 ) जनवरी की सुबह देश के 18 राज्यों में कोहरा दिखा। इनमें हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, बिहार, सिक्किम, ओडिशा, असम, मेघालय, मणिपुर, त्रिपुरा, मिजोरम और नागालैंड शामिल हैं।
- दक्षिण के राज्यों में आज कोहरे या कोल्ड वेव का कोई अलर्ट जारी नहीं किया गया है। तमिलनाडु और पुडुचेरी और केरल में बारिश की संभावना है। आंध्र प्रदेश के कुछ इलाकों में भी 15 जनवरी तक सामान्य बारिश की संभावना है।
- उत्तराखंड में 17-18 जनवरी को हल्की से तेज बारिश होने का अनुमान है और हिमाचल प्रदेश में भी 16 और 17 जनवरी को हलकी बारिश हो सकती है।

**1** एमपी में सुबह कोहरा, रात में ठंड, ग्वालियर-भोपाल समेत आधे प्रदेश में धुंध छाई

**2** हरियाणा में कड़ाके की ठंड, पाला जमा, आज घनी धुंध-कोल्ड डे का रेड अलर्ट

**3** यूपी में कोल्ड डे का अलर्ट, कानपुर और सहारनपुर 3 डिग्री के साथ सबसे ठंडा

**4** शीतलहर की चपेट में आया बिहार, 3.5 डिग्री सेल्सियस लुढ़का पटना का पारा

**5** झारखंड में बढ़ी ठंड, 7 डिग्री तक गिरा पारा, कई जिलों में कोहरा, बारिश के आसार



### इन जिलों में शीतलहर का अलर्ट

मौसम विभाग के मुताबिक, कानपुर देहात, कानपुर नगर, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, मेरठ, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, शाहजहांपुर और आसपास के इलाकों में शीतलहर चलने की संभावना है।

### इन जिलों में रहेगा कोल्ड-डे

इसके अलावा, गोंडा, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, बाराबंकी, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, मेरठ, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, संभल और आसपास के इलाकों में कोल्ड डे को लेकर अलर्ट जारी किया गया है।

### इन जिलों में घने कोहरे का ऑरेंज अलर्ट

मौसम विभाग के मुताबिक, बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, वाराणसी, संत रविदास नगर, जौनपुर, गाजीपुर, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, लखनऊ, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, आगरा, इटावा, औरैया, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी एवं आसपास इलाकों में घने से भी घना कोहरा छाएगा।

### कोहरे के चलते वाराणसी में 5 फ्लाइट लेट

वाराणसी से मुंबई जाने वाली इंडिगो और वर्जिन एयरलाइंस की दो विमान अपने तय समय सुबह 7.50 के बजाय डेढ़ घंटे लेट 9 बजकर 20 मिनट पर टेक ऑफ करेगी। जबकि बेंगलुरु जाने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट 8.30 बजे के बजाय 10 बजे उड़ान भरेगी। जयपुर जाने वाली स्पाइस जेट की फ्लाइट 9 बजे के बजाय 9.50 पर उड़ान भरेगी। जबकि गुवाहाटी की फ्लाइट सुबह 6-40 बजे की जगह 8-35 बजे उड़ान भरी।

### वंदे भारत समेत 97 ट्रेनें घंटों लेट

कानपुर समेत प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में छाए कोहरे का असर 97 ट्रेनों पर पड़ा। कानपुर सेंट्रल आने और जाने वाली ट्रेनें 12 घंटे तक लेट आईं और गईं। इसमें वीआईपी ट्रेनें भी शामिल हैं। वाराणसी नई दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस सवा 8 घंटे तक लेट चल रही है। नई दिल्ली वाराणसी वंदे भारत 4.31 घंटे देरी से कानपुर सेंट्रल आई। तेजस एक्सप्रेस लखनऊ से चलकर 3 घंटा 13 मिनट देरी से कानपुर आई और नई दिल्ली 5.40 घंटे लेट जा रही है। इसके अलावा ट्रेनों की लेटलतीफी के चलते 3562 ने यात्रा कैंसिल कर टिकट लौटाया। वहीं कानपुर झकरकटी बस अड्?डे से 27 बसें यात्रियों के न होने से निरस्त कर दी गईं। 26 बसें 5 घंटे तक लेट आईं।

### इन राज्यों में रहेगी भयंकर सर्दी

- मौसम विभाग ने कहा कि पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और उत्तर प्रदेश में कई जगहों पर घने से बहुत घना कोहरा और जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और राजस्थान में अलग-अलग जगहों पर घना कोहरा की स्थिति रहेगी.
- वहीं, राजस्थान, पश्चिम उत्तर प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में मध्यम कोहरा और पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ में कई जगहों पर और उत्तर प्रदेश में अलग-अलग जगहों पर ठंडे दिन से लेकर गंभीर ठंडे दिन की स्थिति बनी हुई है.
- कोहरे और सर्दी को लेकर मौसम विभाग ने आगे कहा, उत्तर भारत के ज्यादातर हिस्सों में घने कोहरे की चादर छाई हुई है, जिससे पूरे क्षेत्र में रेल और हवाई यातायात बाधित हो गया है. अगले 3 दिनों के दौरान उत्तर पश्चिम भारत के कुछ हिस्सों में घने से बहुत घना कोहरा जारी रहेगा.

### बिहार में 16 जनवरी तक स्कूल बंद

बिहार में ठंड को देखते हुए पटना में 8वीं तक के सभी स्कूलों में 16 जनवरी तक छुट्टी कर दी गई है। मुधबनी में 5वीं तक के स्कूलों को भी 16 जनवरी तक बंद करने का फैसला किया गया है।

### हरियाणा में भी रेड अलर्ट

मौसम विभाग ने हरियाणा में शनिवार के लिए आठ शहरों में घने कोहरे और सीवियर कोल्ड डे का रेड अलर्ट जारी किया है। इनमें अंबाला, कुरुक्षेत्र, कैथल, करनाल, महेंद्रगढ़, रेवाड़ी, मेवात व पलवल शहर शामिल हैं। बाकी शहरों में ऑरेंज अलर्ट है। मौसम विशेषज्ञ डॉ. चंद्रमोहन ने बताया कि अगले 4-5 दिन तक कड़ाके की ठंड के आसार हैं। न्यूनतम तापमान में भी अगले चार दिन बदलाव की कोई संभावना नहीं है। उसके बाद कुछ राहत मिल सकती है। वहीं, प्रदेश के कुछ जिलों में आज से अगले चार दिन तक शीत दिवस जैसी स्थिति रहेगी। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार देहरादून, पौड़ी, नैनीताल, ऊधमसिंह नगर, नैनीताल, हरिद्वार जिले में 16 दिसंबर तक घना कोहरा छाने के साथ सर्द हवाएं चलने के आसार हैं।

## पहाड़ों से ठंडा कानपुर-सहारनपुर 3 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा पारा

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

यूपी में पहाड़ों जैसी सर्दी का अहसास अभी बना रहेगा। शनिवार को भी कोल्ड डे के साथ दिन में शीतलहर चलेगी। इससे तापमान में गिरावट आएगी। प्रदेश में सबसे ठंडा शहर कानपुर और सहारनपुर रहा। यहां पारा 3.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। कानपुर की सर्दी ने जम्मू को भी पीछे छोड़ दिया है। जम्मू सिटी का न्यूनतम तापमान 3.7 डिग्री दर्ज किया गया। कानपुर लगातार 48 घंटों से सीवियर कोल्ड वेव की चपेट में है।

### कोहरे के चलते आगरा में 0 विजिबिलिटी

घने कोहरे के चलते शनिवार सुबह आगरा में 0 विजिबिलिटी रही। वहीं बहराइच, गोरखपुर में 25 मीटर, कानपुर, प्रयागराज में 50 मीटर और लखनऊ में 200 मीटर विजिबिल्टी रही। जबकि अयोध्या 4.5 डिग्री सेल्सियस और आगरा में 5.0 डिग्री सेल्सियस पारा रिकार्ड किया गया। वाराणसी का तापमान 9.0 डिग्री सेल्सियस रहा।

### 24 जिलों में कोहरे का ऑरेंट अलर्ट

मौसम विभाग ने शनिवार को 21 शहरों में शीतलहर चलने का अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा, 24 जिलों में घने कोहरे का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। कोहरे के चलते पब्लिक ट्रांसपोर्ट पर असर पड़ा। कानपुर पहुंचने वाली 97 ट्रेनें 12 घंटे तक लेट पहुंचीं। वहीं वाराणसी से उड़ान भरने वाली 5 फ्लाइट करीब 1 से 2 घंटे तक लेट रही।

### अब नहीं होगी बारिश

कानपुर सीएसए यूनिवर्सिटी के मौसम विज्ञानी डॉ. एसएन सुनील पांडेय के मुताबिक, कानपुर मंडल सहित पूर्वी यूपी के मैदानी इलाकों में सर्दियों में बारिश नहीं होगी। लेकिन, सुबह और रात के दौरान ठंड बढ़ेगी। मध्यम से घने कोहरे और ठंडी हवाएं चलती रहेंगी। दिन में धूप निकलने से कुछ राहत मिल सकती है।

### कोहरा बना आफत: मथुरा में यमुना एक्सप्रेसवे पर चार गाड़ियां आपस में टकराईं

मथुरा। कोहरे के चलते यमुना एक्सप्रेसवे पर शनिवार सुबह बड़ा हादसा हुआ है। नोएडा से आगरा की ओर जाने वाली लेन पर जाबरा टोल प्लाजा के समीप चार वाहन एक दूसरे से टकरा गए। हादसे के दौरान वाहन सवार लोगों में चीख पुकार मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। हादसे में छह लोग घायल हुए हैं, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। वहीं हादसे में क्षतिग्रस्त गाड़ियों को क्रेन की मदद से साइड में किया गया। शनिवार को यमुना एक्सप्रेस वे पर घना कोहरे के चलते जाबरा टोल प्लाजा पर नोएडा से आगरा की तरफ जा रही गाड़ियां ट्रक में पीछे से टकरा गईं। एक के बाद एक चार गाड़ियां भिड़ीं तो चीख पुकार मच गई। हादसे में सभी गाड़ियों में सवार महिलाएं समेत छह लोग घायल हो गए। टाटा नेक्सन सवार सुदर्शन सामंता निवासी सेक्टर 93 गुड़गांव ने बताया वह अपने परिवार के साथ वाराणसी जा रहे थे, अचानक से सामने चल रहे ट्रक ने टक्कर मार दी जिससे उनकी गाड़ी भी पीछे से घुस गई और उसके बाद अन्य गाड़ियां भी टकरा गईं। जाबरा टोल चौकी प्रभारी धीरज कुमार ने बताया कि कोहरे की वजह से यमुना एक्सप्रेस वे पर हादसा हुआ है।

## पीसीएस-2024 की प्रारंभिक परीक्षा 17 मार्च को

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (पीसीएस)-2024 की प्रारंभिक परीक्षा इस वर्ष 17 मार्च को और मुख्य परीक्षा सात जुलाई से आयोजित की जाएगी। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) ने शुक्रवार को वर्ष 2024 के लिए भर्ती परीक्षाओं का कैलेंडर जारी कर दिया। आयोग की ओर से जारी कैलेंडर में 16 परीक्षाएं शामिल की गईं। कैलेंडर संकेत दे रहा है कि आयोग एक साल में दो पीसीएस परीक्षाओं का चयन परिणाम जारी करने की तैयारी में है। पीसीएस-2024 के तहत 220 पदों पर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया भी एक जनवरी से शुरू हो चुकी है। आयोग ने लक्ष्य निर्धारित किया था कि पीसीएस-2023 का अंतिम चयन परिणाम प्रारंभिक परीक्षा के आयोजन की तिथि से नौ माह के भीतर जारी कर देगा। पीसीएस-2023 की इंटरव्यू प्रक्रिया शुक्रवार को पूरी हो गई और आयोग अब अपना लक्ष्य पूरा करने की ओर है। अगर इसी तरह पीसीएस-2024 का चयन परिणाम भी प्रारंभिक परीक्षा के आयोजन की तिथि से नौ माह के भीतर जारी कर दिया जाता है तो पीसीएस-2024 का परिणाम भी इसी वर्ष जारी हो जाएगा, जो आयोग के लिए नया रिकॉर्ड होगा।

### कई परीक्षाओं के लिए आरक्षित की गईं तिथियां

आयोग ने कई परीक्षाओं के लिए कैलेंडर में तिथियां आरक्षित कर ली हैं। आयोग के सचिव अशोक कुमार के अनुसार प्रवक्ता राजकीय डिग्री कॉलेज की स्क्रीनिंग परीक्षा से संबंधित प्रस्तावित नियमावली के शासन द्वारा प्रख्यापित किए जाने के बाद आरक्षित तिथि में परीक्षा होगी। प्रवक्ता जीसीआई, एलटी ग्रेड शिक्षक, खंड शिक्षा अधिकारी के पदों की समकक्ष अर्हता निर्धारित होने के बाद परीक्षा तिथि घोषित होगी। राज्य कृषि सेवा परीक्षा, सम्मिलित राज्य अभियंत्रण सेवा परीक्षा की परीक्षा योजना एवं पाठ्यक्रम के संदर्भ में शासन के अनुमोदन के बाद आरक्षित तिथि में परीक्षा होगी।




## मायावती को मिला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का निमंत्रण

* प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में अलग-अलग क्षेत्रों से जुड़ी हस्तियों को आमंत्रित किया गया है

जन एक्सप्रेस । लखनऊ




अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में बसपा सुप्रीमो मायावती को आमंत्रित किया गया है। इसके लिए उन्हें निमंत्रण भेजा गया है। विश्व हिंदू परिषद ने शनिवार को बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री मायावती को कार्यक्रम के लिए निमंत्रण भेजा गया है। विहिप के अनुसार, उन्होंने निमंत्रण स्वीकार कर लिया है लेकिन कार्यक्रम में शामिल नहीं होंगी। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में फिल्म कलाकारों, वैज्ञानिकों, खिलाड़ियों सहित अलग-अलग क्षेत्रों से जुड़ी हस्तियों को आमंत्रित किया गया है। वहीं, विश्व हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष आलोक कुमार ने मीडिया से कहा कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को भी कुरियर से निमंत्रण भेजा गया था अगर उन्हें निमंत्रण नहीं मिला तो फिर से भेजा जा सकता है। बीते दिनों अखिलेश यादव ने कहा था कि अगर उन्हें आमंत्रित किया गया तो वह अयोध्या जाएंगे। हालांकि, उन्होंने बाद में कहा था कि जब भगवान श्रीराम बुलाएंगे तब वह अयोध्या जाएंगे। निमंत्रण मिलने के सवाल पर उन्होंने कहा था कि मैं किसी ऐसे व्यक्ति के निमंत्रण पर कैसे जा सकता हूं जिसे मैं नहीं जानता। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में उद्योगपति भी शामिल होंगे। कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे और अधीर रंजन चौधरी ने कार्यक्रम में शामिल होने से इंकार कर दिया।


कानपुर एक्सप्रेस



कानपुर और उन्नाव की खबरों को पढ़ने के लिए देखें पेज 3 और 11

जन एक्सप्रेस फाइटर जी कहिन को इस Qr-code के माध्यम से सर्च करें


**रिपोर्ट** कन्नौज के इत्र व्यापारियों ने रामलला के लिए कई तरह के विशेष इत्र तैयार किए हैं

## कन्नौज के इत्रों से महकेंगे अयोध्या में रामलला

* इन्हें 22 जनवरी को होने जा रहे राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए अयोध्या भेजा जाएगा
* कन्नौज का इत्र दुनियाभर में प्रसिद्ध है, अमेरिका तक में इसकी काफी मांग है



जन एक्सप्रेस । डॉ. वैभव शर्मा

लखनऊ। अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए भक्ति के रंग देश-विदेश तक दिख रहे हैं। 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह को और भव्य बनाने के लिए कन्नौज के इत्रों की सुगंध रामलला की इत्र सेवा करने के लिए बेताब है। प्राण प्रतिष्ठा को लेकर तैयारियां युद्धस्तर पर चल रही हैं। भव्य मंदिर के उद्घाटन से पहले अब जानकारी मिल रही है कि रामलला के लिए विशेष तौर पर कन्नौज से इत्र मंगवाया जा रहा है। उत्तर प्रदेश के कन्नौज का इत्र दुनियाभर में प्रसिद्ध है। अमेरिका तक में इसकी काफी मांग है। यहां के इत्र व्यापारियों ने रामलला के लिए कई तरह के विशेष इत्र तैयार किए हैं। इन्हें 22 जनवरी को होने जा रहे राम मंदिर के उद्घाटन के लिए अयोध्या भेजा जाएगा।

### अत्तर मिट्टी, अत्तर मोतिया, रूह गुलाब, चंदन का तेल और मेंहदी का उपयोग किया जाएगा

पवन त्रिवेदी के अनुसार रामलला के लिए गुलाब जल भी तैयार किया गया है, जिसका इस्तेमाल रामलला को स्नान कराने में किया जाएगा। भगवान के चारों ओर सुगंधित वातावरण बनाने के लिए कन्नौज के प्रसिद्ध इत्र जैसे अत्तर मिट्टी, अत्तर मोतिया, रूह गुलाब, चंदन का तेल और मेंहदी का उपयोग किया जाएगा।

### रामलला को सर्दी न लगे इसलिए 'अत्तर शमामा' भी तैयार

सर्दी को ध्यान में रखते हुए कन्नौज के इत्र निर्माताओं ने रामलला के लिए 'अत्तर शमामा' भी तैयार किया है, जो ठंड से बचाने में मदद करता है। त्रिवेदी ने बताया कि इस विशेष इत्र को बनाने में जड़ी-बूटियों के मिश्रण का भी इस्तेमाल किया गया है।

### एटा में बने 2,400 किलो के घंटे की आवाज 10 किलोमीटर तक जाएगी

राज्य सरकार ने बयान जारी कर बताया है कि एटा के जलेसर से 2,400 किलोग्राम का घंटा मंगलवार को राम मंदिर ट्रस्ट को सौंप दिया गया है। दावा किया जा रहा है कि एक ही ढलाई में तैयार की गई इस घंटी की आवाज 10 किलोमीटर तक जाएगी। इसके अलावा 51 किलोग्राम वजन वाली सात और घंटियां भी मंदिर के लिए ट्रस्ट को भेंट की गईं हैं।

### रथ पर सवार कर कन्नौज में निकाली जाएगी रथ यात्रा

कन्नौज अत्तार एंड परफ्यूम्स एसोसिएशन के अध्यक्ष पवन त्रिवेदी के अनुसार श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को विशेष प्रकार के इत्र और सुगंधित जल भेंट किए जाएंगे। कन्नौज के इत्र निर्माताओं ने रामलला के लिए खास सुगंध वाले इत्र तैयार किए हैं। इन्हें अयोध्या भेजे जाने से पहले रथ पर सवार कर कन्नौज में यात्रा भी निकाली जाएगी।

## हृदय रोगियों के उपचार में यूपी अव्वल, प्रदेश को मिला प्रथम पुरस्कार

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

हृदय रोगियों के उपचार में उत्तर प्रदेश अव्वल है। यहां सर्वाधिक मरीज ही नहीं देखे जाते हैं बल्कि हृदय रोगियों के उपचार में तकनीक का विकास और डॉक्टरों को अपडेट करने के लिए कार्यशाला भी होती है। इसके लिए उत्तर प्रदेश को कोलकाता में पिछले सप्ताह हुई कार्डियोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया के 75वें डायमंड जुबली नेशनल कॉन्फ्रेंस में प्रथम पुरस्कार दिया गया। देशभर में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए दिए जाने वाले इस पुरस्कार को यूपी-सीएसआई के मानद सचिव व केजीएमयू कार्डियोलॉजी विभाग के प्रोफेसर और शरद चंद्र ने प्राप्त किया। इस दौरान विभिन्न शैक्षणिक बैठकों, सार्वजनिक जागरूकता कार्यक्रम के बारे में भी जानकारी दी।

# डीएम-एसपी ने किया श्रीराम चरण पादुका यात्रा के संबन्ध में स्थलीय निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

जिलाधिकारी अभिषेक आनंद, पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने शनिवार को रामचरण पादुका यात्रा पथ की तैयारी के सम्बन्ध में स्थलीय निरीक्षण किया। श्रीरामचरण पादुका भरतकूप से 15 जनवरी से प्रारंभ होकर रामायण स्थल में रुकेगी और रामायण स्थल पर ही सांस्कृतिक कार्यक्रम भजन गायन तृप्ति शाक्या मुंबई व क्षेत्रीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। 16 जनवरी को प्रातः यात्रा प्रारंभ होकर बेड़ी पुलिया, धनुष चौराहा होते हुए राजापुर प्रस्थान करेगी व 16 जनवरी को कौशांबी में प्रवेश करने के साथ प्रयागराज, श्रृंगवेरपुर, प्रतापगढ़, सुल्तानपुर, नंदीग्राम होते हुए यह यात्रा 19 जनवरी को अयोध्या पहुंचेगी।



जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने जिला पंचायत राज अधिकारी व अधिशासी अधिकारी कर्वी को निर्देशित किया कि नेशनल हाईवे से लेकर भरतकूप तक साफ सफाई कराएं।

उन्होंने भरतकूप के महंत लवकुश दास से कहा कि मंदिर की सजावट कराएं। उन्होंने पार्किंग व्यवस्था की जानकारी ली। जिस पर अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत ने बताया कि यहां पर तीन पार्किंग की व्यवस्था की गई है। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि साउंड की व्यवस्था व पीने का पानी की व्यवस्था अच्छी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जो मोबाइल टॉयलेट लगाए जाएंगे, उसमें दो सफाई कर्मी अपने वर्दी में उपस्थित रहेंगे। उन्होंने उप जिलाधिकारी सदर को निर्देशित किया कि दुकान जो बाहर है, उसको अंदर कराएं। साथ ही रैन बसेरा की साफ सफाई भी सुनिश्चित कराएं। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि पॉलिथीन का प्रयोग न करें का बैनर बनवाएं। उन्होंने क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी को निर्देशित किया कि ड्रोन कैमरे की भी व्यवस्था सुनिश्चित करें। इसके बाद उन्होंने खोही चैराहे का भी निरीक्षण किया। उन्होंने लोक निर्माण विभाग व जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि रोड पर साफ सफाई सुनिश्चित कराएं।

खोही तिराहे से फ्लैग आफ का कार्यक्रम रखा गया है, यहां पर मंच की व्यवस्था व साफ सफाई की व्यवस्था अच्छी होनी चाहिए। खोही के सभासद अरुण कुमार त्रिपाठी ने बताया कि यहां पर अपने संगठनों द्वारा पुष्प वर्षा की जाएगी। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी कर्वी को निर्देशित किया कि खोही तिराहे पर स्थित तालाब की साफ सफाई सुनिश्चित कराएं। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी ने बताया कि बरहा के हनुमान मंदिर के पास सम्बन्धित महंत द्वारा पुष्प वर्षा की जाएगी।

इसके अलावा जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने रामायण स्थल का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देशित किया कि बिजली के साथ जनरेटर की भी व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। उन्होंने क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी को निर्देशित किया कि यहां पर साउंड चेयर व पार्किंग के साथ आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराएं। इस मौके पर उप जिलाधिकारी सदर सौरव यादव, पुलिस क्षेत्राधिकार नगर हर्ष पांडेय, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अनुपम श्रीवास्तव, अधिशासी अधिकारी कर्वी लाल जी यादव आदि मौजूद रहे।

# रामनगरी के राजा से मिलने आए राम के दूत

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

श्रीहरि विष्णु के वाहन गरूण के पुजारी और श्रीराम के नाम पर राज करने वाले थाईलैंड ने एक बार फिर अपने पुराने रिश्तों को और मजबूत करने की दिशा में कदम उठाया है। यूनाइडेड नेशंश से वर्ड पीस अंबेस्डर डॉ परविंदर सिंह की अगुवाई में आये थाई भिक्षुओं ने अयोध्या के राज परिवार के सदस्य एवं श्रीराम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य विमलेंद्र मोहन प्रताप सिंह से मुलाकात कर सांस्कृतिक केंद्र खोलने के लिए जमीन की मांग का प्रस्ताव दिया। श्री सिंह ने उनके प्रस्ताव को सहर्ष स्वीकार कर कहा कि जल्द ही इसके लिए अगली कार्यवाही की जाएगी। शुक्रवार की दोपहर गया से सारनाथ होते हुए थाई प्रतिनिधियों का दल अयोध्या पहुंचा। यहां पर सर्वप्रथम उन्होंने श्री राम लला के दर्शन किये। इस दौरान हिस हाईनेस डॉ परविंदर सिंह ने बताया कि भगवान राम एक ऐसे आदर्श पुरूष थे जिनके आर्दशो को थाई लैंड सदियों पहले आत्मसात कर चुका है। थाईलैंड में श्री राम के नाम पर ही राजा राज करते हैं। वर्तमान समय राम 10 का शासन चल रहा है। उन्होंने



बताया कि थाईलैंड मे रामायण के प्रसंगों को रामलीला के माध्यम से प्रस्तुत किया जाता है। वहां पर संवाद संप्रेषण के साथ मुखौटों व मुखाकृति के द्वारा विशेष प्रस्तुति दी जाती है। हमारा लक्ष्य भारत और थाईलैंड के पारस्परिक संबंधों को और भी ज्यादा मजबूती देना है। इसके बाद थाईदल राज सदन पहुंचा। जहां पर उनका स्वागत विमलेंद्र मोहन प्रताप सिंह व स्थानीय साहित्यकार यतीन्द्र मिश्रा ने जोरदार तरीके से किया। यहां पर डा0 सिंह ने थाईलैंड की ओर से उन्हें अयोध्या में एक सांस्कृतिक केद्र खोलने का प्रस्ताव दिया। इस दौरान डा0 सिंह ने कहा कि भगवान राम की जन्मभूमि थाईलैंडवासियों के दिलों में विशेष स्थान रखती है। इसको ध्यान में रखते हुए हम लोग उत्तर प्रदेश में वाट फ्रॉम अयोध्या, संस्कृति मंत्रालय एक कला और सांस्कृतिक केंद्र के विकास एवं स्थापना को लेकर कृत संकल्पित है। वाट फ्राम अयोध्या का लक्ष्य अयोध्या शहर के समग्र विकास में योगदान देना है। इस महत्वाकांक्षी योजना के लिए जमीन की तलाश है। इसके बनाने के पीछे का लक्ष्य भौतिक प्रगति के साथ ही सांस्कृतिक और सामाजिक समरसता को और भी ज्यादा प्रभावी, एकात्म मानववाद से उत्प्रेरित करना है। यह संस्कृति मंत्रालय न केवल समुदायों के बीच बल्कि अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर संस्कृति के आदान प्रदान में सहभागी बनेगा। यह कला और सांस्कृतिक केंद्र भारतीय नागरिकों व वैश्विक पर्यटकों के बीच सुलभ कला प्रदान करने के अवसर प्रदान करेगा। यह केद्र कलात्मक अभिव्यक्ति, अयोध्या की विविध सांस्कृतिक परंपरा को प्रदर्शित करने और रचनात्मकता को बढ़ाने का केंद्र होगा। यह थाई भारतीय सहयोग के लिए एक बड़ा प्रकाशस्तम्भ के रूप में काम करेगा। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को भारत के हर गांव में उत्सव मनाया जाने के लिए तैयारियां चल रही हैं, ऐसे ही थाईलैंड में भी हर तरफ उत्साह का माहौल है। हर गांव गांव में सांस्कृतिक व सामाजिक तौर पर लोग इस बड़े आयोजन के साश्रल्थ जुडकर खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। उनके साथ थाई बौधभिक्षु फ्रापलाड नारोंग मौजूद रहे।

# अगले माह होगी जन औषधि केन्द्र की स्थापना

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

जिला सहकारी फेडरेशन डीसीएफ की बैठक चेयरमैन की योगेश जैन की अध्यक्षता में जिला मुख्यालय में हुई। जिसमें सचिव राजेश मिश्रा ने पिछली बैठक की कार्यवाही की पुष्टि की आगामी कार्यक्रम का एजेंडा भी रखा। जिसपर उपाध्यक्ष आलोक द्विवेदी एवं डायरेक्टर सुरेश मिश्रा, पंकज मिश्रा को फरवरी तक जन औषधि केन्द्र की स्थापना के लिए नामित किया गया। इफको के कार्ड डेट उत्पादन केन्द्र कि लिए डायरेक्टर दिव्या त्रिपाठी एवं सारंगधर मिश्रा, राखी चैबे को नामित किया गया। सहकार भारती के लखनऊ से आए हुए तुषार श्रीवास्तव ने सहकारिता संबंधित विचार रखें एवं योजनाओं से अवगत कराया। अध्यक्ष योगेश जैन ने बताया की वर्तमान में उर्वरक वितरण परिवहन आदि में कृषि विभाग द्वारा अनावश्यक हस्तक्षेप कर कृत्रिम खाद का संकट उत्पन्न करने का प्रयास किया गया। इस पर शासन को पत्र लिखकर अवगत कराया जाएगा एवं कार्यवाही की मांग की जाएगी। जिससे अगले सत्र में व्यवस्था में और अच्छा सुधार हो सके। बैठक में सहकार भारती के परमहंस त्रिपाठी, राम सागर चतुर्वेदी, कुलदीप सिंह, सुनील द्विवेदी, कामता धतुरहा, हरिशंकर, पुष्पराज एवं अनुराग द्विवेदी उपस्थित रहे। बैठक के अंत में डीसीबी अध्यक्ष पंकज अग्रवाल की माता का पिछले दिनों निधन होने के कारण 2 मिनट का मौन भी रखा गया।

# नाना जी की संकल्पना के अनुरूप है ग्रामोदय विश्वविद्यालय की कार्यशैली

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

मध्य प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि प्रख्यात समाज शिल्पी भारत रत्न नानाजी देशमुख ने वर्ष 1991 में ग्रामोदय विश्वविद्यालय की स्थापना केवल डिग्री डिप्लोमा बांटने के काम में लगे सामान्य विश्वविद्यालय के विकल्प के रूप में हमारे देश के प्रश्नों के समाधान खोजने के लिए किया था। यह विश्वविद्यालय अपने गौरवशाली उद्देश्यों के अनुरूप निरंतर आगे बढ रहा है। हमारे देश की अपनी शिक्षा नीति 2020 के लक्ष्य और उद्देश्य को क्रियान्वित करने में यह विश्वविद्यालय सक्रियता के साथ अपना संपूर्ण योगदान देता रहेगा। उच्च शिक्षा मंत्री परमार ने इस आशय के विचार आज महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के सीएमसीएलडीपी



सभागार में आयोजित राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं विकसित भारत/2047 विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी के मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि देश की स्वतंत्रता के बाद अपनी शिक्षा नीति पर काम होना चाहिए था, तत्समय संभव नहीं हो सका। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का यथार्थ स्वरूप विकसित भारत 2047 के रूप में पूर्णता के साथ परिलक्षित होगा। श्री परमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सदप्रयासों लक्ष्य भेदी कार्य योजना के अनुरूप मध्य प्रदेश सरकार भी काम कर रही है। इसका लाभ हमारे देश और प्रदेश को मिल रहा है। आज हमारा देश खाद्यान्न सहित अनेक क्षेत्रों में आत्मनिर्भर हो गया है।

वैकल्पिक ऊर्जा के रूप में अपनाई जा रही सौर ऊर्जा अब भारत सहित अनेक देशों को ऊर्जा प्रदान करने में भी सफल होगी। उन्होंने सामाज उपयोगी विभिन्न आयामों में शोध करने पर जोर भी दिया। उच्च शिक्षा मंत्री परमार ने ग्रामोदय विश्वविद्यालय के शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों, शोधार्थियों एवं छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी लोग भारत रत्न नानाजी देशमुख की संकल्पना, कार्यशैली एवं उनके आदर्शों के अनुरूप ग्रामोदय विश्वविद्यालय मे अध्ययन, अध्यापन, शोध, प्रसार और समाजोपयोगी काम को पूर्ण मनोयोग से करते रहें। ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो भरत मिश्रा से हुई चर्चा, अपेक्षित आवश्यकताओं और संसाधनों की पूर्ति के लिए प्रदेश सरकार जरूरी कदम उठाएगी। उन्होंने निर्देशित किया कि ग्रामोदय विश्वविद्यालय अपनी समस्याओं, संभावनाओं और आवश्यकताओं को संकलित कर उन्हें उपलब्ध कराये। वे इसकी पूर्ति के लिए आवश्यक कदम उठाएंगे। संगोष्ठी का प्रारंभ उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने विद्यादायिनी मां सरस्वती के तैल चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से किया।

# सीडीओ ने ली भूगर्भ जल समिति की बैठक

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

सीडीओ अमृतपाल कौर की अध्यक्षता में भूगर्भ जल (प्रबंधन एवं विनिमय) अधिनियम के सुचारू रूप से क्रियान्वयन के लिए समिति की बैठक जिला कलेक्टरेट सभागार में हुई। नोडल अधिकारी वेब पोर्टल भूगर्भ जल प्रथम परिषद श्वेता गुप्ता ने बताया कि उत्तर प्रदेश भूगर्भ जल (प्रबन्धन एवं विनियम) अधिनियम-2019 के अन्तर्गत राज्य में भूमिगत जल संरक्षित करने, नियन्त्रित करने और भूमिगत जल के विनियम का सतत् प्रबन्धन सुनिश्चित करने के लिए, उसे मात्रात्मक और गुणात्मक स्थायित्व प्रदान करने के लिए विशेष रूप से भूजल संकटग्रस्त ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में भूजल संरक्षण एवं संवर्धन पर जोर दिया गया है। साथ ही सभी औद्योगिक, वाणिज्यक, अवसंरचनात्मक और सामूहिक उपयोगकर्ताओं को भूजल निष्कर्षण के लिए अनापत्ति प्रमाण-पत्र (एनओसी) पंजीकरण का प्रावधान किया गया है। इसके अतिरिक्त भूगर्भ कूप निर्माण की समस्त ड्रिलिंग संस्थाओं का पंजीकरण अनिवार्य किया गया है। समस्त औद्योगिक, वाणिज्यक, अवसंरचनात्मक और सामूहिक उपयोगकर्ताओं द्वारा भूगर्भ जल का दोहन किया जा रहा है। ऑनलाइन वेब पोर्टल के माध्यम से उत्तर प्रदेश भूगर्भ जल विभाग को भूगर्भ जल प्रयोग के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) पंजीकरण के लिए तत्काल आवेदन करें। उत्तर प्रदेश भूगर्भ जल अधिनियम-2019 की धारा-39 के अन्तर्गत बिना पंजीकरण, अनापत्ति प्रमाण पत्र के भूगर्भ जल दोहन करने के लिए दोषी पाये गये व्यक्ति, समूह, संस्था को 2 से 5 लाख का जुर्माना अथवा 6 माह से 1 वर्ष तक का कारावास अथवा दोनों दण्ड निर्धारित किये गये है।

## डीएम व एसपी ने सुनी फरियादियों की जन समस्याएं

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आंनद एवं पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को थाना भरतकूप में थाना समाधान दिवस का आजोजन किया गया। थाना समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने आए हुए फरियादियों की शिकायतों को सुनकर सम्बन्धित को शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। साथ ही भूमि विवाद से सम्बन्धित प्रकरण में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम को मौके जाकर जांचकर निस्तारण कराने के लिए निर्देशित किया। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी नगर हर्ष पांडेय, थानाध्यक्ष भरतकूप सूबेदार बिंद, पीआरओ प्रदीप पाल आदि मौजूद रहे।

# बच्चों को सफलता की सीढ़ी चढ़ने में माता-पिता के साथ गुरु को भी होती है खुशी: स्वतंत्र देव

जन एक्सप्रेस। फतेहपुर

खागा, विकास खंड धाता के अढौली गांव स्थित अढौली इंटर कालेज एवं श्री बच्चूराम सिंह राम स्वरूम सिंह पीजी महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने शिरकत करते हुए अपने ओजस्वी भाषण से जहां बच्चों को सीख दिया। वहीं उन्होने पीएम के संघर्षों पर भी चर्चा किया। वार्षिकोत्सव में पूर्व प्रधानाध्यापक एवं प्रबंधक स्व. शिव प्रताप सिंह की छठवीं पुण्यतिथि भी मनाई गई। कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह का आगमन सुबह लगभग 11 बजे हुआ। उन्होंने आते ही सबसे पहले स्व. शिव प्रताप सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इंटर कालेज और महाविद्यालय के प्रधानाचार्य ने मंच पर उनका माल्यार्पण करके स्वागत किया। छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कैबिनेट मंत्री ने अपने संबोधन में बच्चों को अनुशासित बनने का पाठ पढ़ाया और आगे बढ़ने का गुरु मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि बच्चों के




कामयाब होने पर सबसे ज्यादा खुशी उनके माता-पिता और गुरु को होती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संघर्षों एवं व्यक्तित्व पर चर्चा किया। किस तरह ये प्रधानमंत्री की कुर्सी तक पहुंचें और इसके साथ पूर्व राष्ट्रपति डॉ अब्दुल कलाम के संघर्षों पर भी चर्चा किया। विद्यालय के चेयरमैन मानवेंद्र सिंह ने बताया कि यह विद्यालय गरीब व असहाय बच्चों के लिए हमेशा तत्पर है। छात्रों के शिक्षा-दीक्षा में अधिक से अधिक सुविधा प्रदान करना यही हमारी प्राथमिकता है। विद्यालय प्रबंधक प्राची सिंह ने कहा कि विद्यालय में हर वह सुविधा का ध्यान रखा जाता है जो बच्चों की शिक्षा की बेहतरी के लिए हो। प्रधानाचार्य बृजेश सिंह ने बताया कि शिक्षा व शिष्टाचार हमारी प्रथम प्राथमिकता में है। संचालन विद्यालय की छात्रा सुहानी ने किया। इसी प्रकार जनपद मुख्यालय के सरदार बल्लभ भाई पटेल प्रेक्षा गृह मे जलशक्ति मंत्री ने छात्र-छात्राओ को स्वामी विवेकान्द की तरह देश व समाज के प्रति समर्पित करने की सीख दिया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल, धाता ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि राज नारायण सिंह, पूर्व ब्लाक प्रमुख सिराथू दिलीप सिंह, सर्व समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष चंदन सिंह, अढौली महाविद्यालय के प्राचार्य मूलचंद्र पाल, संचालक सतेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## मकर संक्रान्ति पर्व में गिल्ली-डण्डे के बजाय सज रही जुआ की फड़ें

**जन एक्सप्रेस/फतेहपुर।** मकर संक्रांति का पर्व नजदीकी आते ही जुआंडियों की फड़ सजने लगी और स्थानीय थाना, चैकी की पुलिस उन जुआंडियों पर रोक लगाने की बजाय उनके माध्यम से अपनी जेब गरम करते नजर आ रहे हैं और उन्हें अभयदान देने का कार्य कर रही हैं। अब गिल्ली-डण्डा के बदले जुआ की फडे लगने लगी है। जनपद के थाना राधानगर क्षेत्र के अंतर्गत कुल्फी मोहल्ले में भी जुआंडियों की फड़ कई दिनों से सज रही है। जिसमें सूत्रों ने बताया कि 5,000 से लेकर 20,000 तक का जुआं खेला जा रहा है लेकिन थाना राधानगर की पुलिस कोई कार्यवाही नहीं कर पा रही है बल्कि कार्यवाही करने की बजाए उन्हें अभयदान देने का कार्य कर रही है। वहीं सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक हांथ से दिव्यांग व्यक्ति भी इसमें शामिल होता है और बड़े-बड़े सट्टे लगाकर रोजाना फड़ सजती है। जिससे मोहल्लेवासी काफी परेशान हैं। जहां मोहल्लेवासियों ने बताया कि इन जुआंड़ियों के कारण घर से महिलाएं तक निकलने में डर रही हैं।

# कृषि यंत्र वितरण में ई-लॉटरी प्रक्रिया से किसान चयनित

जन एक्सप्रेस। फतेहपुर

जिलाधिकारी सी. इंदुमती की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय कार्यकारी समिति द्वारा गॉधी सभागार कलक्ट्रेट में 10000 से अधिक अनुदान वाले समस्त कृषि यंत्रों-कृषि रक्षा उपकारणों के लाभार्थियों का चयन मॉकपॉल कराने के उपरान्त उपस्थित कृषकों द्वारा संतुष्ट होने के उपरान्त जिलाधिकारी की अनुमति से ई-लाटरी के माध्यम से कराया गया।

जनपद के कुल 13 विकास खण्डों में लक्ष्य के अनुरूप विकास खण्डवार विभिन्न प्रकार के कृषि यंत्रों के लिये कृषक चयन हेतु कुल 67 चक्रों में ई-लाटरी के माध्यम से चयन किया गया।

जिसमें रोटावेटर, हैरो, कल्टीवेटर, पोटैटो डिगर, कम्बाइन हार्वेस्टर, लेजर लैण्ड लेवलर, पोटैटो प्लाटन्टर, राइस मिल, कल्टीक्राप थ्रेसर, कस्टम हायरिंग सेंटर, थ्रेसिंग फ्लोर, स्माल गोदाम आदि पर अनुदान के लिये आवंटित लक्ष्य के



सापेक्ष लाभार्थियों का चयन निर्विवाद रूप से पूर्ण पारदर्शिता के साथ सम्पन्न हुआ और लक्ष्य के सापेक्ष ई-लाटरी के माध्यम से 50 प्रतिशत कृषकों की प्रतीक्षा सूची भी तैयार किया गया। मौके पर उपस्थित किसानों में से कई किसानों का चयन ई-लाटरी में होने पर प्राप्त विभागीय चयन का संदेश उनके मोबाइल पर मिलने से किसानों में खुशी का माहौल देखने को मिला। किसानों द्वारा ई-लाटरी प्रक्रिया की सराहना भी किया। कृषि विभाग द्वारा चयनित कृषकों को कृषि यंत्र मानक के अनुरूप खरीदने एवं स्थलीय सत्यापन के उपरान्त डीबीटी के माध्यम से अनुदान की धनराशि सम्बन्धित किसानों के खाते में भेजी जायेगी। इस दौरान ई-लाटरी के समय जिले के नोडल अधिकारी उप कृषि निदेशक प्रयागराज मण्डल प्रयागराज एवं समिति के सदस्य उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, एलडीएम, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, प्रगतिशील कृषक, सेल्फ हेल्प ग्रुप के प्रतिनिधि सहित विभिन्न विकास खण्डों के यंत्र बुकिंग करने वाले किसान उपस्थित रहे।

## अदालती सूचना

**कार्यालय चकबंदी अधिकारी, मानिकपुर चित्रकूट**

सम्मन/उपस्थिति हेतु सूचना
नियम 26(3), 6 (धारा 6क (2) के आधीन)

**वाद संख्या-109, गांव-गौरिया**

पक्ष अविनाश कुमार बनाम रामबोध निवासी गौरिया को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे सामने भूमि के संबंध में अधिकार और दायित्व संयुक्त जोतों का विभाजन और गाटों, पेड़ों, कुओं तथा अन्य सम्पत्तियो के मूल्य का अवधारण करने के लिए एक वाद रजिस्टर तैयार किया गया है आपको एतदद्वारा आदेश दिया जाता है कि आप 19/01/2024 को चकबंदी ऑफिस मानिकपुर में 10:00 बजे पूर्वाह्न में स्वयं या यथावत प्राधिकृत अभिकर्ता द्वारा उपस्थित हो यदि आप उपस्थित न होंगे तो तो विवाद आपकी अनुपस्थिति में निर्णीत कर दिया जाएगा।

प्रतिपक्षीगण

**1- चुनकू पुत्र छोटकू**
**2-सन्तोष पुत्र शिवमोहन**
**3-हरिमोहन पुत्र छोटकू**
**4-देवरतिया पत्नी नर्वद**
**5-राजा पुत्र छोटकू**

**समस्त निवासीगण गौरिया**

पक्षकार: अविनाश कुमार तिवारी पुत्र अशोक कुमार निवासी कौबरा

**मेरे हस्ताक्षर और कार्यालय की मोहर से दिनांक 12 /1/ 2024 को जारी किया गया है।**

**-चकबंदी अधिकारी/सहायक चकबंदी अधिकारी, मानिकपुर-चित्रकूट**

# समाधान दिवस पर डीआईजी व मंडलायुक्त ने की जनसुनवाई



जन एक्सप्रेस। बांदा

बबेरू कोतवाली पर डीआईजी व मंडलायुक्त ने पहुंचकर जनसुनवाई की, तथा मौके पर एक मामले का निस्तारण कराया और बाँकी अन्य मामलों को जांच करके निस्तारण करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। बबेरू कोतवाली परिसर पर आज शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया है, जिसमें डीआईजी अजय कुमार सिंह एवं कमिश्नर बीके त्रिपाठी ने पहुंचकर जनसुनवाई की जिसमें से कुल तीन मामले आए थे और एक मामले का मौके पर निस्तारण कराया। और दो अन्य मामलों को जांच करके एक सप्ताह के अंदर निस्तारण करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। थाना समाधान दिवस आयोजन पर बबेरू उपजिलाधिकारी नमन मेहता, पुलिस क्षेत्राधिकारी राजवीर सिंह, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजकुमार सिंह एवं राजस्व विभाग व संबंधित विभागों के अधिकारियों सहित कोतवाली का स्टाफ मौजूद रहा।

# डीएम, एसपी ने शिकायतों का किया मौके पर निस्तारण

जन एक्सप्रेस। बाँदा

थाना समाधान दिवस पर जिलाधिकारी श्रीमती दुर्गा शक्ति नागपाल व पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल द्वारा थाना कोतवाली देहात पर जनसुनवाई की गई ।डीएम एसपी ने जनता की शिकायतों को सुन उनके त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया।

थाना समाधान दिवस पर थाना कोतवाली देहात पर जमीनी विवाद संबंधित 02 शिकायतें आई जिसे संज्ञान में लेते हुए राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम बनाकर मामले के त्वरित निस्तारण के आदेश दिए गए इसी तरह अपर जिलाधिकारी व अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना



समाधान दिवस पर थाना मटौंध में की गई जनसुनवाई के उपरांत राम मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा के दृष्टिगत होने वाले कार्यक्रमों एवं आगामी त्योहारों को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए ग्राम प्रधानों, सम्भ्रांत व्यक्तियों एवं ग्राम चौकीदारों के साथ बैठक की गई। ग्राम चौकीदारों एवं जरुरतमंद को कम्बल वितरण का आयोजन किया गया। थाना समाधान दिवस पर अपर जिलाधिकारी राजेश कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक लक्ष्मी निवास मिश्र व क्षेत्राधिकारी नगर गवेन्द्र पाल गौतम द्वारा थाना मटौंध पर जनसुनवाई की। अधिकारियों ने जनता की शिकायतों को सुन उनके त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित किया।

# मवेशीबाड़े में फंदे पर लटका मिला युवक का शव

जन एक्सप्रेस। बांदा

रेस्टोरेंट कर्मचारी का शव शुक्रवार की देर शाम मवेशीबाड़े में गमछे के सहारे फंदे पर लटकता मिला। मामले का खुलासा तब हुआ जब मां मवेशी बाड़े पहुंची। बेटे का शव फंदे पर लटकता देखकर कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक के चचेरे भाई ने हत्या कर शव फंदे पर लटकाए जाने का आरोप लगाया है।

गिरवां थाना क्षेत्र के अर्जुनाह गांव निवासी अन्नू सागर (22) पुत्र श्यामलाल रेस्टोरेंट में काम करता था। शुक्रवार की शाम को संदिग्ध परिस्थितियों में युवक शव मवेशीबाड़े में गमछे के सहारे फंदे पर लटकता पाया गया। मां लीला देवी देर शाम मवेशीबाड़े पहुंची तो वहां पर बेटे का शव फंदे पर लटकता हुआ देखकर कोहराम मच गया। पड़ोसी और अन्य परिजन भी मौके पर पहुंच गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतारने के बाद पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मृतक के चचेरे भाई अनुज कुमार ने बताया कि अन्नू के पिता किसानी करते हैं। अन्नू दो भाइयों में छोटा था। रेस्टोरेंट में काम करके अपना भरण पोषण करता था। अनुज ने बताया कि जिस गमछे के सहारे अन्नू का शव फंदे पर लटकता मिला, वह गमछा भी उसका नहीं है। उसने हत्या कर शव को फंदे पर लटकाए जाने का आरोप लगाया है।

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, आसमान में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के कारण दिनांक 10 के मध्य तेज हवाओं, गरज़-चमक एवं ओलावृष्टि के साथ हल्की से मध्यम बर्षा होने की संभावना है तथा प्रातःकाल एवं रात्रि के समय शीत लहर/घने कोहरा छाये रहने के आसार है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 17.4 (-2.1)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 8.0 (+1.4)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 97 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 66 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 3.2 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# पहेवा गांव बुद्ध कथा काण्डः कोर्ट ने जमानत याचिका की खारिज तो आरोपी की पत्नी को पड़ा दिल का दौरा

**✻ डॉक्टरों ने किया मृत घोषित**

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

बीते माह साढ़ थाना क्षेत्र के पहेवा गांव में हुए बुद्ध कथा बवाल में आयोजक की तहरीर पर गांव के आठ नामजद लोगों जो जाति से ब्राह्मण थे उन पर लूट हत्या के प्रयास समेत गंभीर धाराओं में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियो को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। जिसमे एक आरोपी किन्नर दुबे भी थे, कानपुर देहात कोर्ट से जमनात न मिलने पर पत्नी के सीने में अचानक



दर्द उठा तो वहां पर मौजूद परिजन आनन फानन में कार्डियोलॉजी अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने पत्नी को मृत घोषित कर दिया।



परीजनो का आरोप है, कि उन्हे जबरन घटना में फंसाया गया है। उनका इस मामले से कोई लेना देना नही है।

पहेवा गांव में बीते दिनो हुई बुद्ध कथा बवाल मामले में आयोजक रामसागर की तहरीर पर पुलिस ने घाटमपुर विधायक पीआरओ मनीष तिवारी, चंद्रभान मिश्रा, गोलू मिश्रा, शिवम मिश्रा, जीतू मिश्रा, अरुण कोटेदार, किन्नर मिश्रा, विसंभर मिश्रा के खिलाफ़ मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने सात नामजद समेत एक शिक्षा मित्र को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। आरोपियों की शुक्रवार को कानपुर देहात कोर्ट में पेशी थी। जहां पर परिजन कोर्ट में तारीख पर पहुंचे थे, यहां सुनवाई के दौरान आरोपी किन्नर दुबे की 49 वर्षीय पत्नी वंदना के सीने में दर्द उठा। तो परिजन आनन फानन वंदना को कानपुर कार्डियोलॉजी लेकर पहुंचे जहां पर इलाज के दौरान वंदना की मौत हो गई। डॉक्टरों ने परिजनो को बताया कि वंदना हार्ट अटैक आया था। जिससे उसकी मौत हुई है। परिजन वंदना का शव लेकर गांव पहुंचे जहां पर अंतिम संस्कार की तैयारी हो रही है।

**बच्चों के सिर से उठा मां का साया, पिता जेल में**

पिता किन्नर दुबे जेल में बंद है। देर रात मां वंदना की हार्ट अटैक के बाद बेटे शिव और गोलू का रो रोकर बुरा हाल है। पिता जेल में था, तो मां दोनो बेटो का सहारा बनी हुई थी। अब मां की मौत के बाद बेटे अनाथ हो गए है

# गाय के गोबर का प्रयोग दीपक बनाने का बताया गुर



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के पशुपालन एवं दुग्ध विज्ञान विभाग द्वारा राष्ट्रीय कृषि विकास योजना कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार को गाय के गोबर का प्रयोग कर नवयुवकों को दीपक बनाना सिखाया गया। इस कार्यक्रम में पशुपालन एवं दुग्ध विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ.वेद प्रकाश ने छात्रों को गाय के गोबर से बनाए जाने वाली विभिन्न वस्तुएं जैसे दीपक, मूर्ति, लकड़ी आदि के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में डॉ.महेंद्र प्रताप सिंह यादव, सहायक प्राध्यापक डॉ.बृज पाल यादव एवं छात्र सूरज कुमार, योगेंद्र यादव, सत्यम पाल, सचिन, देवेंद्र सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# भाजपाई को बूथों पर अस्सी प्रतिशत वोट भाजपा की झोली में गिराने का मंत्र दे गए पंकज सिंह

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

केशव नगर स्थित भाजपा कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्रीय कार्यालय में उत्तर और दक्षिण जिले के अभियान संयोजकों व सह संयोजकों के साथ शनिवार को भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष, महानगर प्रभारी एवं विधानसभा सदस्य पंकज सिंह ने संयुक्त बैठक की। उन्होंने पार्टी द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न अभियानों से जुड़े पदाधिकारियों से पार्टी द्वारा चलाए जा रहे अभियानों में जुटने के निर्देश दिए। प्रदेश उपाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से संगठन के कार्य में सम्मिलित होने के बजाय कार्य के प्रति समर्पित होकर काम करने की बात कही। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में पार्टी अपने बूथ मैनेजमेंट के दम पर ही चुनाव जीती है। कार्यकर्ता बूथों पर ए, बी, सी ग्रेडिंग कर माइक्रो मैनेजमेंट करें तो अस्सी प्रतिशत वोट भाजपा की




झोली में गिरेगा।

उन्होंने बूथ सत्यापन, लाभार्थी संपर्क, नमो ऐप,पीएम स्वनिधि योजना, आयुष्मान भारत, उज्ज्वला, पीएम विश्वकर्मा योजना, निःशुल्क राशन वितरण सहित 12 योजनाओं की समीक्षा करने के साथ प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर मठ, मंदिरों में स्वच्छता अभियान, दीपोत्सव, दीवार लेखन सहित कई अभियानों की तैयारियों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी, प्रदेश, क्षेत्र, जिला एवं मंडल तक के पदाधिकारी बूथों पर नियमित प्रवास करें। लोकसभा चुनाव जीतने के खातिर बूथों पर माइक्रो मैनेजमेंट करें। उन्होंने बूथ सत्यापन अधिकारियों से 15 जनवरी तक बूथ कमेटी और पन्ना प्रमुखों का सत्यापन कर इसकी रिपोर्ट जिला कार्यालय को सौंपने की बात कही।

उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता प्रतिदिन बूथ पर मिलने वाले लाभार्थियों का नाम पता, मोबाईल नंबर और लाभार्थी योजना का नाम एक रजिस्टर में नोट करेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी व्यापारी, पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित वर्ग, प्रबुद्ध वर्ग महिला, किसान आदि सम्मेलनों के माध्यम से सभी वर्गों के बीच अपनी पकड़ मजबूत करेगी। पार्टी फरवरी माह में बूथ अध्यक्षों का सम्मेलन करेगी।

बैठक मे क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह, उत्तर जिलाध्यक्ष दीपू पांडे, राम बहादुर यादव, विनोद मिश्रा, जसविंदर सिंह, सुनील नारंग, प्रबोध मिश्रा, मनीष त्रिपाठी, संजय कटियार, राजन चौहान, वंदना गुप्ता, दिनेश राय, जगदीश तिवारी, संतोष शुक्ला, जितेंद्र शर्मा, राकेश सोनकर आदि मौजूद रहे।

**भाजपा 25 जनवरी को सभी विधानसभा क्षेत्र में करेगी नव मतदाता सम्मेलन**

जिला प्रभारी ने बताया कि पार्टी 25 जनवरी को सभी विधानसभा क्षेत्र में नव मतदाता सम्मेलन करेगी। सम्मेलन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअली संबोधित करेंगे। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में दो स्थानों पर सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक हजार से अधिक नव मतदाता सम्मेलन में भाग लेंगे। शहर के एक्सेस कॉलेज, ब्रह्मानंद डिग्री कॉलेज, जागरण कॉलेज जैना पैलेस मैदान, रामलला विद्यालय सहित 14 स्थान पर नव मतदाता सम्मेलन होंगे।

# जनता से पूछ रहे बीट अधिकारी मैं आपकी क्या सहायता कर सकता हूं







जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

शहर को अपराध और अपराधियों से मुक्त करने के लिए नवागंतुक पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने एक नयी पहल की शुरुआत की है, जन सेवा जन भागीदारी बीट पुलिस अधिकारी की जिम्मेदारी दी है। उन्होंने अपनी बीट पुलिस को एक विशेष जिम्मेदारी सौंपी है जिसमें शहर की कानून व्यवस्था को सुदृढ़ व प्रभावी बनाने के लिए बीट पुलिस ऑफिसर को कार्य में लाया जायगा। पुलिस कमिश्नर की सराहनीय पहल का असर बीते दिन शनिवार को भी देखने को मिला है, जिन पुलिस कर्मियों को बीट अधिकारी नियुक्त किया गया है, उन्होंने अपने-अपने क्षेत्र में जाकर समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्तियो जैसे ठेले वाले, पान की दुकान, गोलगप्पे बेचने वाले, रेहड़ी पटरी वालों से बातचीत कर उनका हाल जाना, बीट अधिकारी का जनता के बीच जाकर उनसे बातचीत करना जनता को बहुत अच्छा लगा है, कमिश्नर के इस प्रयास की जमकर सराहना हो रही है, शनिवार को कई क्षेत्रों में बनाए गए बीट अधिकारियों




ने जनता से पूछा मैं आपकी क्या सहायता कर सकता हूं, यह सुन जनता ने बीट अधिकारियों को धन्यवाद कहा है।

# भारतीय उधोग व्यपार मंडल की आम सभा सम्पन्न

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

भारतीय उधोग व्यापार मंडल की शनिवार को आम सभा सम्पन्न हुई, जिसमें भारतीय उधोग व्यापार मंडल के प्रदेश वरिष्ठ महामंत्री ज्ञानेश मिश्र ने सर्व सहमति से महानगर युवा इकाई में अध्यक्ष पदपर कलक्टरगंज उधोग व्यापार मंडल के अध्यक्ष व निवर्तमान युवा विरष्ठ महामंत्री आशीष मिश्र को मनोनीत किया गया।

इसी प्रकार महानगर युवा इकाई में वरिष्ठ महामंत्री के पद पर चकरपुर मंडी व्यापार मंडल के अध्यक्ष पंकज कुशवाहा व एक्सप्रेस रोड व्यापार मंडल महामंत्री सचिन त्रिवेदी को मनोनीत किया गया। कोषाध्यक्ष के पद पर निवर्तमान कोषाध्यक्ष अतुल ओमर और महामंत्री के पद पर अफीम कोठी लोहा व्यापार मंडल उपाध्क्ष मनोज विश्वकर्मा, किदवई नगर से युवा



अध्यक्ष विनायक पोददार व नौबस्ता से महामंत्री अजय शर्मा मनोनीत किए गए। तय किया गया कि 15 दिन में सभी बाजारों को जोडते हुए सम्मपूर्ण युवा कमेटी की घोषाणा की जायेगी। वही नव नियुक्त पदाधिकारियों को व्यापारियों की समस्याओं के लिए संघर्ष करने के लिए प्रशित भी किया गया। पिछले वर्ष चले श्री अन्न जागरूकता अभियान में अधिकतर आयोजनों में सहयोग के लिए ट्रक सर्विस यूनियन के महामंत्री अब्दुल वहीद व कुलीबाजार हार्डवेयर बाजार से जुड भारतीय उधोग व्यापार मंडल के संगठन मंत्री राकेश गुप्ता को पगडी, दुपट्टा व माला पहनाकर सम्मानित किया गया। वहीं 14 जनवरी सीपीसी रेलवे माल गोदान के गेट 2 पर रामोत्सव खिचडी वितरण व भगवान राम के आमंत्रण पोस्टर बांटकर हमारे व सबके राम के आयोजन की शुरूआत की जायेगी।

# बर्रा पुलिस ने लापता युवक को वाराणसी से किया बरामद



जानकारी देते हुए डीसीपी साउथ

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

शहर की थाना बर्रा पुलिस ने लापता हुए युवक को करने के बाद उनके परिजनों को सौंप दिया है, शनिवार को डीसीपी साउथ रविंद्र कुमार ने प्रेस वार्ता कर जानकारी देते हुए बताया कि थाना क्षेत्र बर्रा में निवास करने वाले आशीष शुक्ला द्वारा अपने पुत्र क्षितिज शुक्ला उम्र 19 वर्ष के बीती नौ जनवरी से गायब होने की सूचना दी गई, प्रा0पत्र के आधार पर थाना बर्रा में गुमशुदगी दर्ज़ की गई, गुमशुदगी दर्ज होने के बाद पुलिस टीम में शामिल उ.नि. सैय्यद जुबैर शरीफ, उ.नि. रवीन्द्र कुमार सिंह, उ.नि. संदीप यादव, उ.नि. जितेन्द्र चौधरी, हे.का. जितेन्द्र कुमार, का.नरेन्द्र कुमार ने वाराणसी के तुलसी घाट थाना क्षेत्र भेलूपुर से गुमशुदा क्षितिज शुक्ला को सकुशल बरामद कर लिया।

# आगामी परीक्षाओं की तिथियों में किया परिवर्तन

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय और उससे संबद्ध महाविद्यालय में 17, 22 और 27 तारीख को होने वाली परीक्षाओं की तिथियों में परिवर्तन किया गया है। परीक्षा नियंत्रक राकेश कुमार ने बताया कि 17 तारीख को गुरु गोविंद सिंह जयंती का सार्वजनिक अवकाश घोषित किए जाने और 22 जनवरी को राम जन्मभूमि परिसर स्थित मंदिर में प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के आयोजन के चलते सार्वजनिक अवकाश घोषित किए जाने पर इन परीक्षाओं की तिथि में परिवर्तन किया गया है।

# टार्जन सोनकर और उसके साथियों के खिलाफ जूही में मुकदमा दर्ज

**✻ छेड़छाड़ समेत अन्य गंभीर धाराओं में लिखा गया मुक़दमा**

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

थाना जूही में टार्जन सोनकर और उसके गैंग के अन्य सदस्यों के विरुद्ध छेड़छाड़ समेत अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है, पीड़िता ने आरोप लगाया है कि टार्जन सोनकर और उसके गैंग के अन्य सदस्यों लव कुश सोनकर शिवम सोनकर धर्मेंद्र सोनकर दीपक सोनकर अंकित सोनकर द्वारा बीती छह जनवरी को टार्जन सोनकर और अंकित सोनकर ने जबरन उसका सरेआम हाथ पकड़ छेड़छाड़ करनी शुरू कर दी पीड़िता की भाभी उसे बचाने आई तो लवकुश शिवम दीपक और धर्मेंद्र उसकी भाभी को जबरन रेलवे पटरी लाइन पर उठाकर ले जानें लगे शोर सुनने पर जब परिजन बचाने बाहर आए तो सभी दबंगों ने जमकर उसके भाई और परिजनों को मारा और जान से मारने की धमकी दी है,आरोप है कि बजरंग दल का एक नेता इन सभी को संरक्षण देता है, जूही पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# 16 फ़रवरी को पूरे भारत बंद का किया आवाहन

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

हिन्द मजदूर सभा कानपुर मंडल द्वारा पी0पी0एन मार्केट स्थित हिन्द मजदूर सभा कार्यालय के लाइब्रेरी हाल परेड बिजली घर मे मडंल अध्यक्ष तारिणी कुमार पासवान की अध्यक्षता में हिन्द मजदूर सभा के प्रांतीय महामंत्री उमाशंकर मिश्रा की उपस्थिति में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, सर्वप्रथम मंडल महामंत्री योगेश ठाकुर ने प्रान्तीय महामंत्री का स्वागत किया। उसके बाद हिन्द मजदूर सभा के राष्ट्रीय 34 वा निवार्षिक अधिवेशन 3 व 4 जनवरी 2024 को नागपुर में सफलता पूर्वक सम्पन्न होने पर सभी लोगो को बधाई दी तथा नागपुर के राष्ट्रीय अधिवेशन में राष्ट्रीय महामंत्री हरभजन सिंह द्वारा पारित प्रस्ताव 10 राष्ट्रीय फेडरेशन व दूरे भारत वर्ष के किसान यूनियनो को पूरे भारत बंद करने को लेकर 16-02-2024 पर चर्चा हुई इसके बाद यूनियन से सम्बद्ध भारतीय खाद्य



निगम श्रमिक संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री खाद्य निगम अभिक संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री व हिन्दू मजदूर सभा के प्रान्तीय उपाध्यक्ष व मंडल अध्यक्ष तारणी कुमार पासवान ने कहा कि उपरजिस्ट्रार द्वारा उनके संगठन की मान्यता पर प्रश्न चिन्ह लगा दिया गया था उसके बाद माननीय उच्च न्यायालय प्रयागराज द्वारा उस आदेश को निरस्त कर दिया गया है। उपरजिस्ट्रार के उन लोगो को जो यूनियन के प्राथमिक सदस्य तक नहीं है, उन्हें गलत तरीके से मान्यता देने का काम किया था इस सभा में प्रान्तीय महामंत्री उमाशंकर मिश्रा ने ह्क्क को लागू करन तथा 4 श्रमिक कानून कोड को खत्म करने के लिए पूरे भारत वर्ष के किसान यूनियनों के साथ मिलकर दि0 16.02-2024 को पूरे भारत बंद करने का आह्वाहन किया। इसके लिए पूरे प्रदेशमे जनजागरण का कार्यक्रम चलता रहेगा। इसके अलावा उन्होंने कहा कि कानपुर के उप-रजिस्ट्रार द्वारा भारतीय खाद्य निगम श्रमिक संगठन के महामंत्री तारिणी कुमार पासवान के साथ की गई अनियमितता के सम्बन्ध में उ. प्र के मुख्यमंत्री से वार्ताकर इन्क्वारी गठित करा दिया गया है जो चल रही है स्वागत वरिष्ठ पदाधिकारी मो. रफीक अहमद एवं आभार छविलाल यादव द्वारा किया गया इस अवसर पर गणमान्य लोग रघुवीर सिंह, वी0 के0 यादव, रामाशंकर मिश्रा, रामभरोसे, रमाशंकर कैलास पासवान, विनोद उर्फ पप्पू, जनन्नाथ, जितेश कुमार, भोला पासवान आदि लोगो उपस्थिति रहे।

**घर-घर जाकर कर रहे जागरूक**

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। ग्राम पंचायत चौबेपुर कलां के मोहल्ला ब्रह्मनगर स्थित श्री नीलकंठश्वर धाम मंदिर कमेटी सदस्यों के द्वारा जगह-जगह पर एवं घर घर में जाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है एवं अपने घर में 22 जनवरी को दीपोत्सव कार्यक्रम भी करें अपने घर में प्रभु श्री राम का एक झंडा भी लगाए 22 जनवरी को आतिशबाजी भी करें 22 जनवरी को मंदिरों में एकत्रित होकर पूजा पाठ करें कहा जा रहा है। मुख्य रूप से बृज मोहन सिंह भदौरिया मंदिर अध्यक्ष, पंडित उत्तम शुक्ला मंदिर मीडिया प्रभारी उपस्थित रहे।



# तीन दिवसीय बिठूर महोत्सव की तैयारियां शुरू




**✻ नौ फरवरी से लेकर 11 फरवरी तक चलेगा आयोजन, उत्तर देश के प्रसिद्ध उत्पादों की लगेगी प्रदर्शनी, शहर के इंटर और डिग्री कॉलेज में होंगी प्रतियोगिताए**

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

शहर के बिठूर में स्थित नाना राव स्मारक पार्क में तीन दिवसीय बिठूर महोत्सव 9 फरवरी से 11 फरवरी को होगा। इस कार्यक्रम में एक जनपद एक उत्पाद योजना के तहत उप्र के सुप्रसिद्ध उत्पादों की प्रदर्शनी लगेगी। यह जानकारी शनिवार को मुख्य विकास सुधीर कुमार द्वारा दी गई है।

उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में शहर के इंटर कॉलेज एवं डिग्री कॉलेज में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। पहली प्रतियोगिता कॉलेजों में होगी और प्रतियोगिताओं का समापन बिठूर महोत्सव में होगी। इसकी तैयारी की जा रही है। बिठूर महोत्सव का भव्य आयोजन करने के लिये एक जनपद एक उत्पाद योजना के अन्तर्गत विभिन्न जनपदों के प्रसिद्ध उत्पादों की प्रदर्शनी, सरकार की विभिन्न लाभकारी योजनाओं की प्रदर्शनी, फूट कोर्ट, किड्स प्ले जोन एवं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कराया जाएगा। हालांकि अभी तैयारी के स्तर पर महोत्सव के कार्यों को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध सुनिश्चित करने हेतु कार्य और विभिन्न समितियों का गठन,

महोत्सव के तैयार किये गये लेआउट की अग्निशमन विभाग से एन.ओ.सी. प्राप्त की जाये। महोत्सव के कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा विचार विमर्श तेजी से किया जा रहा है। महोत्सव के कार्यो को सुनिश्चित कराने हेतु समस्त औपचारिकता पूर्ण करते हुये समय से टेंडर करा लिया जाएगा।

# अराजक तत्वों ने खोद डाला पातालेश्वर महादेव मंदिर का गर्भगृह

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

शहर के घाटमपुर क्षेत्र में खजाने के लालच में अराजक तत्वों ने शिव मंदिर का गर्भगृह खोद डाला, मंदिर में सुबह पूजा करने पहुंचे भक्तो ने जब मंदिर के अंदर शिवलिंग के आस पास खुदा हुआ देखा तो इस मामले की जानकारी पुलिस को को दी। जानकारी मिलते ही एसीपी घाटमपुर ने मौके पर पहुंचते हुए लोगो से जानकारी हासिल कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक घाटमपुर कोतवाली क्षेत्र के फरीदपुर गांव में गांव के किनारे प्राचीन पातालेश्वर महादेव मंदिर स्थित है। यहां पर देर रात आए अराजक तत्वों ने खजाने के लालच में रात भर मंदिर के गर्भ गृह में खुदाई की,चर्चा है कि खजाने के लालच में अराजक तत्वों ने मंदिर के गर्भ गृह को लगभग छह फुट गहरा खोद डाला। गनीमत रही कि खुदाई के दौरान यहां पर शिवलिंग और नंदी जी की प्रतिमा सुरक्षित रही, जिसके



चलते ग्रामीणों में माहौल शांत बना हुआ है।वही ग्रामीणों में चर्चा है कि मंदिर में खुदाई के दौरान अराजक तत्व खजाना अपने साथ ले गए हैं यह बात क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। सुबह ग्रामीण जब मंदिर में पूजा करने पहुंचे तब उन्होंने मंदिर का गर्भ गृह को खुदा हुआ पड़ा देखा। मामले की जानकारी होते ही यह बात पूरे गांव में आग की तरह फैल गई।वही धीरे धीरे ग्रामीणों की भीड़ जुटना शुरू हो गई। वही ग्रामीणों ने इस मामले की जानकारी पुलिस को दी। जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। घटना की जानकारी मिलते ही घाटमपुर एसीपी रंजीत कुमार सिंह ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों से घटना की जानकारी जुटाई है, ग्रामीणों ने एसीपी घाटमपुर को बताया कि धन के लालच में मंदिर के गर्भ गृह को अराजक तत्वों ने रात में खोद डाला है। जिसके बाद अराजक तत्व यहां से मिला हुआ खजाना लेकर भाग गए है। घाटमपुर एसीपी रंजीत कुमार ने बताया की घटना की जांच पड़ताल की जा रही है।

**हिमांशु यादव को कांग्रेस पिछड़ा वर्ग का बनाया गया अध्यक्ष**

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रदेश अध्यक्ष मनोज यादव द्वारा कानपुर नगर ग्रामीण कांग्रेस पिछड़ा वर्ग के जिलाध्यक्ष के पद पर हिमांशु यादव को मनोनीत किया है। इस पद के लिए मनोज यादव द्वारा बताया गया कि हिमांशु छात्र राजनीति से निकला हुआ नया और युवा चेहरा है जो युवाओं के लिए प्रेरणा की तरह होगा और कांग्रेस ग्रामीण शाखा को मजबूती प्रदान करेगा। इस अवसर पर मोनू शुक्ला, अनिल राजपूत, तौसीफ, नंदराम सोनकर, रामजी आदि कांग्रेसीजनों ने हिमांशु कश्यप का स्वागत कर उन्हे शुभकामनायें दी है।



# साहब ! यहां साप्ताहिक बंदी बेअसर

* श्रम विभाग व व्यापार मंडल का यहां नहीं रखता कोई माइने आदेश को ठेंगा दिखाकर साप्ताहिकी वाले दिन दनादन खुल जाते हैं ताले



जन एक्सप्रेस। बाजार शुक्ल, अमेठी

कस्बे में सप्ताहिक बंदी का कोई असर नहीं रहता है।शनिवार को सप्ताहिक बंदी के होने के बावजूद सुबह से देर शाम तक दुकानें खुली देखी जा सकती है। प्रत्येक शनिवार को दुकाने खुली होने के कारण श्रम कानून का खुल्लम खुल्ला उल्लंघन दिखाई पड़ता है। सप्ताहिकी बंदी को लेकर जिम्मेदारों द्वारा अनदेखी की जा रही है। शनिवार को कस्बे में सप्ताहिक बंदी होती है लेकिन क्षेत्र में छोटे बड़े चौराहों पर सप्ताहिक बंदी का कोई असर नहीं दिखाई पड़ता है।लगातार सप्ताहिक बंदी के दिन भी दुकानें खुली देखी जाती है।दुकानदार अपनी बिक्री करने में मशगूल वहीं पर दुकानों में लगे वर्कर भी पूरे सप्ताह परिश्रम करते देखे जाते हैं। जिसके चलते श्रम कानून का खुल्लम खुल्ला उल्लंघन दिखाई पड़ता है। क्षेत्र के पांडेगंज जैनामगंज ऊंचगांव ठाकुरगंज महोना किशनी सहित अधिकांश स्थानों पर दुकाने सप्ताहिक बंदी शनिवार को भी खुली रहती है।

### क्या कहते क्षेत्र के छोटे दुकानदार

इस संबंध में क्षेत्र के छोटे दुकानदारों से बात साझा की गई बताया कि जब अधिकारी कड़ाई नहीं करते तो दुकानदार दुकानें खोलेंगे ही उसने बताया कि एक दुकान खुलती है तो उसके देखते दूसरे दुकान खुलती है। इस तरह धीरे-धीरे कर पूरे कस्बे की दुकानें खुल जाती है।शनिवार को भी बाजार का दिन जैसा माहौल दिखाई देता है। वही एक ग्राहक ने कहा कि अन्य दिनों की तरह शनिवार को भी पूरा सामान दुकानों में मिलता है। हालांकि सप्ताहिक बंदी शनिवार को पूरी तरह से दुकानें बंद होनी चाहिए। जिम्मेदारों के उदासीनता के चलते दुकानें खुली देखी जाती हैं। सप्ताह बंदी के दिन दुकानों का खुलना दर्शाता है श्रम विभाग की धमक व्यापारियों तक नहीं पहुंच पाती।जहां श्रम कानून का खुल्लम खुल्ला उल्लंघन दिखाई पड़ता है।

# संघ कार्यालय पहुंची स्मृति ईरानी, सुनी फरियाद

जन एक्सप्रेस। अमेठी




अपने संसदीय क्षेत्र अमेठी दौरे के दूसरे दिन केंद्रीय मंत्री व सांसद अमेठी स्मृति ईरानी शनिवार को संघ कार्यालय वंशीधर धर्मशाला स्टेशन रोड अमेठी पहुंची। इस अवसर पर पूर्व निदेशक उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण एव श्रम विकास सहकारी संघ लिमिटेड लखनऊ देव नारायण तिवारी, सह खण्ड संघ चालक रघुवंश द्विवेदी, विभाग कार्यवाहक अम्बिका प्रसाद पाण्डेय, भाजपा जिलाध्यक्ष राम प्रसाद मिश्र, भाजपा किसान भारतीय जनता पार्टी मण्डल अध्यक्ष अजय कुमार तिवारी, आदि मौजूद रहे। स्मृति ईरानी और सह विभाग प्रचारक ओम प्रकाश के बीच चन्द समय बात हुई। इसके बाद भाजपा नेताओ ने फरियाद लेकर मुलाकात की।

तारापुर के सुरेश कुमार सिंह ने मिसरौली रेलवे-स्टेशन के समीप रेलवे क्रासिंग पश्चिम क्रासिंग की मांग उठाई। शहर की यशोदा गुप्ता पत्नी कालिका प्रसाद गुप्ता ने सांसद से विधवा पेशन और आवास की मांग किया। इस मौके पर भाजपा नेताओ के हाथ फरियाद से लबालब दिखे। सरकार के लाख प्रयास के बाद फरियाद कम नहीं हो रही है। सांसद ने एसडीएम अमेठी प्रीती तिवारी से संबाद किया। पूर्व निदेशक देव नारायण तिवारी से केंद्रीय मंत्री ईरानी ने गुफ्तगू किया। पुलिस उपाधीक्षक ललन सिंह, प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली अरुण कुमार द्विवेदी मौके पर मौजूद रहे।

जाते-जाते स्मृति ईरानी ने उप जिलाधिकारी अमेठी प्रीती तिवारी से जल निकास नाले की जांच पड़ताल कर रिपोर्ट तलब करने की बात कही। स्टेशन रोड पर आवारा पशुओ का झुंड पडाव डाल रखा था। स्कार्ट के ठहराव के दौरान पुलिस आवारा पशुओ को सहेजती नजर आयी।

# जरूरतमंदों को कंबल वितरण कर मनाया गया प्रियंका गांधी का जन्म दिवस

**जन एक्सप्रेस/नसीराबाद, रायबरेली।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा जी का जन्मदिन मनाया गया और एक दूसरे को लड्डू खिलाकर खुशी जाहिर की गई इस अवसर पर कांग्रेस शीर्ष नेतृत्व द्वारा कंबल भेजा गया जिसमे सैकड़ों लोगों को ठंड से बचाव के लिए कंबल वितरित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ कांग्रेसी नेता डॉ. श्याम सुन्दर तिवारी जी सोशल मीडिया से अमित पाण्डेय जिला सचिव तुलसीराम पासी जी नगर अध्यक्ष अरविंद मौर्या नगर उपाध्यक्ष अरविंद जायसवाल वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मो शरीफ मो नबी कुल्लन सत्यम पाण्डेय कामता प्रसाद मौर्या कृष्णा गौतम दीपांसु चौरसिया अभिजीत पासी आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गैंगेस्टर विनोद एनकाउंटर की मजिस्ट्रीयल जांच शुरू, कांग्रेस ने एनकाउंटर को बताया था फर्जी

जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर

गोरखपुर के गैंगेस्टर विनोद उपाध्याय एसटीएफ की मुठभेड़ में ढेर हो गया। उसकी मौत पर बीते दिनों कांग्रेस ने सवाल उठाए और इनकाउंटर को फर्जी बताया। ऐसे में डीएम कृतिका ज्योत्सना ने मजिस्ट्रैटियल जांच के आदेश दे दिए हैं। एसडीएम लंभुआ ने इस मामले की जांच शुरू करते हुए बयान दर्ज कराने के लिए नोटिस जारी किया है।

एसडीएम लंभुआ दीपक वर्मा ने डीएम के पत्रांक संख्या 632/जे.ए.-मजिस्ट्रेट जांच का हवाला देते हुए कहा है कि फैजाबाद जिले के महाराजगंज थाना अंतर्गत उपाध्याय का पुरवा मया बाजार भुईया निवासी एक लाख का इनामी विनोद उपाध्याय गोरखपुर एसटीएफ की मुठभेड़ में घायल हुआ। जिसने जिला चिकित्सालय में इलाज के दौरान दम तोड़ा। उसके विरुद्ध कोतवाली देहात थाने में मुकदमा दर्ज हुआ था। इस मामले में जिस व्यक्ति, अधिकारी व कर्मचारी को अपना बयान दर्ज कराना हो वो 20 जनवरी तक हमारी कोर्ट में आकर बयान दर्ज करा सकता है। बता दें कि बीते मंगलवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने प्रेस कांफ्रेंस करके इनकाउंटर में मारे गए विनोद उपाध्याय की मौत पर सवाल खड़े किए थे। उन्होंने इनकाउंटर को फर्जी बताया था। आपको बता दें कि 5 जनवरी के तड़के कोतवाली देहात के हनुमानगंज में एसटीएफ ने 20 मिनट की मुठभेड़ में बदमाश विनोद उपाध्याय को धर दबोचा था। उसे टीम अस्पताल लेकर पहुंची थी जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हुई थी। करीब 16 घंटे बाद उसका पोस्टमार्टम हुआ। उसके भाई को शव दिया गया था।

# शादी का दबाव बनाने पर ईंट से कुचलकर हुई थी कोमल की हत्या, तीन साल तक चले अफेयर का हुआ दर्दनाक अंत

जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर



**कोमल** ने तीन साल तक जिस **अंकुर** नामी प्रेमी को चाहा उसी ने उसकी लाइफ का दर्दनाक अंत किया। ईंट से उसका चेहरा कुचला और फिर गला दबाकर उसे मौत के घाट उतार दिया। अंकुर ने प्रेमिका के साथ ऐसा इसलिए किया कि वो उस पर शादी का दबाव बना रही थी। पुलिस ने सर्विलांस के जरिए आरोपी को गिरफ्तार किया है। कोतवाली देहात थाने के चकरपुर गांव में बुधवार सुबह सरसों के खेत में गांव निवासी राम कैलाश की पुत्री कोमल (20) का शव पाया गया था।

अगले दिन मृतका के पिता राम कैलाश की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया। पोस्टमार्टम में कोमल का चेहरा ईंट से कुचला हुआ पाया गया था। शुक्रवार को कोतवाली देहात पुलिस ने सर्विलांस की मदद से मृतका के मोबाइल की डिटेल खंगाली। मिली जानकारी पर पुलिस ने चकरपुर गांव के ही आरोपी अंकुर कोरी को शुक्रवार शाम लोहरामऊ बाईपास के पास से गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी अंकुर ने पुलिस को बताया कि उसका तीन वर्ष से गांव की कोमल के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। कोमल उस पर शादी करने का दबाव बना रही थी। हमने मंगलवार रात कोमल को बाग में मिलने के लिए बुलाया था। वहां हम दोनों में इसी बात को लेकर विवाद हुआ। बताते चलें कोमल 4 भाई और 2 बहन में चौथे नंबर पर थी। उसने कक्षा आठ पास कर रखा था और मोदी केयर कंपनी में बतौर सेल्समैन नौकरी करती थी। वही अंकुर चार भाई बहन में सबसे बड़ा था। उसने इंटर पास कर रखा है और वो भी सेल्समैन का काम एक कंपनी में करता था। करीब साल भर पहले कंपनी बंद हो गई तो वो घर पर ही रहकर खेती किसानी करने लगा। एसएचओ श्याम सुंदर ने बताया कि आरोपी ने पड़ताल में बताया कि तीन सालों से कोमल व अंकुर में प्रेम प्रसंग चल रहा था।

इस बीच कई बार दोनों पास के ही एक बगीचे में मिलने पहुंचे जहां लोगों ने देखा तो दोनों के घरों में शिकायत किया। इस पर अंकुर की मां एक बार शिकायत लेकर कोमल के घर गई कि या तो अपनी बेटी को मना कर लो या शादी कर लो। ऐसे दोनों परिवार की बदनामी हो रही। कोमल के परिवार ने बेटी को रोकने की बात कहकर शादी से इनकार कर दिया। बावजूद इसके दोनों चोरी चुपके मिलते रहे। इस बीच अंकुर की शादी तय हो गई। मई में उसकी शादी होना थी। इसकी खबर जब कोमल को हुई तो वो शादी का दबाव बनाने लगी। अंकुर ने उसे कई बार समझाया लेकिन वो साथ जीने मरने की बात कहकर शादी का दबाव बनाने लगी। ऐसे में रास्ते का कांटा हटाने के लिए मंगलवार रात करीब एक बजे के आसपास फोन कर उसने कोमल को बाग में बुलाया। वहां दोनों में नोक झोंक हुई बात बढ़ी तो पहले अंकुर ने कोमल का गला दबाया फिर पास पड़े पत्थर से सिर पर प्रहार कर उसे मौत के घाट उतार कर लाश को खेत में फेंक दिया और मृतका का मोबाइल व सिर में मारी गई ईंट को आरोपी ने जमीन में गाड़ दिया कर फरार हो गया।

प्रभारी निरीक्षक कोतवाली देहात श्याम सुंदर ने बताया कि हत्यारोपी की निशानदेही पर मृतका का मोबाइल व ईंट बरामद की गई है। उसके खिलाफ अन्य विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# दिव्यांग रीशा वर्मा रामभद्राचार्य यूनिवर्सिटी कार्य परिषद की सदस्य बनी

जन एक्सप्रेस। सुलतानपुर



दुबेपुर के भाईं अमेठा गांव में मानसिक दिव्यांग विद्यालय चलाने वाली रीशा वर्मा को शासन ने चित्रकूट स्थित जगदगुरु राम भद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय में कार्य परिषद सदस्य नामित किया है। दिव्यांजन शाक्तिकरण अनुभाग के प्रमुख सचिव सुभाष चंद्र शर्मा द्वारा जारी प्रपत्र में स्पष्ट किया गया है कि स्वशासी विश्वविद्यालय की कार्य समिति में नियमानुसार तीन सामाजिक ख्याति प्राप्त व्यक्तिओं को सरकार नामित करती है। इसी अनुक्रम में ग्रेटर नोएडा के डॉ रमेश कुमार, चित्रकूट के रमेश मिश्रा, सुलतानपुर जिले की रीशा वर्मा को कार्य परिषद सदस्य नामित किया गया है। रीशा वर्मा भाईं गांव की पूर्व प्रधान व वर्तमान में राज्य महिला कल्याण समिति की सदस्य भी है। ये खुद दिव्यांग है और विद्यालय के साथ दिव्यांग खेलकूद का आयोजन भी करती है। उनके मनोनयन पर जिलेवासियों, अंकुरण फाउंडेशन, धन धन गुरु लंगर सेवा समिति भारत विकास परीषद, जनकल्याण समिति आदि ने प्रसन्नता जताई है।

# थाना दिवस पर जिलाधिकारी ने सुनीं लोगों की समस्याएं

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने थाना समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल के साथ थाना भदोखर व हरचंदपुर में लोगों की समस्याएं सुनीं। शिकायतें सुनते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि लोगों की समस्याओं का समय से निस्तारण कराया जाए। जिससे की उन्हें बार-बार थाने में ना आना पड़े। साथ ही महिलाओं और बच्चों से संबंधित मामलों में शीघ्र कार्रवाई की जाए। जिलाधिकारी के सामने भूमि विवाद, आपसी मारपीट से संबंधित अधिक मामले आए। उन्होंने कहा कि भूमि विवाद से संबंधित समस्याओं का निपटारा करते समय पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम मिलकर मामले की जांच करें। उसके उपरांत ही कोई निर्णय लिया जाए। ऐसे मामलों में दोनों पक्षों की बातें अवश्य सुनी जाए। इसके अवसर पर पुलिस विभाग के साथ राजस्व विभाग की भी टीम उपस्थित रही।

# रंजिश का बदला लेने के लिए पड़ोसी ने मुर्गियों को दिया जहर

## पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मृत मुर्गियों का कराया पीएम

जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर



पड़ोसी से रंजिश का बदला लेने के लिए पड़ोसी इस हद तक गिर गया कि उसने मुर्गियों को जहर दे दिया। एक-एक कर पांच मुर्गियां तड़पकर मर गई। पीड़ित मरी हुई सभी मुर्गियों को लेकर थाने आया और रिपोर्ट दर्ज कराया है। पुलिस ने मुर्गियों के पोस्टमार्टम की कार्रवाई को पूरा करा लिया है।

ये मामला पशु प्रेमी सांसद मेनका गांधी के संसदीय क्षेत्र सुल्तानपुर के गोसाईगंज थाना अंतर्गत जोली मीरगंज का है। यहां के निवासी मसीउद्दीन उर्फ मस्सू मुंबई में रहकर बिजली मिस्त्री का काम करते थे। उम्र ढली तो वो घर आ गए। यहां वे बिजली का इधर-उधर काम करते और घर पर रहकर खेती-किसानी करने लगे। उन्होंने कुछ मुर्गियां पाल रखा था।

मसीउद्दीन उर्फ मस्सू ने बताया कि पड़ोसी इसराईल पुत्र जमा से उनकी पुरानी रंजिश चली आ रही है। आरोप है कि दो दिन पूर्व इसराईल ने अपने खेत में जहर डाला और बगल में मसीउद्दीन की बाग थी जहां उसकी मुर्गियां दाना चुन रही थी। इसराईल ने बाग में भी जहर डाल दिया। जिसे खाते ही सात में पांच मुर्गियों ने तड़पकर दम तोड़ दिया। इस पर नाराज होकर पीड़ित ने मृत हो गई सभी मुर्गियों को साइकिल के कैरियर पर बांधा और गोसाईगंज थाने लेकर पहुंच गए। उन्होंने पुलिस में तहरीर दिया। जहां पुलिस ने नामजद केस दर्ज किया। वही कल पुलिस द्वारा पशु चिकित्सक की टीम बुलाकर मुर्गियों का पोस्टमार्टम कराया गया।

वहीं इस मामले में इसराईल का कहना है कि मसीउद्दीन के घर के ठीक पीछे हमारा खेत है। हमने अपने खेत में खाद डाला था। जहां उसकी मुर्गियां पहुंची और उन्होंने खाद के अंश खा लिए होंगे हमने जान बूझ कर नहीं मारा।

इस मामले में थानाध्यक्ष गोसाईगंज धीरज कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा कायम कर लिया गया है। मुर्गियों का पोस्टमार्टम करा लिया गया है अभी रिपोर्ट नहीं मिली है। शांति भंग में आरोपी का चालान किया गया है। जांच के बाद अन्य विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# प्यार के चंगुल में फंसा कर नाबालिग लड़की को सुल्तानपुर बुलाना युवक को पड़ा महंगा, लड़की व आरोपी युवक को पूछताछ के लिए साथ ले गई राजस्थान पुलिस



जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर

पब्जी पर राजस्थान की एक नाबालिग लड़की से दोस्ती कर उसे प्यार के चंगुल में फंसाकर सुल्तानपुर बुलाने वाले युवक को महंगा पड़ा है। सर्विलांस टीम के जरिए राजस्थान पुलिस ने सीओ सिटी शिवम मिश्रा से संपर्क किया और आज राजस्थान पुलिस लड़की व आरोपी युवक को पूछताछ के लिए साथ लेकर गई है।

कोतवाली नगर थाना क्षेत्र के बहादुरपुर क्षेत्र का निवासी नवाब अली (21) पुत्र बब्बन अली का राजस्थान के चूरू जिले के महेश्वरी थाने के एक गांव की नाबालिग लड़की से पब्जी खेलते हुए संपर्क हो गया। थोड़े समय बातचीत चली और कहानी प्रेम-प्रसंग में बदल गई। युवक ने नाबालिग को प्यार का झांसा दिया और नाबालिग लड़की घर त्याग कर ट्रेन से राजस्थान से सुल्तानपुर पहुंच गई। यहां उसे नवाब ने स्टेशन से रिसीव किया और अपने घर ले पहुंचा। लेकिन उधर परिवार वालों की शिकायत पर अपहरण का नामजद मुकदमा दर्जकर राजस्थान पुलिस ने सर्विलांस से ट्रेसिंग शुरू कर दिया। पुलिस ने सुल्तानपुर सीओ सिटी शिवम मिश्रा को घटना से अवगत कराया। इस पर सीओ अपनी टीम लेकर आरोपी के घर पहुंचे। किसी भी अनहोनी से पहले लड़की को सकुशल बरामद कर राजस्थान पुलिस को सूचना दिया। इधर लड़की महिला पुलिस की कस्टडी में रही। सीओ शिवम मिश्रा ने बताया कि आज राजस्थान पुलिस की टीम लड़की व आरोपी युवक को साथ लेकर गई है।

# गांधी परिवार ने देश के लोकतंत्र को अपने खून से सींचा: सुशील पासी

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष/प्रवक्ता सुशील पासी नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रियंका गांधी का जन्मदिन केक काटकर एवं एक-दूसरे का मुँह मीठा कर मनाया।

इस अवसर पर उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए श्री पासी ने कहा कि त्याग, तपस्या और बलिदान का स्पष्ट उदाहरण गांधी परिवार में देखने को मिलता है। श्री पासी ने कहा कि जिन्हें अपमानित करने का कार्य कुछ तथाकथित लोग कर रहे हैं, उन्हें शायद यह नहीं पता कि इसी गांधी परिवार ने देश के लोकतंत्र को अपने खून से सींचा है। नगर पालिका परिषद के चेयरमैन शत्रोहन सोनकर ने कहा कि प्रियंका गांधी एक अद्वितीय व्यक्तित्व हैं और अक्सर प्रियंका गांधी की तुलना उनकी दादी पूर्व प्रधानमन्त्री स्व0 इन्दिरा गांधी से की जाती है। प्रियंका जी ने अपना पहला भाषण मात्र 16 साल की उम्र में ही दिया था, जिससे यह स्पष्ट प्रतीत होता है कि उनके अंदर नेता की गुणवत्ता अंतर्निर्मित है और वंशानुगत है। श्री सोनकर ने बताया कि प्रियंका जी एक बहुत ही अच्छी आर्गेनाइजर है।

# खून देने से जो खुशी मिलती है उसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता है: अलमदार

जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर




इमाम मोहम्मद बाकिर अलै. के जन्मदिन के अवसर पर शियाने हैदर-ए-करार वेलफेयर एसोसिएशन के युवाओं ने रक्तदान किया। जरूरतमंदों को खून देने पर जो खुशी मिलती है उसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता, किसी तरह हमारा रक्त किसी की जिंदगी बचाने में काम आ जाये तो हमे बहुत खुशी मिलती है। किसी को जब रक्त की आवश्यकता होती है तो उसे महत्व का पता चलता है, खून के अभाव में ना जाने कितने लोग दम तोड़ देते हैं। अलमदार हुसैन ने बताया शियाने हैदर-ए-करार वेलफेयर एसोसिएशन की तरफ से 13 जनवरी इमाम मोहम्मद बाक़ीर अलैहिस्सलाम के जन्म दिन के मौके पर संगठन ने जिला चिकित्सालय ब्लड़बैंक में कैंप लगाकर किया रक्तदान। उन्होंने बताया कि संस्था साल भर समाजसेवा में काम करती रहती है, संस्था द्वारा गरीब बच्चियों की शादी, जरूरतमंदों को भोजन, कंबल, गर्मियों में पौशाला लगाकर अवाम की सेवा करती रहती है। इस औसर पर ब्लड बैंक प्रभारी डॉ.आरके मिश्रा ब्लड बैंक कर्मियों में विजय चौधरी, अवनीश शाह, अनुराग गुप्ता, देवलाल, अनुराग पांडेय, रंजना कुमारी, कुलदीप, शमशाद बाबा मौजूद रहे।

# लोहरी के साथ शुरू हुआ मकर संक्रांति एवं पोंगल का त्योहार

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल त्रिपुला, रायबरेली में लोहरी, पोंगल एवं मकर संक्रान्ति का त्योहार हर्षपूर्ण वातावरण में मनाया गया। विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में लोहरी, पोंगल एवं मकर संक्रांति त्योहारों के विभिन्न दृश्यों को दर्शाया गया। कार्यक्रम की श्रृंखला में विद्यालय की छात्रा उन्नति ने लोहरी, पोंगल एवं मकर संक्रांति पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि पौराणिक मान्यता के अनुसार जब सूर्य मकर राशि में प्रवेश करता हैं तो मकर संक्रांति का यह पावन पर्व मनाया जाता है। इस दिन पवित्र नदियों में स्नान करके दान देने का भी विधान है। इसी क्रम में ही विद्यालय की छात्रा अनुष्का ने 'दिल की पतंग उड़ि-उड़ि जाय' गीत के माध्यम से कार्यक्रम में चार चाँद लगा दिया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने अपने उद्बोधन में बताया कि लोहरी और पोंगल विशेष रूप से पंजाब और दक्षिण भारत में मनाए जाने वाले त्योहार हैं, जिनमें प्रकृति पूजा के साथ-साथ अपनी नई फसलों को स्वस्थ एवं संवधिर्त रहने की कामना की जाती है। पोंगल का त्योहार चार दिवसीय होता है, जिसमें प्रथम दिन अर्थात 14 जनवरी को भोगी पोंगल, 15 जनवरी को सूर्य पोंगल, 16 जनवरी को मट्टू पोंगल और 17 जनवरी को कानुम पोंगल के नाम से जाना जाता है। एक ओर जहाँ प्रकृति के तत्व सूर्य, मेघ, पृथ्वी, मवेशी सहित इन्द्र, चन्द्र आदि देवता हमारे जीवन को संचालित करने के लिए निरंतर फसलों को संवधिर्त एवं पुष्ट करते हैं।

# 14 जनवरी से 22 जनवरी तक मंदिरों में चलने वाले कार्यक्रमों के लिए जिलाधिकारी ने की बैठक

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

श्री राम मंदिर अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के अवसर पर जनपद में उत्तरायण मकर संक्रांति यानी 14 जनवरी से 22 जनवरी 2024 तक समस्त श्री राम मंदिरों, हनुमान मंदिरों, वाल्मीकि मंदिरों आदि में राम कथा, रामायण पाठ, भजन कीर्तन कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर जिला अधिकारी हर्षिता माथुर ने बचत भवन सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक की। जिलाधिकारी ने बताया कि वाल्मीकि द्वारा रचित विश्व प्रसिद्ध रामायण महाकाव्य की रचना श्री राम जी की जीवन गाथा पर आधारित है। इस महाकाव्य में श्री राम जी के नैतिक,सामाजिक एवं मानव मूल्यों की स्थापना का आदर्श प्रस्तुत किया गया है। जो वर्तमान में अत्यधिक प्रासंगिक एवं महत्वपूर्ण है। इस विश्व प्रसिद्ध अमृत धरोहर का संरक्षण एवं जनमानस तक इसकी जानकारी पहुंचना हम सबका दायित्व है। इसी के दृष्टिगत वाल्मीकि रामायण में उल्लेखित श्री राम जी के आदर्श, मानव मूल्यो, सामाजिक मूल्यों का व्यापक प्रचार प्रसार कर जनमानस को इस अभियान से जोड़ा जाए। इस अवसर पर मंदिरों में दीप प्रज्वलन, दीपदान के साथ-साथ राम कथा प्रवचन, अनवरत रामायण रामचरित मानस का पाठ, सुंदरकांड कार्यक्रम आयोजित किए जाएं एवं नगर निकायों में संकीर्तनों का आयोजन किया जाए । इसमें स्थानीय भजन कीर्तन मंडलियों को सम्मिलित करते हुए नगरों में राम मंदिर हनुमान मंदिर और वाल्मीकि मंदिर में भजन कीर्तन का आयोजन किया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि कार्यक्रम से पूर्व मंदिरों का चयन कर लिया जाए तथा प्रत्येक आयोजन स्थल पर साफ-सफाई, पेयजल, सुरक्षा, दरी बिछावन, ध्वनि प्रकाश, सूक्ष्म जलपान आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कर ली जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि इसी दिन से मकर संक्रांति के अवसर पर गंगा स्नान पर्व भी मनाया जाएगा।

इसलिए सभी उप जिला अधिकारी और खंड विकास अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में स्नान घाटों पर बैरिकेटिंग का कार्य अवश्य करा ले। बैरिकेटिंग करते समय जाली का प्रयोग किया जाए। साथ ही सभी घाटों पर साफ सफाई, सुरक्षा और प्रकाश की व्यवस्था रखी जाए। स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिया।

## निषाद पार्टी के स्थापना दिवस कार्यक्रम में आरक्षण पर हंगामा, 69000 शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थियों ने मांगी नौकरी

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

निषाद पार्टी के 11वें स्थापना दिवस पर लखनऊ में आरक्षण को लेकर जमकर हंगामा हुआ। पार्टी के नेता भाषण दे रहे थे, इसी बीच 69000 शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थी वहां पहुंच गए और उन्होंने जमकर नारेबाजी की। मंत्री आशीष सिंह पटेल, ओमप्रकाश राजभर ने समस्याओं को दूर करने की बात कही, लेकिन अभ्यर्थी आरक्षण को लेकर प्रदर्शन करते रहे। हाथों में पोस्टर-बैनर लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। सरकार से शिक्षक भर्ती की मांग की। निषाद पार्टी ने स्थापना दिवस के जरिए लोकसभा चुनाव से पहले अपनी ताकत दिखाने की कोशिश। रमाबाई अंबेडकर मैदान में 2 लाख लोगों की भीड़ जुटाने का दावा किया, लेकिन कार्यक्रम के दौरान अधिकतर कुर्सियां खाली ही रहीं। हालात यह रहा कि भाजपा नेताओं के साथ कार्यक्रम में पहुंचे कार्यकर्ताओं को खाली कुर्सियों पर बैठाया गया। इस संकल्प रैली में केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, सुहेलदेव देव समाज पार्टी के अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर, मंत्री आशीष पटेल सहित कई प्रमूख नेता जनसभा को संबोधित करने पहुंचे। लेकिन अभ्यर्थी का प्रदर्शन देख जल्द ही मंच से उतर गए और चले गए। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद ने कहा- मोदी सरकार में मछुआ समाज का सबसे ज्यादा विकास हुआ है। पहले वे सरकारी योजनाओं से वंचित रह जाते थे, लेकिन जब से मोदी-योगी की सरकार बनी है तब से मछुआ समाज लगातार तरक्की कर रहा है। पहले की सरकार जाति और मजहब देखकर लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिया करती थी लेकिन भाजपा सरकार बिना किसी भेदभाव के काम कर रही है। भाजपा ने 2019 में निषाद पार्टी को गले लगाया था, हम लोगों ने संकल्प लिया है कि मोदी को फिर से गद्दी पर बैठाएंगे।



### 69000 शिक्षक भर्ती: नियुक्ति की मांग को लेकर अभ्यर्थियों ने सीएम आवास के सामने किया प्रदर्शन, पुलिस ने हटाया

69000 शिक्षक भर्ती में 6800 अभ्यर्थियों की सूची जारी की गई थी। इस सूची के अभ्यर्थियों को नियुक्ति नहीं मिल पा रही है। इसके लिए वह लंबे समय से ईको गार्डेन में धरने पर बैठे हैं। इसी क्रम में शनिवार सुबह काफी संख्या में अभ्यर्थी सीएम आवास के सामने धरने पर बैठ गए। पहले पुलिस ने उन्हें समझाने की कोशिश की और बाद में जबरदस्ती बस में भरकर ईको गार्डेन भेज दिया। जबकि इनका नेतृत्व कर रहे विजय यादव समेत पांच युवाओं का प्रतिनिधिमंडल सीएम आवास पर बैठा रहा। यह लोग सीएम से मिलने की मांग पर अड़े हैं। उनका कहना है कि एक बार सीएम से मुलाकात हो जाए ताकि आगे के निर्णय से अवगत हो सकें। बता दें कि यह अभ्यर्थी कई बार मुख्यमंत्री और बेसिक शिक्षा मंत्री के आवास का घेराव कर चुके हैं।

### मछुआ समाज के लोग भाजपा को जिताएं

डॉ. संजय निषाद ने कहा, इस कार्यक्रम में प्रदेश के कोने-कोने से मछुआ समाज के लोग आए हैं। हम मछुआ समाज के लोगों से अपील करेंगे कि वे फिर से भाजपा और निषाद पार्टी के गठबंधन को वोट देकर जिताएं। उनका सही मायने में अगर कोई पार्टी भला कर सकती है तो वह मोदी और योगी सरकार है।

### डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक बोले, सभी सीटें जीतेंगे

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा, निषाद पार्टी कोई राजनैतिक दल नहीं है। ये प्रदेश के गरीबों की पार्टी है। समाजवादी पार्टी को पिछड़ने का काम निषाद पार्टी ने किया है। हमारी जिम्मेदारी है और हम एक-एक निषाद भाई को समाज में हक दिलाएंगे। हम यहां से प्रण लेकर जाएंगे और चुनाव में 80 की 80 सीट भाजपा गठबंधन को दिलाएंगे।

### राजभर बोले, जिस दिन बिकना छोड़ दोगे, उस दिन हक मिल जाएगा

सुभासपा प्रमुख ओमप्रकाश राजभर ने कहा, चिल्लाने से कुछ नहीं होता है। बाबा साहेब डॉ. भीम राव अंबेडकर ने आपको संविधान में वोट का अधिकार दिया है। आप इसकी ताकत को पहचानिए। वोट की ताकत के बल पर जो चाहो मिल जाएगा। मुख्यमंत्री से 3 बार तुम्हारी पीड़ा बताई गई। आपकी पीड़ा हम जानते हैं। ये सब लोग जान लो जिस दिन बिकना छोड़ दोगे, उस दिन हक मिल जाएगा।

### भूपेंद्र यादव बोले, विपक्षी पार्टियां निषाद समाज केवल को वोट बैंक समझती थीं

केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा, हमारी सरकार आपको आगे बढ़ाने-बढ़ाने और बढ़ाने का काम करेगी। आप लोगों ने पीएम नरेंद्र मोदी को अपने वोट के जरिए जो ताकत दी है। वे आपके भरोसे को कभी नहीं तोड़ेंगे। विपक्षी पार्टियों ने निषाद समाज को वोट बैंक केवल समझ रखा था।

## आउटर रिंग रोड पर डीसीएम चालक का मिला शव

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ कमिश्नरेट के बीकेटी थाना क्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों में एक डीसीएम चालक का शव आउटर रिंग रोड पर पड़ा मिला। बता दें कि बीकेटी थाना क्षेत्र अन्तर्गत निर्माणाधीन आउटर रिंग रोड पर दुर्जनपुर गांव के निकट सड़क पर खून से लतपथ चालक का शव मिला। वहीं मौके पर मिली डीसीएम गाड़ी के 50 मीटर की दूरी पर चालक का शव बीकेटी पुलिस पड़ा मिला। बीकेटी पुलिस ने मौके पर जांच पड़ताल कर पंचायतनामा की कार्यवाहीं कर शव को पोस्टमार्टम के लिए लखनऊ भेज दिया। वहीं बीकेटी थाना प्रभारी निरीक्षक राणा राजेश कुमार सिंह बताया कि जांच पड़ताल में पता चला है कि मृतक प्रदीप पुत्र कलेक्टर सिंह निवासी रुदपुर जमा मर्दपुर जिला कन्नौज का है रहने वाला था शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## पौष मेला: 24 में निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

रवीन्द्र पल्ली महिला समिति द्वारा आयोजित पौष मेला %24 में एप्पेक्स एक्यूपंक्चर सेंटर एंड पेन क्लीनिक द्वारा एक विशाल निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया।शिविर में एक्यूपंक्चर, मोक्सबुशन, हिजामा के साथ-साथ क्वान्टम मशीन द्वारा होल बॉडी चेकअप भी किया गया। एप्पेक्स एक्यूपंक्चर सेंटर के प्रमुख डॉक्टर पार्थ प्रतिम ने बताया कि एक्यूपंक्चर एक ऐसी चिकित्सा पद्धति है जिसमें कोई दवा की जरूरत नहीं पड़ती, न ही कोई साइड इफेक्ट का डर रहता है। इस चिकित्सा पद्धति से जटिल से जटिल बीमारियों का इलाज मात्र सुई द्वारा किया जाता है। चाहे वो कमर का नस दबा हो या गर्दन का नस। एक्यूपंक्चर चिकित्सा से इस दबी हुई नस को धीरे-धीरे खोला जाता है और मरीज बिना किसी ऑपरेशन के ठीक हो जाता है। डॉ. पार्थ प्रतिम ने बताया कि इस शिविर में लगभग 45 मरीजों ने पंजीकरण कराया। शिविर में पंजीकृत मरीजों को चिकित्सा में विशेष छूट दी जाएगी। शिविर में नजमा,नीतू सोनी, आलमीरा, रेहान आदि ने सहयोग किया।

## स्वामी विवेकानंद के उद्यमिता पर विचारों को जन-जन तक पहुंचाया




- स्वावलंबी भारत अभियान अवध प्रांत द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर युवा उद्यमिता संकल्प यात्रा निकाली गई
- संकल्प यात्रा स्वावलंबन केंद्र से सरदार पटेल प्रतिमा हज़रतगंज तक लोगों को जागरूक करती गई

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

स्वावलंबन केंद्र अवध प्रांत लखनऊ से स्वावलंबी भारत अभियान अवध प्रांत द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर आयोजित युवा उद्यमिता संकल्प यात्रा सरदार पटेल प्रतिमा हज़रतगंज लखनऊ तक आयोजित की गयी। यात्रा का उद्देश्य स्वामी विवेकानंद के उद्यमिता के क्षेत्र में दिये गये विचारों को युवाओं के माध्यम से समाज में पहुंचाना रहा। इस यात्रा में स्वदेशी जागरण मंच के क्षेत्र संयोजक एवं स्वावलंबी भारत अभियान पूर्वी उ0प्र0 के क्षेत्र समन्ययक अनुपम श्रीवास्तव, अवध प्रांत समन्वयक अमित सिंह, अवध प्रांत की महिला समन्वयक एवं लघु उद्योग भारती की अवध संभाग की अध्यक्ष रीता मित्तल, सह महिला प्रमुख सुप्रिया शर्मा, सोनी सिंह, गरिमा श्रीवास्तव, सह समन्वयक आदर्श श्रीवास्तव, विचार विभाग प्रमुख डॉ0 अनिल शुक्ल, अवध प्रांत के प्रचार प्रमुख डॉ0 आनंद दिक्षित, विशेष संपर्क प्रमुख डी.एन. तिवारी, संपर्क प्रमुख अभिषेक सिंह, युवा प्रमुख किशन, महानगर संयोजक विजय गुलाटी, महानगर सह संयोजक अरूण चड्ढा, महानगर संपर्क प्रमुख वैभव स्वर्णकार, प्रचार प्रमुख पवन श्रीवास्तव, भारती जनता पार्टी से नीरा वर्षा सिन्हा, आशीष अग्रवाल, महानगर कोष प्रमुख सतीश कुमार गंभीर, डॉ0 अविनाश, लखनऊ उत्तर भाग प्रमुख कमल दुबे, अभिषेक श्रीवास्तव तथा जय सुभाष पब्लिक स्कूल गोमती नगर लखनऊ की प्रबंधक संगीता पाल एवं विद्यालय के विद्यार्थीगण, तथा राम भरोसे मैकूलाल इण्टर कालेज लखनऊ के विद्यार्थीगण के साथ सौम्या, मयंक, रक्षित विश्वकर्मा सहित महानगर एवं प्रांत की समस्त कार्यकारणी उपस्थित रही।

## मोबाइल कंपनी का नेटवर्क बाधित करने वाला धरा गया

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ। एक निजी मोबाइल कंपनी के नेटवर्क को बाधा पहुंचा कर कंपनी और उससे जुड़े उपभोक्ताओं को नुकसान पहुंचाने वाला शातिर पुलिस की हत्थे चढ़ा। थाना गाजीपुर पुलिस द्वारा मु0अ0स0 0482/2023 धारा 420/ 467/468/ 471/427 भादवि के वांछित अभियुक्त मूल रूप से उन्नाव निवासी पवन सिंह (37) को गिरफ्तार किया गया। आरोप है कि पवन सिंह ने जालसाजी एवं कूटरचित दस्तावेज का प्रयोग करके कंपनी मेसर्स आरएस टैली सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड में टेक्नीशियन के पद पर नौकरी ली और कंपनी के नेटवर्क में बाधा पहुंचाकर कंपनी और उपभोक्ताओं को नुकसान पहुंचाया था।

## प्राविधिक शिक्षा मंत्री ने छात्र-छात्राओं को बांटे टैबलेट

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में युवाओं के लिए विभिन्न योजनायें संचालित की जा रही है।युवाओं को आधुनिक तकनीकों से सम्बन्धित कोर्स संचालित कर युवाओं को प्रशिक्षित करने का कार्य किया जा रहा है, जिससे उन्हें रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर अधिक से अधिक मिल सके। संस्थानों में युवाओं को अच्छी शिक्षा देने के साथ शत-प्रतिशत प्लेसमेंट पर जोर दिया जा रहा है। योगी सरकार युवाओ के साथ कदम से कदम मिलाकर उन्हे आगे बढ़ाने का मार्ग प्रशस्त कर रही है। प्रदेश के प्राविधिक शिक्षा, उपभोक्ता मामले मंत्री आशीष पटेल ने शनिवार को हीवेट पालिटेक्निक में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए यह बातें कही।प्रावाधिक शिक्षा मंत्री ने हीवेट पालिटेक्निक में दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। उन्होंने स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के अन्तर्गत छात्र-छात्राओं को टैबलेट का वितरण किया। संस्थान के सत्र 2022-23 के अंतिम वर्ष के संस्थागत 280 छात्र-छात्राओं को टैबलेट प्रदान किया गया। मंत्री ने 1904 में स्थापित पॉलीटेक्निक हीवेट पॉलीटेक्निक महानगर लखनऊ में नवनिर्मित अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति के छात्रों हेतु एआईसीटीई नई दिल्ली द्वारा वित्त पोषित 70 बेडेड छात्रावास का लोकार्पण भी किया गया। उन्होंने माँ सरस्वती एवं महात्मा गाँधी की प्रतिमा पर माल्यापर्ण किया तथा संस्थान में रूद्राक्ष का पौधा रोपित किया। संस्थान के प्रधानाचार्य एवं पदाधिकारियों ने प्राविधिक शिक्षा मंत्री को सम्मानित करते हुए शाल, रामचरितमानस एवं नये अयोध्या मंदिर की आकृति भेंट की।प्रावाधिक शिक्षा मंत्री ने कहा कि योगी सरकार द्वारा प्राविधिक विभाग के संस्थानों को बेहतर करने का कार्य किया गया है, जिससे संस्थानों मे पढ़ने वाले छात्र-छात्राओँ को शिक्षा का वातावरण मिल रहा है। छात्र-छात्राओं से कहा कि प्रदेश सरकार आपको रास्ता दे रही है, उस रास्ते पर चलकर प्रदेश और देश में अपने परिवार और संस्थान का नाम रोशन करें। उत्तर प्रदेश मे प्रतिभाओं की कमी नही है। अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन कर आगे बढ़ने का का कार्य करें। उन्होंने कहा कि प्राविधिक शिक्षा विभाग के अन्तर्गत संचालित परीक्षाओँ को नकलविहीन सम्पन्न हो इसके लिए परीक्षाओं के सेंटर सिर्फ सरकारी संस्थाओं को देने का निर्णय लिया गया।

## 14 से 21 जनवरी तक सफाई का महाअभियान चलाने के निर्देश

**लखनऊ।** प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने अयोध्या धाम में पुरुषोत्तम भगवान श्री राम मंदिर का आगामी 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा के दृष्टिगत प्रदेश के सभी नगरीय निकायों को साफ सुथरा व कचरा मुक्त बनाकर सुंदर बनाने के लिए 14 जनवरी से 21 जनवरी तक एक सप्ताह का साफ सफाई, स्वच्छता व सुशोभन का विशेष महाअभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान निकायों में स्थित धार्मिक, आध्यात्मिक व तीर्थ स्थलों, ऐतिहासिक व पर्यटक स्थलों का कार्य किया जाएगा।

## थाना समाधान दिवस पर इटौंजा पुलिस ने सुनी फरियादियों की फरियाद



जन एक्सप्रेस । पीयूष द्विवेदी

**इटौंजा, लखनऊ।** लखनऊ कमिश्नरेट के इटौंजा थाना परिसर में थाना समाधान दिवस का आयोजन थाना अध्यक्ष मार्कंडण्य यादव की अध्यक्षता में किया गया। बता दें कि इस थाना समाधान दिवस में पुलिस को मात्र 9 शिकायती पत्र प्राप्त हुए जिसमें से पुलिस से संबंधित दो शिकायत व सात राजस्व संबंधित शिकायते फरियादियों द्वारा की गई। जिसमें से पुलिस ने 4 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया। वहीं शकुंतला सिंह पत्नी स्व रामवरन सिंह ने ज़मीन संबंधित शिकायत की व संजीव कुमार मौर्य ने ज़मीन की पैमाइश करवाने की शिकायत की। थाना समाधान दिवस में इटौंजा पुलिस ने 9 शिकायतों में 4 का मौके पर निस्तारण किया। इस मौके पर इटौंजा थाना प्रभारी निरीक्षक मार्कंडण्य यादव, पंकज मिश्रा दरोगा,सुमन सैनी दरोगा, महोना चौकी प्रभारी धर्मेन्द्र जैन, प्रवीण कुमार दरोगा, राघवेंद्र पांडेय दरोगा, हेड कांस्टेबल देवेंन्द्र सिंह, जाहिद , प्रवीण शुक्ला लेखपाल, अन्य फरियादी मौजूद रहे।

## अमृत रथ यात्रा पहुंची लखनऊ

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान एवं हनुमान सेवा ट्रस्ट द्वारा 26000 किलोमीटर की भारत व्यापी अमृत रथ यात्रा निकाली गयी। यह यात्रा 25 नवम्बर को बीकानेर राजस्थान से प्रारम्भ होकर देश के विभिन्न प्रान्तों से होती हुयी 13 जनवरी को लखनऊ पहुंची। लखनऊ में उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान न्यू हैदराबाद लखनऊ द्वारा इस अमृत रथ यात्रा का भव्य स्वागत किया गया, इस स्वागत समारोह में अपर मुख्य सचिव भाषा जितेन्द्र कुमार निदेशक विनय श्रीवास्तव मुरलीधर अहूजा व गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे तथा लखनऊ के निवासी बढ़-चढ़ कर इस कार्यक्रम में सहभागी बने। लोगों ने अपने घरों से अक्षत, पुष्प आदि का अर्पण अमृत रथ यात्रा पर किया। इस अमृत यात्रा में संस्कृत के बटुकों द्वारा वेद पाठ एवं शंख ध्वनि की गयी। अमृत रथ यात्रा के दौरान मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्री राम के चरित्र को जन जन तक पहुंचाया गया और संस्थान की योजनाओं की जानकारी आम जन को दी गयी तथा लोगों को संस्कृत पढ़ने के लिए प्रेरित किया गया।अपर मुख्य सचिव भाषा जितेन्द्र कुमार एवं संस्थान के निदेशक विनय श्रीवास्तव द्वारा संस्थान की मिस्डकॉल के माध्यम से ऑनलाईन सरल संस्कृत सम्भाषण प्रशिक्षण योजना, गृहे-गृहे संस्कृतम् योजना, योग प्रशिक्षण शिविर योजना, प्रत्येक जनपद में वास्तु एवं ज्योतिष प्रशिक्षण शिविर, प्रत्येक जनपद में पौरोहित्य कर्मकाण्ड प्रशिक्षण शिविर, एकमासात्मक नाट्य प्रशिक्षण योजना, सिविल सेवा परीक्षा निःशुल्क कोचिंग एवं मार्गदर्शन योजना आदि से अवगत कराया गया।अमृत रथ यात्रा में चल रहे प्रतिनिधियों का अंगवस्त्र, फूलमाला एवं नारियल आदि भेंट कर स्वागत किया गया। अमृत रथ यात्रा 14 जनवरी को अयोध्या पहुंचेगी। अमृत रथ यात्रा में देशभर से अक्षत एकत्र किया गया है जो अयोध्या भगवान राम के पूजन हेतु प्रस्तुत किया जायेगा। स्वागत समारोह में भगवान राम के आदर्शों, विचारों, नैतिक मूल्यों तथा आचरण आदि के अनुसार कार्य करने के लिए युवाओं का आवाह्न किया गया।

## बिजली बिल फर्जीवाड़ा में जेई समेत चार निलंबित, पांच संविदा कर्मी फंसे

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

बिजली बिल फर्जीवाड़ा कांड में दो जूनियर इंजीनियर (जेई) समेत चार कर्मियों को प्रथमदृष्टया दोषी पाए जाने पर शनिवार को निलंबित कर दिया गया है। यह जेई एवं कर्मचारी विद्युत वितरण खंड सेस-दो के हैं। साथ ही, इस फर्जीवाड़े में पांच संविदा कर्मचारी भी फंसे, जो बिल से रकम और उतारे गए मीटर को गायब करने में अहम भूमिका निभाई, जिनकी नौकरी खतरे मे है। इन पांच संविदा कर्मियों में से एक ने ही 90 हजार रुपए में बिल की रकम को खत्म कराने का ठेका लिया था। हालांकि, इस प्रकरण की विस्तृत जांच के लिए उच्च स्तरीय जांच कमेटी सोमवार तक गठित होगी, जो इस फर्जीवाड़े के साथ ही यह भी पता लगाएगी कि इस सिंडीकेट ने ऐसे कितने उपभोक्ताओं के बिलों से रकम को गायब किया है। लेसा सिस गोमती प्रथम जोन के मुख्य अभियंता रजत जुनेजा ने खबर का संज्ञान लेकर मंडल चार के अधीक्षण अभियंता रामप्रीत प्रसाद एवं सेस खंड दो के अधिशासी अभियंता शैलेंद्र सिंह राजपूत को प्राथमिक जांच कराने के निर्देश दिए थे। शैलेंद्र सिंह ने 11 जनवरी को ही खंडीय लेखाकार विजय कुमार द्विवेदी एवं कार्यकारी एसडीओ विकास दीप की दो सदस्यीय जांच कमेटी गठित की। इस कमेटी ने 12 जनवरी को जांच रिपोर्ट अफसरों को सौंपी तो 13 जनवरी को रामप्रीत प्रसाद के द्वारा निलंबन आदेश जारी कर दिए गए लेकिन, सबसे आश्चर्य की बात यह कि इस फर्जीवाड़े का सरगना अभी बचा है, जिसके इशारे पर मीटरों का घोटाला किया गया है।

### दरोगा की शह पर जेई ने मां-बेटे पर दर्ज कराई एफआईआर

शकुंतला उपकेंद्र के जेई ललित कुमार ने अपने खास संविदा कर्मचारी के साथ उपभोक्ता मुसीमाखातून निवासी आनंद विहार डिप्टीखेड़ा के घर का निरीक्षण करके मीटर को बदलवाया था। मगर, जब फर्जीवाड़ा का खुलासा हुआ तो ललित ने खुद को बचाने के लिए पारा थाना के दारोगा की सलाह पर मुसीमा खातून एवं बेटे वसीम पर मीटर को गायब करने की एफआईआर दर्ज करा दी। हालांकि, जांच में ललित की पोल खुल गई।

### सोमवार को आएगी दुबग्गा घोटाले की जांच रिपोर्ट

मध्यांचल निगम के बड़े अफसर ने बताया कि दुबग्गा उपखंड में बिजली बिलों की रकम से घोटाला करने वालों की जांच रिपोर्ट सोमवार को आएगी। इसमें भी मीटर सेक्शन से लेकर उपखंड तक इंजीनियर और कर्मचारी कार्रवाई की जद में आएंगे। यहां पर भी बिल रकम की हेराफेरी करने के लिए मीटर की रीडिंग को गायब किया गया, जिसमें बिलिंग कंपनी का एक रीडर और इलाकाई लाइनमैन भी शामिल है।

### कौन किस कार्यालय में संबद्ध निलंबित

| नाम | कार्यालय |
|---|---|
| ललित कुमार | जेई विद्युत वितरण परीक्षण खंड नौ |
| सुश्री मानसी | जेई विद्युत वितरण परीक्षण खंड सेस प्रथम |
| शंभूनाथ | जेएमटी सहायक अभियंता मीटर सेस खंड प्रथम |
| सुरेंद्र कुमार | लिपिक विद्युत वितरण खंड मोहनलालगंज |

### ऐसे किया था फर्जीवाड़ा

फतेहगंज उपखंड कार्यालय में मुसीमा खातून के बिजली कनेक्शन के रिकॉर्ड में हेराफेरी करके 2.47 लाख रुपए की रकम को गायब कर दिया गया था। यहीं नहीं, उपभोक्ता के घर से जो मीटर उतारा गया था उसे परीखण खंड के रिकॉर्ड में जमा भी नहीं किया। उपखंड के लिपिक के पासवर्ड से संविदा कर्मी ने मुसीमा खातून की बीसीडी (बेसिक कंज्यूमर डाटा) ऑन की थी।

## धड़ल्ले से हो रही घरेलू गैस की कालाबाजारी, जिम्मेदार मौन

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

**मोहनलालगंज ।** मोहनलालगंज क्षेत्र के करीब 200 घरेलू गैस उपभोक्ताओं ने जिला अधिकारी लखनऊ, जिला पूर्ति अधिकारी लखनऊ तथा इंडियन ऑयल के अधिकारियों को भेजे गए अलग-अलग पत्रों में आरोप लगाया है कि मोहनलालगंज गैस एजेंसी के संचालक द्वारा उपभोक्ताओं को तो एक एक हफ्ते तक गैस नहीं दी जाती। जबकि दुकानदारों, ठेला लगाने वाले तथा गैस की कीमत 100 रुपये बढ़कर देने वालों को तुरंत गैस दी जाती है। पत्र में लिखा गया है कि गैस एजेंसी के कारिंदों से जब उपभोक्ता अपनी बुक की गई गैस के बारे में पूछते हैं तो उन्हें कभी गाड़ी खराब होने का बहाना बताया जाता है तो कभी गैस आ नहीं रही है यह बताया जाता है , तो कभी गैस खत्म हो गयी है यह कहकर टाला जाता है। उपभोक्ताओं का कहना है कि जब कि गैस गोदाम पर रहती है और वहीं से ब्लैक में बिकती रहती है। पत्र के लास्ट पैरा में गैस सिलेंडर से 5 किलो गैस निकालने के भी बात लिखी गई है। इस शिकायत की पुष्टि के लिए जब इस संबंध में गैस एजेंसी में फोन किया तो उन्होंने इस शिकायत पर कुछ भी टिप्पणी करने से इनकार किया।

## सावधान! डेयरी चलाना है तो माहवारी देनी होगी, नगर निगम के कैटिल कैचिंग प्रभारी का अघोषित फरमान

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

सड़क पर भले ही एक भी जानवर घूमता दिखाई ना पड़े, डेयरी घरों के अंदर हो फिर भी अगर जानवर पालना है और दूध बेचना है तो हर महीने एक बधी बधाई रकम कैटिल कैचिंग प्रभारी को देना होगा। यही वह फरमान था जिसके चलते रायबरेली रोड स्थित शीतल खेड़ा गांव में तीन दिन पहले पशु पकड़ने आई टीम तथा जानवर पालने वालों के बीच धक्का मुक्की और मारपीट हुई। कई डेयरी संचालको ने बताया कि उनके जानवर घरों में रहते हैं समय-समय पर गोबर भी उठाया जाता है, इकट्ठा किया जाता है। लेकिन नगर निगम जोन 8 के कैटिल कैचिंग प्रभारी अवधेश को जैसे ही पैसा पहुंचने मे देरी होती है वह पूरी टीम के साथ जानवर पकड़ने आ जाता है और घर की महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार करता है। करीब 15 डेयरी संचालको तथा छोटे-मोटे दूध के कारोबारी ने बताया कि भैंस के लिए 100 रूपये प्रति भैंस तथा गाय के लिए 50 प्रति गाय हर माह अवधेश और उनकी टीम आकर ले जाती है। जनवरी माह की रकम पहुंचाने में 5 दिन की देर होते ही कैचिंग प्रभारी अपनी टीम के साथ आ धमके और पैसा ना पहुंचाने पर गाली गलौज और धमकी देने लगे इस बीच धक्का मक्की और छीना छपटी में किसी कर्मचारी को मामूली चोट लग गई है और बात का बतगड़ बन गया। बाद में कैचिंग प्रभारी ने छः लोगों के खिलाफ मुकदमा लिखाए जाने के लिए एसजीपीजीआई थाने पर प्रार्थना पत्र दिया। इस घटना की पुष्टि तथा कैचिंग प्रभारी अवधेश पर लगाए जा रहे आरोपों की पुष्टि के लिए जब पशु कल्याण अधिकारी डॉक्टर अभिनव वर्मा से बात करने का प्रयास किया तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# ऐसा कोई सगा नहीं जिसे मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने ठगा नहीं!

चुनावी जीत के जश्न के कार्यक्रम में यामीन की उपस्थिति की अनुमति देने में डॉ. मुइज्जू की ओर से दिखायी गयी उपेक्षा के बारे में जमील ने कहा, बेशक हमें उम्मीद थी कि वे इस दोस्ती और लंबे समय से चले आ रहे संबंधों का सम्मान करना जारी रखेंगे। यामीन भी इसके उतने ही हकदार हैं। समारोह के दौरान उन्हें उचित श्रेय और धन्यवाद मिलना चाहिए था। लेकिन हमने इस संबंध में कुछ भी नहीं सुना और इस बात ने तुरंत भावनात्मक रूप से हम पर गहरा प्रभाव डाला। यह भी बताया जाता है कि चुनाव में जीत के बाद मुइज्जू ने जब विजयी संबोधन दिया तो उसके ठीक बाद उन्हें यामीन का फोन आया।

*मालदीव के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद मुइज्जू सिर्फ भारत विरोधी नहीं हैं बल्कि उनके इतिहास पर गौर करेंगे तो पाएंगे कि वह किसी के सगे नहीं हैं। हम आपको बता दें कि मोहम्मद मुइज्जू ने चीन समर्थक माने जाने वाले पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल्ला यामीन की उंगली पकड़ कर राजनीति में कदम रखा, उनके नक्शेकदम पर चलते हुए भारत विरोध को हवा दी और आखिरकार राष्ट्रपति पद तक पहुँच गये। लेकिन अब माना जा रहा है कि मुइज्जू के संबंध अपने गुरु अब्दुल्ला यामीन के साथ बिगड़ गये हैं। हालात ऐसे हो गये हैं कि भ्रष्टाचार के आरोपों में सजा काट रहे अब्दुल्ला यामीन अपने ही चेले मुइज्जू और अपनी ही पार्टी का विरोध नई पार्टी बनाकर कर सकते हैं। यामीन को उम्मीद थी कि उनकी पार्टी और गठबंधन की सरकार बनने पर उन्हें रिहा करवाने का प्रयास किया जायेगा लेकिन मुइज्जू ने सत्ता पर पूरी तरह अपनी पकड़ कायम करने के लिए यामीन को दरकिनार कर दिया है। यह भी बताया जा रहा है कि राष्ट्रपति पद संभालने वाले दिन मुइज्जू ने उन लोगों की ओर देखा तक नहीं जिन्होंने राजनीति में आगे बढ़ने में उनकी मदद की थी। बताया जा रहा है कि अब्दुल्ला यामीन शुरू से ही मुइज्जू के इस स्वार्थी रुख से वाकिफ थे इसलिए वह उन्हें अभी राष्ट्रपति चुनाव का टिकट भी नहीं दिलवाना चाहते थे। लेकिन अपनी उम्मीदवारी के लिए पीपुल्स नेशनल कांग्रेस को मनाने में मुइज्जू कामयाब रहे थे। बताया जाता है कि जेल की सजा के कारण मोहम्मद यामीन के पास मुइज्जू की उम्मीदवारी का समर्थन करने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा था इसलिए उन्होंने मजबूर होकर अपनी पत्नी के माध्यम से अपनी सहमति पार्टी के पास उस दिन भेजी जब मुइज्जू चुनाव आयोग के समक्ष अपनी उम्मीदवारी पेश कर रहे थे। बताया जा रहा है कि मुइज्जू की जीत के जश्न के दौरान और उसके बाद घटी घटनाओं से पूर्व राष्ट्रपति यामीन और उनके साथी डॉ. मोहम्मद जमील अहमद के मन में नाराजगी स्पष्ट हो गयी थी क्योंकि लगातार उनका अपमान किया जा रहा था। हम आपको यह भी बता दें कि मालदीव में 30 सितंबर को हुए चुनावों के बाद और मतगणना के बीच ही जमील और उनके सहयोगियों ने जनता को आगाह करना शुरू कर दिया था कि उन्हें आने वाली सरकार के बारे में सतर्क रहने की जरूरत है। इस तरह से देखा जाये तो नई सरकार के औपचारिक रूप से सत्ता संभालने से पहले ही मालदीव में असंतोष का माहौल शुरू हो गया था। मालदीव के चैनल 13 पर एक कार्यक्रम में बोलते हुए डॉ. मोहम्मद जमील अहमद ने कहा कि यामीन चाहते थे कि वह राष्ट्रपति चुनाव जीतने वाले डॉ. मुइज्जू के जश्न में भाग लें। जमील के अनुसार, यामीन ने डॉ. मुइज्जू से यह भी अनुरोध किया था कि जब तक वह पूरी तरह से रिहा नहीं हो जाते, तब तक जश्न का कार्यक्रम स्थगित कर दिया जाए। जमील ने कहा कि अगर मुइज्जू चाहते तो तत्कालीन सरकार यामीन को उनकी आपराधिक सजा के बावजूद जश्न में भाग लेने की अनुमति देती। जमील के अनुसार मुइज्जू ने अपने विजयी संबोधन में भी यामीन के प्रति आभार व्यक्त नहीं किया था। हम आपको बता दें कि यामीन के राष्ट्रपति रहने के दौरान डॉ. जमील उपराष्ट्रपति थे। हालांकि उनको बाद में पद से हटा दिया गया था। उपराष्ट्रपति पद से बर्खास्त होने के बाद जमील ने यामीन के खिलाफ लंबे समय तक हमला बोला था।*

## एक्सप्रेस आलेख

भाजपा को श्रीराम मन्दिर बनने का राजनीतिक फायदा मिलना स्वाभाविक भी है। मंदिर निर्माण का बीड़ा भाजपा-संघ ने दशकों से उठा रखा था। शायद जब आडवाणी ने 1990 में रथ यात्रा शुरू की, तब इसकी प्रेरणा आस्था और राजनीति दोनों रही होगी, क्योंकि पार्टी को 1984 की अपमानजनक हार से उबारने के लिए एक मजबूत भावनात्मक मुद्दे की जरूरत थी। लेकिन आज इस भव्य मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा तब की जा रही है, जब पार्टी बहुमत से सत्ता में है और उसका नेतृत्व नरेंद्र मोदी जैसे करिश्माई नेता कर रहे हैं। यह स्वाभाविक ही है कि इसका लाभ भाजपा को मिलेगा, खासकर तब जब उद्घाटन चुनावों की पूर्व संध्या पर किया जा रहा है।

# श्रीराम के निमंत्रण को ठुकरा कर कांग्रेस ने राजनीतिक अपरिपक्वता का परिचय दिया है



ललित गर्ग

**कांग्रेस ने सारे नफा-नुकसान को देखकर अपनी धर्मनिरपेक्ष वाली वैचारिक छवि के साथ खड़ी रहने का फैसला लिया हो, लेकिन इस फैसले से सन्निकट खड़े लोकसभा चुनाव में उसे भारी नुकसान ही होगा। वैसे भी श्रीराम के बहुप्रतीक्षित धाम का निर्माण भाजपा का अपना निजी प्रोजेक्ट नहीं है, यह सुप्रीम कोर्ट के फैसले की निष्पत्ति है।**

राममलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे और अधीर रंजन चौधरी एवं इंडिया गठबंधन के अन्य दलों ने शामिल नहीं होने का निर्णय लेकर जहां अपनी राजनीतिक अपरिपक्वता का परिचय दिया है, वहीं भारत के असंख्य लोगों की आस्था एवं विश्वास को भी किनारे करते हुए आराध्य देव भगवान श्रीराम को राजनीतिक रंग देने की कुचेष्ठा की है। भले ही यह भारतीय जनता पार्टी एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वर्चस्व का अनुष्ठान है, लेकिन लोकतांत्रिक मूल्यों को प्रतिष्ठा देते हुए कांग्रेस को ऐसे राजनीतिक निर्णय लेने से दूर रहते हुए समारोह में भाग लेना चाहिए था। राम मंदिर के निमंत्रण को ठुकराना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और आत्मघाती फैसला है। ऐसा प्रतीत होता है कि कांग्रेस ने खुद अपनी जमीन को खोखला करने की ठान रखी है। विनाशकाले विपरीत बुद्धि! निश्चित ही कांग्रेस अब भारत की बहुसंख्यक जनता की भावनाओं को नकार रही है, वह राजनीतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक वास्तविकताओं और भावनाओं से पूरी तरह से कट गई है। इन दिनों कांग्रेस की ओर से लिए जा रहे हर फैसले भारत विरोधी शक्तियों को बल देने, कुछ वामपंथी चरमपंथियों को बढ़ावा देने, जातीयता एवं साम्प्रदायिकता की राजनीति को कायम रखने और शीर्ष पर बैठे नेताओं के आसपास के कुछ कट्टरपंथी अल्पसंख्यकों को खुश करने के लिए है। कांग्रेस ने पिछले कुछ दशकों में अयोध्या में मंदिर के लिए कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया जो भगवान श्रीराम के अस्तित्व को नकार देने का ही द्योतक है। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम केवल हिन्दुओं का ही नहीं बल्कि राष्ट्र का उत्सव है। साथ ही देश के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक गौरव का महा-अनुष्ठान है। बाबर से लेकर औरंगजेब तक सभी मुगल आक्रांताओं ने तलवार के बल पर हिन्दुओं का धर्म परिवर्तन ही नहीं कराया बल्कि हिन्दु मन्दिरों एवं आस्था के केन्द्रों को ध्वस्त किया था। श्रीराम जन्मभूमि, श्रीकृष्ण जन्मभूमि और काशी विश्वनाथ धाम को भी नहीं छोड़ा गया और हजारों मंदिरों को?ध्वस्त कर उनके स्थान पर मस्जिदें बनवा दीं गयी। आजादी के बाद इस गौरवमय



**वास्तव में कांग्रेस एवं विपक्षी दलों का जोर तो श्रीराम पर भाजपा के बराबर ही दावा करने पर होना चाहिए था। उन्हें पुरजोर तरीके से कहना चाहिए था कि मंदिर-निर्माण उन सभी लोगों की जीत है, जो श्रीराम में विश्वास करते हैं, ताकि उसका श्रेय लेने के भाजपा के उद्देश्य को कमजोर किया जा सके।**

धार्मिक एवं सांस्कृतिक इतिहास को पुनर्निर्मित करने का काम होना चाहिए था लेकिन कांग्रेस शासन ने संकीर्ण एवं स्वार्थ की राजनीति के कारण ऐसा नहीं होने दिया। आज भाजपा अपनी राष्ट्रीय अस्मिता एवं ऐतिहासिक भूलों को सुधारने काम कर रही है तो उसे राजनीतिक रंग देना मानसिक दिवालियापन एवं राष्ट्र-विरोधी सोच है। श्रीराम मंदिर राजनीति का विषय नहीं है बल्कि आस्था का विषय है। आस्था हर व्यक्ति की अस्मिता से जुड़ा प्रश्न है। राम लला साढ़े पांच सौ वर्षों से इसका इंतजार कर रहे थे। अब वह समय आ गया है, भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण हो चुका है और आगामी 22 जनवरी का दिन इतिहास के पन्नों में दर्ज होने वाला है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस दिन राम लला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में उपस्थित रहेंगे। श्रीराम भारतीय समाज के आदर्श पुरुष रहे हैं, भारत की राजनीति के लिये वे प्रेरणास्रोत हैं, उन्हें केवल भाजपा या आरएसएस का बताने वाले भारत की जनआस्था से स्वयं को ही दूर कर रहे हैं, स्वयं को हिन्दू विरोधी एवं राम-विरोधी होने का आधार ही मजबूत किया है। अच्छा होता निमंत्रण ठुकराने की बजाय इस समारोह में उपस्थित होकर श्रीराम के प्रति एवं असंख्य लोगों की आस्था का सम्मान करते। इस तरह एक जीवंत परम्परा को झुठलाने एवं ठुकराने के निश्चित ही आत्मघाती दुष्परिणाम होंगे। श्रीराम राज्य तब भी और आज भी राजनीति स्वार्थ से प्रेरित ना होकर प्रजा की भलाई के लिए है। जनता की भलाई एवं आस्था को न देखकर कांग्रेस मुस्लिम एवं ईसाई वोटों को प्रभावित करने के लिये तथाकथित ऐसा निर्णय लिया है, जो उसकी हिन्दू विरोध मानसिकता का द्योतक है। कांग्रेस ने सदैव श्रीराम मंदिर आंदोलन से दूरी बनाकर रखी, मंदिर निर्माण की प्रक्रिया में रोड़े अटकाए और जिसने सर्वोच्च न्यायालय में यह हलफनामा दिया हो कि श्रीराम का कोई अस्तित्व नहीं है, श्रीराम एक काल्पनिक पात्र हैं, उस कांग्रेस के नेताओं से यह अपेक्षा ही कैसे की जा सकती है कि वे श्रीराम मंदिर निर्माण के महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक प्रसंग में उत्साह, उमंग एवं आनंद के साथ शामिल होंगे? कांग्रेस के इस निर्णय से हिन्दू मन के कांग्रेसी नेता अवश्य ही आश्चर्यचकित एवं दुःखी हैं। कांग्रेस के भीतर से ही कई नेताओं ने खुलकर यह कहने की हिम्मत दिखायी है कि ÷मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम हमारे आराध्य देव हैं इसलिए यह स्वाभाविक है कि भारतभर में अनगिनत लोगों की आस्था इस नवनिर्मित मंदिर से वर्षों से जुड़ी हुई है। कांग्रेस के कुछ लोगों को उस खास तरह के बयान से दूरी बनाए रखनी चाहिए और जनभावना का दिल से सम्मान करना चाहिए।'' यहां प्रश्न यह भी है कि जब मंदिर निर्माण को मंजूरी देने वाले सुप्रीम कोर्ट के फैसले का कांग्रेस ने स्वागत किया था, तो अब वे इसे केवल भाजपा का पार्टीगत मामला क्यों मान रही है? वास्तव में कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दल केवल एक ही तरीके से भाजपा को इससे होने वाले राजनीतिक लाभ को कम कर सकते है और वह तरीका शालीनता से इस समारोह में भाग लेना और इस बात पर जोर देना है कि श्रीराम सभी के हैं, उन पर किसी एक पार्टी या नेता का एकाधिकार नहीं है। लेकिन एक तरफ न्यायिक प्रक्रिया का स्वागत करना और दूसरी तरफ उद्घाटन-समारोह का न्योता ठुकराना अपने ही पैरों पर कुल्हाड़ी मारने वाली रणनीति है।

## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | तृतीया 08:00 तक |
| नक्षत्रः | धनिष्ठा 10:15 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | रविवार |
| योगः | व्यतिपाता, 26:35 |
| सूर्योदयः | 07:19 |
| सूर्यास्तः | 17:41 |
| चंद्रमाः | कुंभ राशि में |
| राहुकालः | 16:24-17:41 |
| विक्रमी संवत्ः | 2080 |
| शक सम्वतः | 1945 |
| मासः | पौष |
| शुभ मुहूर्तः | 12:10-12:51 |

## जन एक्सप्रेस

### है हमको फंसाया !

*है और रहेगा ।*
*अपना ये संघर्ष ।।*
*भले लगे आरोप। ।*
*है फिर भी उत्कर्ष ।।*
*है हमको फंसाया ।*
*और हुआ उपयोग ।।*
*फिर भी अपने लोगों का ।*
*है पूरा सहयोग ।।*
*हैं हम पाक साफ़ ।*
*कागज़ है दिखाया ।।*
*रह गए यदि अंदर ।*
*उनका भी सफ़ाया ।।*
*ना किया कुछ गड़बड़ ।*
*फिर भी लगी लगाम ।।*
*चला जो लंबा खेल ।*
*लूंगा और नाम ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस कविता

*हवा में जो हम दीप जलाना सीख लेते हैं ।*
*ग़मों की भीड़ में मुस्कुराना सीख लेते हैं ।।*
*उन्हें आता नहीं दुश्मनों को भी बुरा कहना।*
*वो सलीके से गीत गाना सीख लेते हैं।।*
*कैसी जात,मजहब कैसी सरहद।*
*प्यार से हर पर्दे हटाना सीख लेते हैं।।*



*पौधे नाजुक हैं, तरीके से लगाना इन्हें।*
*उपजाऊ हो जमीन, फलना सीख लेते हैं।*
*छोड़ो भी जिंदगी के फलसफे साहब। चलो*
*संजीव अब हंसना हंसाना सीख लेते हैं ।*

संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

*सिर्फ आपने जो किया है उसका जश्न न मनाएं बल्कि आपने कैसे सुधार किया इसका भी जश्न मनाएं।*

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# दूध के साथ ये 5 चीजें खाने से खराब होती है गट हेल्थ

**दूध** को सेहत के लिहाज से सबसे स्वास्थ्यवर्धक फूड्स में से एक माना जाता है। इसका सेवन संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए बहुत लाभकारी होता है। दूध को एक संपूर्ण भोजन के समान माना जाता है। ऐसा इसलिए क्योंकि दूध में प्रोटीन, कार्ब्स और फैट के साथ-साथ सभी जरूरी पोषक तत्व बहुत अच्छी मात्रा में होते हैं, जो पोषण आपको एक समय के खाने से मिलता है उतनी ही आप एक गिलास दूध पीकर भी प्राप्त कर सकते हैं। आपको बता दें कि एक गिलास दूध लगभग 300एमएल में 10 ग्राम प्रोटीन होता है। साथ ही 14 ग्राम कार्ब्स और 6-7 ग्राम फैट होता है। इसके अलावा, इसमें कैल्शियम, विटामिन बी, डी, पोटैशियम और कई अन्य जरूरी पोषक तत्व भरपूर मात्रा में होते हैं। रोज दूध का सेवन करने से शरीर आंतरिक रूप से मजबूत बनता है। यह शरीर को ताकतवर बनाता है। दूध पीने से हड्डियों व मांसपेशियों को मजबूत बनाने के साथ ही उनके विकास में भी मदद मिलती है। इसके अलावा भी रोज दूध पीने के कई फायदे हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं, दूध पीने से आपकी सेहत को फायदे सिर्फ तब मिल सकते हैं, जब आप सही तरीके से इसका सेवन करते हैं। आजकल हम देखते हैं कि लोग दूध को कई अन्य फूड्स के साथ मिक्स करके इसका सेवन करते हैं। आपको बता दें दूध को कुछ फूड्स के मिलाने से यह शरीर के



लिए जहर के समान काम करता है। सिर्फ इतना ही हमारी गट हेल्थ को भी नुकसान पहुंचाता है।

**दूध के साथ गुड़ :** बहुत से लोग और फिटनेस इन्फ्लुएंसर्स आजकल चाय में चीनी के बजाए गुड़ का प्रयोग करने की सलाह देते हैं, क्योंकि इसे चीनी का एक स्वस्थ विकल्प माना जाता है। लेकिन आयुर्वेद के अनुसार दूध और गुड़ का कॉम्बिनेशन शरीर में पित्त और कफ दोष बढ़ता है। आप चीनी और गुड़ दोनों के स्थान पर दूध में मिश्री मिलाकर पी सकते हैं।

**दूध के साथ खट्टे फल :** आयुर्वेद की एक संहिता योगरत्नाकर में दूध और खट्टे फलों के कॉम्बिनेशन आंत स्वास्थ्य के लिए जहर के समान बताया है। इनका साथ में सेवन हमारे पेट के लिए बहुत नुकसानदायक साबित हो सकता है।

**दूध के साथ नॉनवेज फूड्सः** अगर आप इ फूड्स का सेवन करते हैं तो इससे अपच, पेट में गैस और अन्य पेट संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। इसके अलावा, इसकी वजह से त्वचा पर एलर्जी आदि भी देखने को मिल सकती है।

**दूध के साथ समुद्री नमकः** यह कॉम्बिनेशन आमतौर पर पैनकेक और ब्रेड आदि बनाने के लिए यूज किया जाता है। लंबे समय तक इस कॉम्बिनेशन से बने फूड्स का सेवन करने से पाचन अग्नि प्रभावित होती है। इसके कारण अपच और अन्य पेट संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। अगर आप नमक का प्रयोग करना ही चाहते हैं, तो सेंधा नमक का प्रयोग कर सकते हैं।

**दूध के साथ हरी मूंगः** जब आप खीर जैसे पकवान बनाने के लिए दूध के साथ मूंग दाल मिक्स करते है जैसे करते हैं, तो यह आपके पाचन को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचाता है। इसलिए इनसे परहेज करने में ही समझदारी है।

**एक्सपर्ट क्या सलाह देते हैं:** आयुर्वेद के अनुसार दूध एक भारी भोजन है, जो शरीर में पतलापन पैदा करता है। यदि आपको पाचन संबंधी समस्याएं हैं तो इससे बचना ही बेहतर है। अगर आपको दूध का सेवन करना ही है तो बिना कुछ मिलाए, सिर्फ उबालकर ही पिएं।

## एक्सप्रेस विशेष

# अमृतकाल में रामराज्य की संकल्पना हो रही है साकार



विष्णुदत्त शर्मा

**आज देश अपनी अतुलनीय वैज्ञानिक क्षमताओं के माध्यम से एक तरफ चन्द्रमा और सूरज की दूरी नाप रहा है तो वहीं हमारी पौराणिक मूर्तियों को भारत में वापस लाकर अपनी सांस्कृतिक सभ्यता के संवर्धन का कार्य भी कर रहा है।**

**आज मोदी सरकार काशी विश्वनाथ धाम के पुनर्निमाण के साथ ही ग्रामीण विकास हेतु 30 हजार से अधिक पंचायत भवन भी बना रही है। सिर्फ केदारधाम का पुनरुत्थान ही नहीं अपितु 300 से अधिक मेडिकल कॉलेज भी देश में बन रहे हैं। सिर्फ महाकाल के लोक का ही निर्माण नहीं हो रहा, बल्कि स्वच्छ पेयजल के लिए दो लाख से ज्यादा पानी की टंकियों का भी निर्माण हो रहा है।**

**यह** चौपाई अब वास्तविकता बनने जा रही है जब श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से चहुंओर हर्ष और आनंदमय वातावरण होगा। 5 अगस्त 2020 को राममंदिर की आधारशिला रखते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'जय सियाराम' के उद्घोष के साथ अपने संबोधन में कहा था कि ÷आप भगवान राम की अद्भुत शक्ति देखिए... इमारतें नष्ट हो गईं, अस्तित्व मिटाने का भरसक प्रयास हुआ, लेकिन प्रभु श्रीराम आज भी हमारे मन में बसे हुए हैं। प्रभु श्रीराम हमारी संस्कृति के आधार हैं, भारत के जनमानस के विचार हैं और मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम हैं।÷ प्रधानमंत्री ने अपने संकल्प स्वरूप यह भी कहा था कि 'राम काज किन्हें बिनु, मोहि कहां विश्राम...।' 22 जनवरी 2024 को भव्य-दिव्य मंदिर में हमारे रामलला विधि-विधान के साथ विराजने जा रहे हैं। सांस्कृतिक सभ्यता से परिपूर्ण हमारा भारत सरयू के किनारे एक स्वर्णिम अध्याय रचने जा रहा है। सोमनाथ से लेकर काशी विश्वनाथ तक अयोध्या धाम इतिहास गढ़ने जा रहा है। आज संपूर्ण भारत राममय होकर आनंदित है। हर मन प्रफुल्लित है और भारतवासी भावुक हैं क्योंकि पांच सदियों का इंतजार खत्म होने जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी की दृढ़ संकल्प शक्ति और कर्तव्य परायणता से अयोध्या धाम में श्री राम मंदिर निर्माण के साथ ही अनेक विकास परियोजनाओं के सृजन से अद्भुत अलौकिक वातावरण का निर्माण होने जा रहा है। हमारे रामलला की प्राण प्रतिष्ठा केवल धार्मिक आयोजन नहीं है, अपितु यह हमारे सांस्कृतिक अभ्युदय का प्रतीक है। यह प्राण प्रतिष्ठा आस्था, धैर्य और संकल्प के विजय का परिचायक है। यह हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, ऐतिहासिक स्मृतियों एवं आध्यात्मिक मूल्यों का प्रतिबिंब भी है। अयोध्या में बना यह मंदिर देश के लिए सिर्फ पूजा स्थल नहीं बल्कि यह हमारे पूर्वजों के तप, त्याग और संकल्प का स्थायी प्रेरणापुंज है। जिन कारसेवकों के आंदोलन रूपी तपस्या के फलस्वरूप श्री रामलला का मंदिर आकार ले पाया है, वह आंदोलन अर्पण, तर्पण और संकल्प से ओत-प्रोत था। उसका लक्ष्य सिर्फ राम मंदिर नहीं अपितु रामराज्य स्थापित करना भी था। वर्ष 2014 में देश के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने के पश्चात नरेन्द्र मोदी ने इसी रामराज्य की संकल्पना को साकार करने के लिए परिश्रम की पराकाष्ठा के साथ कार्य किया है। मोदी सरकार ने एक ओर सदियों से उपेक्षित सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक मान्यताओं को प्रतिस्थापित किया तो दूसरी ओर गरीब कल्याण को प्राथमिकता के रूप में अपनी सरकार का लक्ष्य बनाया। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सरकार ने अनुच्छेद 370 की बेड़ियों से मां भारती को आजाद कराना, तीन तलाक की कुरीति से अल्पसंख्यक बहनों को मुक्ति दिलाना, माताओं-बहनों को रसोई में खतरनाक धुएं से मुक्ति दिलाने के लिए गैस सिलेंडर, नारी शक्ति की गरिमा की रक्षा के लिए शौचालय का निर्माण, आयुष्मान भारत योजना के जरिए स्वास्थ्य सेवा, हर गरीब के सिर पर छत हो उस हेतु प्रधानमंत्री आवास योजना, कोई भूखा न रहे इस हेतु 80 करोड़ देशवासियों के लिए मुफ्त राशन की व्यवस्था, किसानों के लिए किसान सम्मान निधि, पिछले सात दशकों से देश को लूटने वाले भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कठोर कदम, कोरोनाकाल में हर भारतीय को मुफ्त वैक्सीन का प्रबंध जैसे अनेकों ऐतिहासिक कार्य किए। मोदी सरकार ने रामराज्य की अवधारणा को साकार करने के लिए हर संभव प्रयास किये है। दरअसल, किसी भी लोकतंत्र की गुणवत्ता उसके नेतृत्वकर्ताओं पर निर्भर करती है। नेतृत्वकर्ता यदि त्यागी, तपस्वी और न्याय प्रिय है तो निश्चित ही लोकतंत्र सफल होगा जैसा प्रभु श्रीराम के राज में था। वर्षों बाद प्रभु कृपा से ही पुनः भारत को इसी प्रकार त्यागी, तपस्वी और न्याय प्रिय नेतृत्व प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के रूप में प्राप्त हुआ है। जहां एक ओर देश में राममंदिर के माध्यम से आध्यात्मिक चेतना जागृत हो रही है, उसी समय यह हमारे भारत का अमृतकाल है और 2047 तक भारत को विकसित बनाने के लिए हम भारतीयों को अपने दायित्वों के प्रति कृत संकल्पित रहना है। रामराज्य की संकल्पना भी यही है जहां शासन जन-जन के साथ मिलकर लोकतंत्र को सशक्त बनाने में सहभागिता निभाए। आज भारत ने अपनी सांस्कृतिक विरासतों के गौरव के साथ ही विकास के नए प्रतिमान स्थापित किये हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आज हमारा भारत अपने तीर्थों को भी संवार रहा है और डिजिटल टेक्नोलॉजी की शक्ति से परिपूर्ण विश्व का अग्रणी राष्ट्र भी बन रहा है।

# खुटार के जंगल में पेड़ों का अवैध कटान देख हैरान रह गए मुख्य वन संरक्षक, वनकर्मियों को फटकारा

* चीफ कंजरवेटर ने बताया कि मामले की जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी



जन एक्सप्रेस । शाहजहांपुर

शाहजहांपुर जिले में खुटार रेंज की सिहुरा वीट के जंगल में 12 से अधिक कोरों के पेड़ काटे जाने के मामले में मुख्य वन संरक्षक वी. प्रभाकर ने मौका मुआयना किया। जंगल में कोरों के 13 पेड़ कटे पाए गए। भारी कटान देखकर हैरान हुए चीफ कंजरवेटर ने मौके पर मौजूद खुटार के रेंजर मनोज कुमार श्रीवास्तव सहित वनकर्मियों को फटकार लगाई। खुटार-पूरनपुर हाईवे के दोनों ओर सिहुरा वीट का जंगल है। यह जंगल प्रीतमपुर गांव तक विस्तृत है। इसका दूसरा हिस्सा पीलीभीत तक फैला हुआ है। जंगल से कुछ ही दूर सिहुरा वन चौकी है। यहां वनकर्मियों के रहने के लिए आवास भी बने हैं। हाईवे के किनारे जंगल में कोरो के 13 पेड़ काटकर लकड़ी गायब कर दी गई है। मामला अखबारों की सुर्खियां बना तो शनिवार को रुहेलखंड जोन के मुख्य वन संरक्षक वी. प्रभाकर टीम के साथ जंगल पहुंचे। उन्हें कोरों के 13 पेड़ कटे मिले। चीफ कंजरवेटर ने हाईवे किनारे और वन चौकी से कुछ ही दूर भारी कटान होने के बाद भी किसी को भनक नहीं लगने पर कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए रेंजर और वनकर्मियों को जमकर फटकार लगाई।

## पेड़ों की जड़ से ऊपर का हिस्सा गायब

इसके बाद चीफ कंजरवेटर सिहुरा वन चौकी पहुंचे और काटे गए पेड़ों की जंगल से बची हुई बरामद लकड़ी को देखा। उन्होंने मौके पर पड़े मिले बोटों का काटे गए पेड़ों से मिलान करने के निर्देश दिए। काटे गए पेड़ों की जड़ से ऊपर का हिस्सा गायब है। पेड़ के ऊपरी हिस्से को पेड़ काटने वाले मौके पर ही छोड़ गए थे, जिसे वन चौकी पर लाया गया है। जंगल से कुल 60 बोटे चौकी पर लाए गए हैं। बरामद लकड़ी पर नंबर नहीं होने पर भी चीफ कंजरवेटर ने कड़ी नाराजगी जताई है। चीफ कंजरवेटर ने पेड़ काटे जाने के मामले के खुलासे के लिए खुद अपनी उड़नदस्ता टीम, कंजरवेटर के उड़न दस्ता प्रभारी रमाकांत सक्सेना, शाहजहांपुर के रेंजर शत्रुघ्न प्रसाद और खुटार रेंजर की टीम का गठन किया गया है। टीमों के सहयोग के लिए वन दरोगा हीरालाल, कामता प्रसाद और रमेश कुमार को भी लगाया गया है। चीफ कंजरवेटर ने बताया कि मामले की जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### वनकर्मियों की मिलीभगत की चर्चा

सिहुरा बीट के हाईवे किनारे जंगल से कोरों के 13 पेड़ काटे जाने के मामले में कुछ वनकर्मियों की संलिप्तता की भी चर्चा चल रही है। जंगल के पास दो गांवों में लकड़ी का व्यापार करने वाले तमाम ठेकेदार भी रहते हैं। कटान में इनका हाथ होने की चर्चा है। चर्चा है कि कुछ वनकर्मियों की मिलीभगत से काटे गए पेड़ों की लकड़ी किसी कर्मचारी के घर गैर जनपद में भेजी गई है।

### सात दिन तक नहीं हुई कोई कार्रवाई

चीफ कंजरवेटर की जांच में सामने आया है कि पेड़ सात जनवरी को काटे गए हैं। 13 जनवरी तक पेड़ कटान के मामले में कोई कार्रवाई नहीं होना रेंज कार्यालय में तैनात वनकर्मियों की कार्यशैली पर सवालिया निशान लगा रहा है। चीफ कंजरवेटर की ओर से खुलासे के लिए लगाई गई उड़नदस्ता टीमें भी इसी बिंदु पर जांच को आगे बढ़ा रही हैं। इससे विभाग के स्थानीय अधिकारी, कर्मचारी भी संदेह के घेरे में आ गए हैं। चीफ कंजरवेटर ने मौके पर कार्रवाई के बारे में जानकारी चाही तो कोई कार्रवाई नहीं होने का जवाब सुनकर उन्होंने कई सवाल उठाए। इससे यह साबित हुआ कि कटान के बड़े मामले को वनकर्मी निपटाने के प्रयास में थे। काटे गए पेड़ों की मोटी और कीमती लकड़ी को किसी वाहन से ले जाया गया होगा और छोटी बोटें मौके पर ही छोड़ दी गई, जिससे इन्हें लकड़ी बीनने वाले उठा ले जाएंगे और मामला निपट जाएगा।

### वनकर्मियों पर हो सकती है कार्रवाई

मामले की जानकारी चीफ कंजरवेटर को हुई तो उन्होंने शनिवार को जांच की बात कही थी। इसकी जानकारी खुटार रेंज के वनकर्मियों को हुई तो शुक्रवार रात की मौके पर पड़ी छोटी बोटों को उठाकर सिहुरा वन चौकी पर लाकर रखा गया। इससे यह साबित करने का प्रयास किया गया कि वनकर्मियों ने काम किया है, लेकिन चीफ कंजरवेटर के सवालों के आगे रेंजर से लेकर कोई वनकर्मी टिक नहीं सका और गोलमोल जवाब देने पर खुद फंसते चले गए। इसीलिए चीफ कंजरवेटर से खुलासे के लिए बरेली, पीलीभीत और शाहजहांपुर रेंजर के नेतृत्व में टीमों को लगाया है। इससे खुटार रेंज के वनकर्मियों में कार्रवाई का डर सताने लगा है।

# कोहरे का कहर जारी, मार्ग दुर्घटनाओं में एक की मौत तीन लोग घायल

जन एक्सप्रेस । सीतापुर



**रामकोट।** रामकोट थाना क्षेत्र के अंतर्गत दो अलग-अलग मार्ग दुर्घटनाओं में एक की मौत तीन घायल हो गए। जानकारी के अनुसार डालमिया चीनी मिल जवाहरपुर मार्ग पर 15 वर्षी छात्रा गौरी तिवारी अपने भाई अजय तिवारी निवासी पिपरी मिश्र सुबह करीब 9 बजे रामकोट स्थित ज्ञानस्थली कॉलेज को जा रही थी वही रास्ते में डालमिया चीनी मिल मार्ग पर पेट्रोल पंप के सामने ट्रैक्टर की चपेट में आने से छात्रा के हाथ में चोट आई व भाई भी घायल हो गया। मौके पर इकट्ठा लोगों ने सूचना रामकोट पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस से छात्रा व भाई को इलाज के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया। वहीं दूसरी घटना थाना क्षेत्र के माधवपुर रोड पर अज्ञात वाहन की चपेट में आकर दो चचेरे भाइयों में एक की मौत एक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जानकारी के अनुसार गद्दीपुर निवासी दो चचेरे भाई अंकुल कुमार पुत्र श्रवण कुमार उम्र 22 वर्ष तथा शिवम पुत्र ओंकार उम्र 18 वर्ष खेत पर गन्ना छीलने गए थे। खेत से अपनी ढेलिया से वापस आ रहे थे। इस दौरान किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आकर अंकुल व शिवम बुरी तरह से घायल हो गए। मौके पर इकट्ठा भीड़ ने रामकोट पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस में घायलों को इलाज के लिए जिला चिकित्सालय भेज ददिया। जहां इलाज के दौरान 22 वर्षीय अंकुल की मृत्यु हो गई तथा उसका चचेरा भाई शिवम की हालत गंभीर बताई जा रही है। संबंधित मामलों में रामकोट थाना प्रभारी बलवंत सिंह शाही ने बताया घायलों घायलों को इलाज हेतु जिला अस्पताल भर्ती कराया गया है।



# तेंदुए ने नीलगाय के बच्चे को बनाया निवाला

* इससे पहले भी कई बार बस्तियों की तरफ देखे जा चुके बाघ व तेंदुए
* आबादी क्षेत्र में घातक जंगली वन्य जीवों द्वारा पशु व ग्रामीण बन चुके निशाना

जन एक्सप्रेस । अनुज गुप्ता

**भीरा-खीरी।** भीरा वन रेंज की पड़रिया वन चौकी के पौधे पुरवा गांव के पास एक खेत में तेंदुए ने नीलगाय के बच्चे को निवाला बना लिया है। इस घटना की जानकारी शनिवार सुबह ग्रामीणों को लगी। ग्रामीणों ने इस मामले को वन विभाग को सूचित किया वन विभाग की तरफ से पहुंचे वनकर्मियों ने उस मृत नीलगाय के बच्चे को वहां से ले जाकर दफना दिया है। इस घटना से ग्रामीणों में दहशत का माहौल व्याप्त हो गया है वहीं ग्रामीण मकरंद सिंह, नरेंद्र सिंह, विश्राम सिंह धमेंद्र सिंह आदि का कहना है कि यह घटना हमारे गांव के पास की है,हम लोगों का इस मार्ग पर आना जाना लगा रहता है और इस तेंदुए को लेकर हम लोगों के लिए खतरा बना हुआ है।

> मामले की जानकारी है,नीलगाय के बच्चे का शव पाया गया है तेंदुए ने हमला किया है और हो सकता है अभी भी वहीं आस पास हो, सुरक्षा को लेकर वहां पर सुरक्षाकर्मी तैनात कर दिए गए हैं।
> –राजकुमार शर्मा
> वन क्षेत्राधिकारी (भीरा)

## अयोध्या और वृंदावन के लिए सीधी रोडवेज बस 16 से

**जन एक्सप्रेस/हरदोई।** अयोध्या, वृंदावन जैसे तीर्थ स्थलों को जाने के लिए अब जनपद वासियों को संसाधनों के अभाव का सामना नहीं करना पड़ेगा। राज्य सड़क परिवहन निगम ने आबकारी मंत्री के प्रस्ताव पर चार धर्मनगरियों के लिए सीधी बस सेवा शुरू करने का निर्णय लिया है। 16 जनवरी से अयोध्या, वृंदावन, मेहंदीपुर बालाजी और हरिद्वार के लिए हरदोई से सीधी रोडवेज बस सेवा शुरू हो जाएगी। जनपद से बड़ी संख्या में लोग तीर्थ करने के लिए जाते हैं। हरिद्वार जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए ट्रेनें तो हैं, लेकिन इनमें आरक्षण की परेशानी बनी रहती है। ऐसे में राहत भरी खबर यह है कि हरिद्वार के लिए रोडवेज की सीधी बस सेवा शुरू की जा रही है। उधर, अयोध्या, वृंदावन और मेहंदीपुर बालाजी के लिए हरदोई से न तो सीधी ट्रेन सेवा है और न ही बस सेवा। अधिकांश श्रद्धालु अयोध्या जाने के लिए लखनऊ से साधन पकड़ते हैं, तो वृंदावन और मेहंदीपुर बालाजी जाने वाले श्रद्धालुओं को भी फर्रूखाबाद और आगरा से साधन मिलता है। इन सभी धर्मस्थलों के लिए 16 जनवरी से रोडवेज बस सेवा शुरू हो रही है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### चोरों ने लाखों की संपत्ति पर हाथ किया साफ

**जन एक्सप्रेस/महमूदाबाद(सीतापुर)।** अज्ञात चोरों ने दो अलग अलग जगहों से लाखों की संपत्ति पर हाथ साफ किया। सदरपुर थाना क्षेत्र के थनैतपुर मजरे बनिगवां निवासी अजय कुमार पुत्र जगदम्बा प्रसाद गन्ने से भरी ट्राली गन्ना तौल सेंटर गंगेला में खड़ी किया था, ट्राली को गन्ना समेत अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। थाना क्षेत्र के ग्राम बेंहटा मजरे बेंहटी निवासी रामकुमार पुत्र रामआसरे ने प्रार्थनापत्र देते हुए बताया है की शुक्रवार की रात पीछे की दीवार से चढ़ कर अज्ञात चोर घर में घुस गए और कमरे का ताला तोड़ कर कमरे में रखी अलमारी का ताला तोड़ दिया और उसमे रखी बीस हजार की नगदी सहित करें एक लाख से अधिक कीमत के जेवर चोरी कर रफू चक्कर हो गए।ग्रह स्वामी जब सुबह सोकर उठा तो कमरे में बिखरा पड़ा सामान और अलमारी का टूटा ताला देख कर घर में चोरी होने का पता चला। दोनो पीड़ित ने थाना सदरपुर में प्रार्थना पत्र दे दिया है। थानाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने बताया की तहरीर मिली है हल्का इंचार्ज को जांच के लिए भेज दिया है।

### चीनी मिल में कार्य कर रहा युवक गायब नहीं लगा सुराग

**जन एक्सप्रेस/सुनहरा। लखीमपुर खीरी।** गोला स्थानीय चीनी मिल में कार्य कर रहे शिवकुमार पुत्र हरिराम (25) वर्ष निवासी कोठखेरवा थाना हैदराबाद का बीती रात 2 से 10 की ड्यूटी में कार्य करने आया था, लेकिन वह ड्यूटी से कहीं गायब हो गया है जिसका पता लगते ही चीनी मिल के अधिकारियों ने इसकी सूचना गोला कोतवाली को दी तथा उसके परिवार वालों को भी दी सूचना दी गई ।सूचना पाकर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और मौका मोइना कर देखा। देखने के पश्चात वह उसके साथ कार्य कर रहे साथियों से भी पूछताछ की लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका ।चीनी मिल अधिकारी एवं पुलिस प्रशासन मिलकर तलाश में जुटे हुए हैं।चीनी मिल के पी आर ओ सतीश श्रीवास्तव ने बताया कि मिल प्रशासन पुलिस व उसके परिवार के साथ है तथा हर संभव मदद करने के लिए तैयार है।

### मोहम्मदी के छात्र ने किया अनुवांशिक विज्ञान में टॉप



**जन एक्सप्रेस/सिदाकत मंसूरी। मोहम्मदी खीरी।** मोहम्मदी ग्राम रवींद्रनगर (मियांपुर) कॉलोनी के छात्र सुमन राय (अभिषेक राय) जो मुजफ्फरनगर में रहकर चौधरी छोटू राम डिग्री कॉलेज में बी0 एस0 सी0 एग्रीकल्चर प्रथम वर्ष की पढ़ाई कर रहे हैं। सुमन राय (अभिषेक राय) ने बी0 एस0 सी0 एग्रीकल्चर प्रथम वर्ष में ही अनुवांशिक विज्ञान में पूरे कक्षा में टॉप स्थान प्राप्त किया। जिससे छात्र को स्वर्ण पदक व नगद पुरस्कार से सम्मानित किया गया । छात्र सुमन राय इससे पहले भी हाई स्कूल तथा इंटरमीडिएट में भी टॉप कर चुके हैं।सुमन राय को मुख्यमंत्री कृषि छात्रवृति योजना का भी लाभ मिलता है । सुमन राय ने अपने गांव रवींद्रनगर (मियांपुर) कॉलोनी का ही नहीं वल्कि नगर मोहम्मदी का भी नाम रोशन किया। जिससे कॉलेज के प्रधानाचार्य जी व गुरुजनों ने छात्र सुमन राय को आशीर्वाद देकर उज्जल भविष्य की कामना की है।

### रामगंगा नदी के पुल की मरम्मत, लग रहा जाम

**जन एक्सप्रेस/अल्हागंज।** फर्रुखाबाद-बरेली हाईवे पर अल्हागंज क्षेत्र में रामगंगा नदी पर बने 50 साल पुराने पुल के ज्वाइंट के गर्डर खराब हो गए थे। इस वजह से उनकी मरम्मत का काम किया जा रहा है। पुल पर काम चलने की वजह से जाम लग रहा है। वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हाईवे पर रामगंगा नदी पर बना यह पुल सात सौ मीटर लंबा है। इसमें 21 कुएं बनाए गए हैं। यातायात के लिहाज से यह पुल काफी महत्वपूर्ण है। पिछले कई वर्षों से इसके ज्वाइंट के गर्डर खराब हो गए थे। इसके चलते पुल की मरम्मत की जरूरत महसूस की जा रही थी। पुल की सड़क पर भी गड्ढे हो गए हैं। इस वजह से वाहन बहुत धीरे-धीरे निकल रहे हैं। इस दौरान यातायात में दिक्कतें चल रही थी। पिछले लगभग एक सप्ताह से इस पुल की मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया गया है। सेतु निगम के जेई प्रदीप कुमार ने बताया कि पुल के एक रास्ते के करीब 40 ज्वाइंट्स की मरम्मत होनी है। इसके अलावा कई जगह टूटी हुई रेलिंग की भी मरम्मत होनी है। इस वजह से थोड़ा समय लग रहा है। पुल पर मरम्मत के कारण एक ओर से वाहन निकाले जा रहे हैं। एक ओर का ट्रैफिक रोकना पड़ता है। इस वजह से पुल पर लंबा जाम लग रहा है। हाईवे पर भारी यातायात होने के कारण थोड़ी देर में ही वाहनों की लंबी लाइन लग जाती है। थाना पुलिस के साथ ही होमगार्ड की ड्यूटी लगाई गई है।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा खेल प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

जन एक्सप्रेस । सीतापुर




**बिसवां।** सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज परिसर मे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की तरफ से युवा दिवस तथा स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर कबड्डी, बैडमिंटन, भाषण प्रतियोगिता आयोजित हुई। प्रतियोगिता मे बालिकाओं ने प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम मे अतिथि के रूप मे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य शीतल सिंह उपस्थित रही। प्रतियोगिता का शुभारम्भ अतिथि शीतल सिंह, प्रबंधक सुरेंद्र पाल सिंह, विद्यालय की अध्यक्ष रेनू मेहरोत्रा , प्रधानाचार्य अल्पना अवस्थी, उप प्रबंधक अंकित सिंघल, उपाध्यक्ष एकता गुप्ता, प्रबंध समिति के सदस्य विवेक कुमार गुप्ता, गुंजन सेठ, उमंग राजवंशी, मुदित सिंघल निधि सिंघल, गीता गुप्ता, गुरमीत कौर, विद्यार्थी परिषद के जिला संगठन मंत्री कुलदीप गुप्ता,के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। बैडमिंटन खेल की सीनियर विजेता नीतू वर्मा,उपविजेता शगुफ्ता, जूनियर बालिका विजेता मालती, उपविजेता- लक्ष्मी रही । वही कबड्डी खेल की विजेता टीम मानसी, हिना रानी, अनामिका वर्मा, शिवांजली, आर्या मिश्रा, शशी, रुची, ईशल, मुस्कान, शालू, साक्षी, अंकिता रही। उपविजेता शिवांगी, लक्ष्मी, अंजली, मालती, अंकिता, दीपाली, काजल, अंशी, नंदनी, आराध्या तिवारी, ऐश्वर्या, शौर्या रहीं। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर सौम्या शुक्ला, द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर रहे। सभी विजेताओं को प्रबंधक तथा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने ट्रॉफी व मेडल तथा सर्टिफिकेट देकर उनकी मेधा की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन अध्यापक सुभाष मिश्रा ने किया । उक्त अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं भी उपस्थिति रही।

# अचानक स्टार्ट हुआ ट्रैक्टर किसान को कुचलकर मकान की दीवार से टकराया



जन एक्सप्रेस । शाहजहांपुर

शाहजहांपुर में रोजा चीनी मिल से गन्ना तुलवाकर वापस जाते समय किसान का ट्रैक्टर अचानक बंद हो गया। किसान ने नीचे उतरकर ट्रैक्टर स्टार्ट करने का प्रयास किया। तभी अचानक स्टार्ट हुआ ट्रैक्टर गियर पड़े होने के कारण किसान को कुचलता हुआ मकान की दीवार तोड़कर अंदर घुस गया। किसान की मौके पर ही मौत हो गई। थाना सेहरामऊ दक्षिणी क्षेत्र के ग्राम दिउकली निवासी पूरनलाल (50) शुक्रवार शाम अपनी ट्रैक्टर-ट्रॉली से गन्ना लेकर रोजा चीनी मिल आए थे। शनिवार दोपहर 12 बजे गन्ना तुलवाकर ट्रैक्टर ट्रॉली लेकर घर जाने के लिए निकले। मिल गेट से लगभग दो सौ मीटर चलने के बाद ट्रैक्टर अचानक बंद हो गया। काफी प्रयास करने के बाद ट्रैक्टर स्टार्ट नहीं हुआ। पूरनलाल ट्रैक्टर से नीचे उतरकर उसे स्टार्ट करने का प्रयास करने लगे, तभी अचानक ट्रैक्टर स्टार्ट हो गया। गियर पड़ा होने के कारण ट्रैक्टर चल पड़ा और पूरनलाल को कुचलते हुए अजीत सिंह के मकान की दीवार तोड़कर अंदर घुस गया। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरातफरी मच गई। मौके पर पहुंची थाना रामचंद्र मिशन पुलिस ने घायल को राजकीय मेडिकल कॉलेज भेजा, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने ट्रैक्टर ट्रॉली को अपने कब्जे में ले लिया है। पूरनलाल के परिवार में पत्नी बसंती और तीन बेटे व तीन बेटी हैं। दो बेटों की शादी हो चुकी है। पूरनलाल की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## लखनऊ मंडल में ट्रैक दोहरीकरण एवं नॉन–इंटरलॉकिंग कार्य के लिए 'ट्रेन हैंडलिंग प्लान'

आधारिक अवसंरचना को और सुदृढ़ करने हेतु उत्तर रेलवे द्वारा लखनऊ मंडल में बाराबंकी–अयोध्या कैंट–शाहगंज–जफराबाद सेक्शन के सफदरगंज–सैदखानपुर–दरियाबाद (19.86 कि.मी.) सेक्शन पर दोहरीकरण कार्य के संबंध में प्री नॉन–इंटरलॉकिंग एवं नॉन–इंटरलॉकिंग कार्य किया जायेगा। इस कार्य के संपादन हेतु रेलवे द्वारा दिनांक 15.01.2024 से 24.01.2024 तक विभिन्न अवधियों के उपयुक्त ट्रैफिक ब्लॉक्स लिये जायेंगे। परिणामस्वरूप, ब्लॉक्स की अवधि के दौरान निम्नलिखित रेलगाड़ियाँ अस्थाई रूप से प्रभावित रहेंगी:–

**रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण**

| रेलगाड़ी संख्या एवं रेलगाड़ी का नाम | निरस्तीकरण की तिथि(यॉं) (आरंभिक स्टेशन से) |
|---|---|
| 04203 अयोध्या कैंट–लखनऊ एक्सप्रेस विशेष | 23.01.2024 एवं 24.01.2024 |
| 04204 लखनऊ–अयोध्या कैंट एक्सप्रेस विशेष | 23.01.2024 एवं 24.01.2024 |

**रेलगाड़ियों का मार्ग परिवर्तन**

| रेलगाड़ी संख्या एवं नाम | परिवर्तित मार्ग | तिथि (यॉं) (आरंभिक स्टेशन से) |
|---|---|---|
| 13009 हावड़ा जं.–योगनगरी ऋषिकेश दून एक्सप्रेस | वाराणसी–माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़–लखनऊ | 22.01.2024, 23.01.2024 |
| 13010 योगनगरी ऋषिकेश–हावड़ा जं. दून एक्सप्रेस | लखनऊ–माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़–वाराणसी | 22.01.2024, 23.01.2024 |
| 13151 कोलकाता–जम्मूतवी एक्सप्रेस | वाराणसी–माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़–लखनऊ | 22.01.2024, 23.01.2024 |
| 13307 धनबाद जं.–फिरोजपुर कैंट गंगा सतलुज एक्सप्रेस | वाराणसी–माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़–लखनऊ | 22.01.2024, 23.01.2024 |
| 13308 फिरोजपुर कैंट–धनबाद जं. गंगा सतलुज एक्सप्रेस | लखनऊ–माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़–वाराणसी | 22.01.2024, 23.01.2024 |
| 15623 भगत की कोठी–कामाख्या एक्सप्रेस | लखनऊ–माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़–वाराणसी | 23.01.2024 |
| 18103 टाटा नगर–अमृतसर जं. जलियांवाला बाग एक्सप्रेस | वाराणसी–माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़–लखनऊ | 22.01.2024 |
| 15636 गुवाहाटी–ओखा द्वारका एक्सप्रेस | वाराणसी–माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़–लखनऊ | 22.01.2024 |
| 22426 आनन्द विहार(टर्मि.)–अयोध्या कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस | लखनऊ–सुलतानपुर | 23.01.2024 |
| 22425 अयोध्या कैंट–आनन्द विहार(टर्मि.) वंदे भारत एक्सप्रेस | सुलतानपुर–लखनऊ | 23.01.2024 |
| 13483 मालदा टाउन–दिल्ली जं. फरक्का एक्स. | ज़फ़राबाद–सुलतानपुर–लखनऊ | 23.01.2024 |
| 13484 दिल्ली जं.–मालदा टाउन फरक्का एक्स. | लखनऊ–सुलतानपुर–ज़फ़राबाद | 23.01.2024 |
| 15716 अजमेर जं.–किशनगंज गरीब नवाज एक्सप्रेस | लखनऊ–सुलतानपुर–जौनपुर सिटी–जौनपुर जं.–शाहगंज | 22.01.2024, 23.01.2024 |
| 15025 मऊ जं.–आनन्द विहार(टर्मि.) एक्सप्रेस | शाहगंज–जौनपुर जं.–जौनपुर सिटी–सुलतानपुर–लखनऊ | 21.01.2024 |
| 09466 दरभंगा जं.–अहमदाबाद जं. साबरमती एक्सप्रेस | शाहगंज–जौनपुर जं.–जौनपुर सिटी–सुलतानपुर–लखनऊ | 22.01.2024 |
| 09465 अहमदाबाद जं.–दरभंगा जं. क्लोन विशेष | लखनऊ–सुलतानपुर–जौनपुर सिटी–जौनपुर जं.–शाहगंज | 19.01.2024 |
| 19615 उदयपुर सिटी–कामाख्या कवि गुरू एक्स. | बाराबंकी–गोंडा–गोरखपुर | 22.01.2024 |
| 14650 अमृतसर जं.–जयनगर सरयू यमुना एक्स. | बाराबंकी–गोंडा–गोरखपुर–छपरा | 22.01.2024 |
| 15023 गोरखपुर–यशवंतपुर एक्सप्रेस | गोरखपुर–गोंडा–बाराबंकी | 23.01.2024 |

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें

रेलमदद वेबसाईट दखें: www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

पर हमें फॉलो करें

आज़ादी का अमृत महोत्सव

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा–हमारा ध्येय

163/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

# चोरी के माल सहित तीन शातिर चोर पुलिस गिरफ्त में

जन एक्सप्रेस । सीतापुर



पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में चोरी, नकबजनी की घटनाओं को गम्भीरता से लेते हुए सर्वसंबंधित को घटनाओं को रोकने व अपराधियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं, तभी थाना संदना पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान अभियुक्तगण सुनील कुमार पुत्र श्रीराम नि0 ग्राम कडबडा थाना सकरन जनपद सीतापुर व सतीश कुमार पुत्र प्रमोद उर्फ मेंढक निवासी ग्राम असल थाना संदना जनपद सीतापुर तथा सुभाष पुत्र प्रहलाद निवासी मो0 शिवलोक पुलिस चौकी के सामने त्रिवेणी नगर थाना अलीगंज लखनऊ को गोपालपुर भट्ठी के पास से गिरफ्तार किया गया है। जिसके पास से कुल 10,000 रुपये नगद, एक जोडी पावजेब सफेद धातु,1 गले का हार पीली धातु, 3 हाथ के कड़े सफेद धातु, चार जोड़ी बिछुवा सफेद धातु, तथा 2 तमन्चा मय 2 जिन्दा कारतूस 12 बोर बरामद हुआ है। अभियुक्तगण ने पूछताछ में बताया गया कि वो लोग मिलकर चोरी करते है तथा चोरी के माल को आपस में बांट लेते है। अभियुक्तगण द्वारा चोरी की घटना में संलिप्त स्वीकार की गयी है। तथा गिरफ्तार अभियुक्तगण के पास से बरामद मोटरसाइकिल यूपी32 बीए 1864 को भी सीज किया गया है। जनपद में अपराधियों के विरूद्ध निरन्तर कार्यवाही इसी प्रकार प्रचलित रहेगी। गिरफ्तार चोरों में सुनील कुमार पुत्र श्रीराम नि0 ग्राम कडबडा थाना सकरन जनपद सीतापुर तथा सतीश कुमार पुत्र प्रमोद उर्फ मेंढक निवासी ग्राम असल थाना संदना जनपद सीतापुर तथा सुभाष पुत्र प्रहलाद निवासी मो0 शिवलोक पुलिस चौकी के सामने त्रिवेणी नगर थाना अलीगंज लखनऊ है।

## मिशन साहसी में छात्राओं को बताएंगे आत्मरक्षा के गुर

**जन एक्सप्रेस/हरदोई।** स्वामी विवेकानंद जयंती के मौके पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ओर से युवा महोत्सव का आयोजन किया गया। पहले दिन भाषण, गायन और काव्य प्रतियोगिता हुई। इन प्रतियोगिताओं का परिणाम 25 जनवरी को घोषित किया जाएगा। वहीं, मिशन साहसी में छात्राओं को आत्मरक्षा के बारे में जानकारी दी जाएगी। रसखान प्रेक्षाग्रह में हुए कार्यक्रम में विद्यार्थी परिषद के अखिल भारतीय शोध कार्य सह संयोजक शुभम सिंह सेंगर ने कहा कि विद्यार्थी परिषद ने मिशन साहसी शुरू किया है। बाल मुकुंद प्रसाद, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राजीव रंजन मिश्र ने भी संबोधित किया।

# लेखपाल को घूस लेते रंगे हाथों एंटी करप्शन टीम ने किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर।

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों पर लगाम लगाने का प्रयास जिले में परवान चढ़ने लगा है और वहीं सरकार द्वारा लोगों को जागरूक करने और आमजन में इसकी समझ होने से सरकारी महकमों में भ्रष्टाचार फैलाने वालों पर भ्रष्टाचार निरोधक शाखा नकेल कसने लगी है, जिसका जीता जागता उदाहरण शुक्रवार अपराह्न जनपद के झंगहा थाना क्षेत्र में राजस्व विभाग की नींव कहलाने वाले हल्का लेखपाल द्वारा फिल्ड बुक आख्या प्रेषित करने के एवज में शिकायत कर्ता से पांच हजार रुपए घूस लेते समय एंटीकरप्शन की टीम ने रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया है द्य मामला गोरखपुर जनपद के झंगहा थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम सभा बैजुडीहा निवासी शिवदेव शुक्ल पुत्र स्वर्गीय पलकधारी शुक्ल ने वरासत दर्ज कराने के लिए हल्का लेखपाल अशोक कुमार भारती से मिलकर अपने आवेदन दिया तो वहीं हल्का लेखपाल द्वारा वादी से फिल्ड बुक की आख्या देने के लिए पांच हजार रुपए की मांग की गई।

हल्का लेखपाल द्वारा आख्या देने के एवज में मांगी जा रही रकम की शिकायत शिवदेव शुक्ल द्वारा ट्रेप टीम को आठ जनवरी को दिया गया। वादी की सूचना के आधार ट्रेप टीम ने मामले की जांच के दौरान शिकायत सही पाए जाने पर शुक्रवार को अपरान्ह 5 बजे के आस-पास ट्रेप टीम द्वारा बैजुडीहा निवासी शिकायत कर्ता के घर के पास से लेखपाल को घूस लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया गया द्य ट्रेप टीम में टीम प्रभारी शिवा मनोहर यादव, संतोष कुमार दीक्षित, मनीष चन्द चौहान, सुबोध कुमार सिंह, निरीक्षक नीरज कुमार सिंह, शैलेंद्र कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सहित ट्रेप टीम के सदस्यों ने घुस लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया द्य गिरफ्तार लेखपाल अशोक कुमार भारती के खिलाफ प्रभारी निरीक्षक ट्रेप टीम शिव मनोहर यादव की तहरीर पर धारा 7,13(1) ख धारा 13(2) भ्रष्टाचार अधिनियम की धारा के तहत झंगहा थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया।

### गिरफ्तार लेखपाल बोला- साजिश रच फंसाया गया

वहीं गिरफ्तार लेखपाल अशोक कुमार भारती ने पूछने पर बताया कि मुझे साजिश से फसायां गया है जबकि मैं यह नहीं जानता था कि फाइल में पैसा रखा गया है द्य मौके पर नायब तहसीलदार जाकिर हुसैन भी पहुंचे थे।




# विद्या मंदिर में स्वामी विवेकानंद जयंती पर अभा साहित्य परिषद की कवि गोष्ठी सम्पन्न

जन एक्सप्रेस। महोबा



सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज महोबा के सभागार मे कृांतितीर्थ कार्यक्रम के तहत अखिल भारतीय साहित्य परिषद के तत्वाधान मे तथा प्रधानाचार्य कमलेश सिंह के संयोजकत्व मे स्वामी विवेकाननंद जयंती के उपलक्ष्य एक एक कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया। कवि गोष्ठी का शुभारम्भ गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे रामप्रकाश पुरवार तथा पूर्व प्रधानाचार्य शिवराम गुप्त ने मॉ सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्पार्चन कर किया।

गोष्ठी के प्रारम्भ मे हरनारायण शर्मा पारस ने मॉ सरस्वती वंदना प्रस्तुत की तत्पश्चात उन्होने देश की प्रगति की कामना करते हुए कविता पढ़ी मॉ भारती के लाल प्रिय प्रगति के पथ बढ़ायेगा हर कदम पे देश भक्ति के सुमन चढ़ाये जा। जिसे सराहा गया। प्रमोद सक्सेना ने सद्गुणों पर रचना पढ़ते हुए कहा सदगुण से ही तो सदा मानव की पहचान याद उन्हे करते सदा जो है व्यक्ति महान। समाजसेवी शिवकुमार गोस्वामी ने रचना पढ़ते हुए कुछ इस प्रकार कहा हे प्रभु पुरूष महान तुम्हे अभिननंदन और वंदन है, मेरे देश की माटी तो शीतल वंदन है। संतोष कुमार पटैरिया ने स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डाला। अध्यक्षता कर रहे रामप्रकाश पुरवार ने राष्ट्रभक्ति पर कविता पढ़ते हुए कहा राष्ट्रभक्त अब जाग उठो, कृांतिगीत अब गाना है। सोये हुए अखण्ड देश को फिर से तुम्हे जगाना है।

अखिल भारतीय साहित्य परिषद के जिलाध्यक्ष संगीताचार्य पं0 जगप्रसाद तिवारी ने स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व रचना पढ़ी स्वामी जी की सुनो जयंती मना रहे हम आज है, विद्या मंदिर ने मिलके आज सजायों साज हैं। ओमप्रकाश तिवारी ने बेरोजगारी पर रचना पढ़ी। नही नौकरी मिल रही बैठे हो बेकार, चमचा सन की कृमासे हो जाये उधार। सुनील दीक्षित ने गुरू पर रचना पढ़ते हुए कहा- मेरी श्री गुरू चरणों मे आस कभी जड़ता न दे संत्रास। डॉ0 एलसी अनुरागी, जे0के शिवहरे, हरिश्चन्द्र वर्मा, लखनलाल चौरसिया, नरेन्द्र, श्रीराम स्वर्णकार, रामेश्वरदयाल चैरसिया, डॉ0 उमाशंकर त्रिपाठी, अमरसिंह, ब्रजगोपल शर्मा, विदेश विद्यासन, योगेन्द्र शर्मा, प्रेमप्रकाश शुक्ला आदि ने रचना पढ़कर गोष्ठी की गरिमा बढ़ायी। गोष्ठी का सफल संचालन साहित्यकार संतोष कुमार पटैरिया ने किया। इस अवसर पर वाराणसी से आये अमरनाथ, अरविन्द्र सिंह कछवाह, शिवराम गुप्ता, प्रधानाचार्य कमलेश सिंह, सहित अधिक संख्या मे गणमान्य नागरिक तथा साहित्यकार उपस्थित रहे। आभार संगीताचार्य पं0 जगप्रसाद तिवारी ने व्यक्त किया।

# चरखारी रियासत की राजकुमारी जयति सिंह बुन्देला को मिले पीले अक्षत

जन एक्सप्रेस। चरखारी/महोबा



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं श्रीराम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा समिति चरखारी द्वारा भव्य अक्षत वितरण कार्यक्रम नगर मे चल रहा है समन्वयक कुलदीप भटनागर ने पीले अक्षत देते हुए बताया की यह अक्षत आपको अयोध्या मंदिर आने का आमंत्रण है। 22 जनवरी को अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन हम सबको अपने घर के पास के प्रत्येक मंदिर को सजाना है और उसमें भजन कीर्तन, सुंदरकांड पाठ, आरती आदि धार्मिक कार्यक्रम कर दीपोत्सव करना है जिस प्रकार भगवान के वनवास से लौटने पर सजाया गया था।

इसी तरह अपने अपने घरों में भगवा ध्वज लगाकर अपने नगर को भगवामय करें। इसी अभियान में अक्षत वितरण कार्यक्रम में आरएसएस के जिला कार्यवाहक डॉ. ओम शंकर श्रीवास्तव, समन्वयक कुलदीप भटनागर ने आज रावबाग महल पहुचकर चरखारी रियासत की राजकुमारी व राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना की महिला जिलाध्यक्ष जयति सिंह बुंदेला को पीली अक्षत व निमन्त्रण देकर आर्मंत्रित किया गया है। राजकुमारी जयति सिंह बुंदेला ने निमंत्रण को सम्मान स्वीकार किया और कहा कि पीले अक्षत मिलना बहुत सम्मान का कार्य है भगवान श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा पर वह 22 जनवरी को अपने रावबाग महल को दीपो से सजायेंगी व भगवा ध्वज लहरायेंगी।

# ट्रेन की चपेट में आने से एक छात्रा एक की मौत, दूसरी गम्भीर हालत में रेफर

जन एक्सप्रेस। उरई



कोतवाली क्षेत्र में शनिवार की सुबह घने कोहरे के चलते अजनारी रेलवे क्रासिंग के समीप रेलवे लाइन पार करते समय दो छात्राएं ट्रेन की चपेट में आ गई। जिसमें एक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई, जबकि दूसरी को गंभीर हालात कानपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

डकोर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम ऐर निवासी राजकुमार उर्फ राजू अहिरवार की 17 वर्षीय पुत्री काजोल हाईस्कूल की छात्रा थी। जो मोहल्ला इन्दिरा नगर में एक किराए के मकान में रहकर पढ़ाई कर रही थी। जबकि मुस्करा निवासी छात्रा वर्षा भी मोहल्ला इन्दिरा नगर में ही अपनी मौसी के घर रहकर पढ़ाई कर रही थी, और दोनों ही छात्राएं आपस में सहेलियां थी। शनिवार की सुबह दोनों छात्राएं कोचिंग पढ़ने के लिए कोचिंग सेंटर जा रही थी। तभी अजनारी रेलवे क्रॉसिंग के समीप रेलवे लाइन पार करते समय घने कोहरे के कारण वह ट्रेन की चपेट में आ गई। जिसमें काजोल की मौत हो गई, जबकि दूसरी छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना से मौके पर हड़कंप मच गया और सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने खबर छात्राओं के परिजनों को दी और घायल छात्रा को मेडिकल कॉलेज पहुंचा। जहां से उसे कानपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# रेलवे ट्रैक पर मिले वृद्ध श्रमिक के शव की हुई शिनाख्त

जन एक्सप्रेस। उरई

सदर कोतवाली क्षेत्र में झांसी-कानपुर रेलवे लाइन पर रिनियां गांव के पास शुक्रवार की देर शाम मिले वृद्ध के शव की शिनाख्त शनिवार को हो पाई। इसके बाद पोस्टमार्टम की कार्रवाई पूरी की गई। वृद्ध रिनियां गांव का निवासी बताया गया जो उरई मजदूरी करने आया-जाया करता था। बता दें कि शुक्रवार की देर शाम को एक वृद्ध के रेलवे ट्रेक पर पड़े होने की सूचना पर हल्का इंचार्ज मौके पर पहुंचे थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसकी शिनाख्त कराने का भरसक प्रयास किया। लेकिन आसपास कोई उसे पहचान नहीं सका। इसके बाद पुलिस ने शव को उरई के राजकीय मेडिकल कॉलेज की मोर्चरी में रखवा दिया था। रिनियां गांव निवासी शिवपाल 58 वर्ष शुक्रवार को सुबह अपने घर से मजदूरी करने के लिए उरई की कहकर निकला था। जब वह देर रात तक घर नहीं पहुंचा, तो परिजनों ने उसकी खोजबीन की। उन्हें पता चला कि मोर्चरी में एक अज्ञात वृद्ध का शव रखा है। तो वह पुलिस के पास पहुंचे और फिर मोर्चरी में जाकर शव की पहचान की। शिवपाल की मौत की खबर से परिवार में शोक की लहर दौड़ गई। बताया गया कि वह अपने गांव से उरई मजदूरी करने के लिए आता था। वह रेलवे लाइन के किनारे से ही पैदल आता था और वापस पैदल ही जाता था। इसी दौरान वह किसी ट्रेन की चपेट में आ गया और उसकी मौत हो गई।

# कृषि मंत्री ने कांग्रेस पर बोला हमला

जन एक्सप्रेस। देवरिया

प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने अयोध्या में भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के निमंत्रण को अस्वीकार करने को लेकर कांग्रेस पर शनिवार को हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने तो सुप्रीम कोर्ट में अयोध्या में श्रीराम जन्म भूमि को कहानी और कल्पना बताया था। यह कार्यक्रम केवल भाजपा, विहिप या संघ का नहीं है, बल्कि भगवान राम कोटि कोटि लोगों में बसे हुए हैं और लोग इसकी तैयारी कर रहे हैं।पत्रकारों से बातचीत में श्री शाही ने एक सवाल के जवाब में कहा कि प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में बहुत से लोग आ रहे हैं। आज समाचार पत्रों में मैने पढ़ा कि दो शंकराचार्यो ने कार्यक्रम को अपना आशीर्वाद दिया है तथा आने की बात कही है। जहाँ तक कांग्रेस का सवाल है तो उसने तो सुप्रीम कोर्ट में राम जन्म भूमि को कहानी व काल्पनिक बताया था। कांग्रेस का शुरू से ही इसमे विश्वास नहीं रहा। जो लोग रामलला का दर्शन नहीं कर सकते हैं, वह लोग मंदिर क्या बनवाएंगे। वह लोग हम लोगों से पूछते थे कि राम मंदिर कब बनवाएंगे। अब जबकि पांच सौ वर्षो बाद भगवान राम अपनी जन्म भूमि पर आ रहे हैं तो सवाल खड़ा कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का निमंत्रण देने का कार्य मंदिर समिति कर रही है। यह कार्यक्रम केवल भाजपा, संघ व विहिप का नहीं है, बल्कि देश की कोटि कोटि जनता का है। पूरे देश की आस्था के केंद्र में भगवान राम बसे हैं और लोग इसकी तैयारी भी कर रहे हैं।

# भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में लाभार्थियों को दिए प्रमाण-पत्र

जन एक्सप्रेस। कालपी




नगर पालिका के प्रांगण में विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम का आयोजन पूर्व विधायक नरेंद्र पाल सिंह जादौन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस दौरान शासन के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारियां देकर जागरूक किया गया।

पालिका भवन के परिसर में आयोजित विकसित भारत कार्यक्रम में एसडीएम हेमंत पटेल ने कहा कि शासन के द्वारा जनता के हितों के लिए तमाम प्रकार की लाभकारी योजनाओं को चलाई जा रही है। योजनाओं के लिए सभी को जागरूक रहने की जरूरत है। कार्यक्रम के शुरुआत में शिक्षाविद शैल बिश्नोई के नेतृत्व में सर्वोदय इंटर कॉलेज की छात्राओं वैष्णवी व प्रियांशी देवी ने सर्वप्रथम सरस्वती मां सरस्वती की वंदना प्रस्तुत की। कुमारी प्रियांशी ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इसके बाद पीएम आवास योजना व पीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र व चाबियां देकर सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन लेखाकार हरीभूषण सिंह चौहान ने किया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद सिंह यादव, अशोक बाजपेई, अमित पांडेय, योगिनी रजनी पाल, सत्येंद्र सिंह चौहान, पालिका के सभासदगण, नगर पालिका अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# डीएम-एसपी ने थाना समाधान दिवस में आए फरियादियों की सुनी समस्याएं

जन एक्सप्रेस। उरई



जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक ईरज राजा ने प्रदेश सरकार के मंशानुरूप थाना समाधान दिवस माधौगढ़ में आये फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरतापूर्वक सुनते हुए प्राप्त शिकायतों को समयाबधि के तहत निस्तारण के संबंधित अधिकारी को निर्देश दिये।डीएम ने कहा कि शिकायती पत्रों को गुणवत्तापूर्ण व गुणदोष के आधार पर निस्तारण किया जाए। जिससे फरियादियों को परेशानियों का सामना न करना पड़े। उन्होने कहा कि शिकायतों के निस्तारण के गुणवत्ता की जांच अब सीधे फरियादियों से फोन पर वार्ता कर करें यदि निस्तारण में लापरवाही मिली तो निश्चित ही निस्तारण करने वाले अधिकारियों पर कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। उन्होने कहा कि थाना समाधान दिवस में प्राप्त जमीनी विवाद शिकायतों को सूचीबद्ध किया जाये तथा राजस्व और पुलिस द्वारा गठित टीम मौके पर जाकर बिना किसी पक्षपात के उक्त शिकायतों को समयबधि के अन्दर निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

एसपी ने कहा कि थाना दिवस में छोटी-बड़ी शिकायतों को सूचीबद्ध कर रजिस्टर में दर्ज करा जाये तथा उनका समयसीमा के अन्तर्गत मौके पर जाकर निस्तारण भी सुनिश्चित किया जाये। ताकि उन प्रकरणों की पुनरावृत्ति न की जाये। उन्होने कहा कि शिकायतकर्ता की छोटी से छोटी शिकायतों पर कार्रवाई सुनिश्चित करें। इस अवसर पर थानाध्यक्ष अखिलेश द्विवेदी, तहसीलदार, खण्ड विकास अधिकारी आदि सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# मकर संक्राति आने के सूचक लोकगीत, लमटेरा के स्वर विलुप्त

जन एक्सप्रेस। महोबा

मकर संक्राति का पर्व आने के करीब है परंतु लोक कलाकारो, गायको द्वारा चैपालो पर लोक साज बाज ढोलक मजीरा की थाप पर गाये जाने वाले लमटेरा लोकगीतो के स्वर कही अब सुनाई नही देते। हर त्यौहार के आगमन के उपलक्ष्य मे महीनो पहले से लोग चैपालो पर लोकगीतो का आयोजन करते थे क्योकि लोकगीतो मे उन तीज त्यौहारो के रहस्य, खान पान, मनाने के अंदाजो के उद्धीपन भाव का रहस्य उद्धाटित हुआ करता था। जो लोगो के जीवन मे हर्षोल्लास का संचार किया करते थे जिससे लोगो के दिलो मे त्यौहार मनाने का अकर्षण उत्पन्न हुआ करता था।

चंदेल कालीन युग मे राजधानी महोबा को महोत्सव नगर कहा जाता था उस समय यहॉ लोक कला संस्कृति का बर्चस्व सर्वोपरि रहा है। त्यौहारो के आगमन के महीनो पूर्व से ही लोक नृत्य, लोक गीत गायन शुरू होने से जहॉ त्यौहारो की महिमा का महत्व बढ़ता था वही चैपालो पर एकत्र श्रोताओ व दर्शको मे परस्पर बैठकर सुनने मिलने से प्रेम भावना का संचार हुआ करता था। मकर संक्राति की भोर लोग गायक मण्डली के साथ लोकगीत, लमटेरा गाते लोकवाद्य बजाते नदी तालाबो मे सामूहिक रूप से स्नान करने जाते थे तो त्यौहार की छटा मे चार चांद लग जाते थे।

सावन का त्यौहार रक्षा बंधन आने से पूर्व अषाढ़ के महीने मे खेतो मे हल चलाने वाले किसान व पशु चराने वाले चरवाहे सावन की साखी लोकगीत स्वरो मे गाते दृष्टिगोचर होते थे। सावन के महीने भर पुरापाले की नारियो के साथ महिलाएं ढोलक की थाप पर सावन गीत सरस स्वरो मे गाकर त्यौहार के प्रति हर्षोल्लास प्रकट किया करती थी। मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम द्वारा विजयी दसवी के समय निसाचर रावण का वध कर अयोध्या लौटने के उपलक्ष्य मे मनाये जाने वाले त्यौहार दीपावली के आगमन की उम्मीद पर गांव की चैपालो पर लोकवाद्यो की थाप पर दीवारी नृत्य गान शुरू हो जाते थे जिसमे दीवारी नृत्यक लाठी चलाने के पराक्रम का प्रदर्शन करते नजर आया करते थे। दशहरा से दीवाली तक चलने वाले इन लोकरंगो का अकर्षण देखने के लिए जनसमूह उमड़ पड़ता था।

खेतों मे रबी की फसल लहलहाते देखकर फाल्गुन, पूर्णमासी को मनाये जाने वाले त्यौहार होली के उपलक्ष्य मे पहले से ही लोक गायको द्वारा चैपालो पर लोकगीत फागे गाने का प्रचलन बड़ा दिलचस्प हुआ करता था। बंसत ऋतु के पश्चात फाल्गुन के महीने मे फगुनाहट की उमंग मे जिस तरह अमराई मे कोयल की कूक मन हर्षित करती उसी तरह, कामाग्नि मे झुलसते दिल बिरह की पीड़ा फागो की माध्यम से यू गाने लगते थे- ष्एक गांव मे बसकै रजुआ, कबहूॅ न बोली हंस कैष् बुंदेलखण्ड मे प्रचलित लोक रंगो मे भुजरिया नृत्य गायन, ढिमरयाई नृत्य व गायन, होली नृत्य गायन, दीवारी नृत्य, राई नृत्य जीवन के महोत्सव मे चार चांद लगाने वाली लोक विधाएं है जो अब विलुप्त की ओर अग्रसर हो रही है।

### एससी-एसटी की रिपोर्ट हुई दर्ज

**जन एक्सप्रेस/उरई।** रेढर थाना व कस्बा निवासी कमलेश पुत्र शिवचरण ने थाने पहुंचकर तहरीर देते हुए बताया कि कस्बा के ही जीतू पुत्र राम अवतार राठौर ने उसके साथ जाति सूचक शब्दों का प्रयोग किया और गाली गलौज कर मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। इस पर पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल करने के बाद आरोपी के खिलाफ एससी एसटी एक्ट समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कार्यवाही शुरू की।

### सरकारी कार्य में बाधा डाली, रिपोर्ट दर्ज

**जन एक्सप्रेस/उरई।** शहर कोतवाली क्षेत्र के मंडी केंद्र प्रभारी ब्रजराज यादव पुत्र गिरजा शंकर उत्तर प्रदेश राज भंडार गृह उरई ने कोतवाली पहुंचकर तहरीर देते हुए बताया कि आलोक शिवहरे पुत्र अज्ञात और रवि कुमार पुत्र अज्ञात व तीन अज्ञात व्यक्ति मंडी केंद्र में आए और उसके साथ ड्यूटी के दौरान मारपीट करने लगे। वह सरकारी कार्य में बाधा डाली और गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से चले गए।

# चोरों ने सोने चांदी के आभूषण व नगदी समेत लाखों का माल किया पार

जन एक्सप्रेस। उरई

आटा थाना क्षेत्र के ग्राम जोरा खेरा में शुक्रवार की देर रात वैखौफ होकर घूमी चोरों की बारात ने एक मकान में सेंध लगा दी। जहां से चोर सोने चांदी के कीमती आभूषणों के अलावा नगदी समेट कर रफूचक्कर हो गए। ग्रहस्वामी ने सूचना पुलिस को दी।

आटा थाना क्षेत्र के ग्राम जोरा खेरा निवासी रामऔवतार रोज की तरह शुक्रवार की देर शाम खाना पीना खाकर परिवार सहित बाहर बैठक में सो रहा था। तभी पहले से घात लगाए बैठे चोरों ने देर रात मकान पर धावा बोल दिया और कच्ची छत के रास्ते चोर उसके घर में घुस गए। शातिर चोरों ने सबसे पहले उस कमरे की कुंडी लगाई। जिसमे परिवार के लोग सो रहे थे। उसके बाद फुर्सत से अंदर कमरे में सर्च अभियान चलाया और बक्से तोड़कर उसमे रखी एक सोने की जंजीर, झुमकी मंगलसूत्र, तीन अंगूठी, कुछ चांदी के सामान के अलावा दस हजार की नगदी समेटकर चोर मेन दरवाजे से रफूचक्कर हो गए। सुबह जागे ग्रहस्वामी व उसके परिवार ने कमरे में बिखरा पड़ा सामान देखा, तो उसके पैरों तले से जमीन खिसक गई। ग्रहस्वामी ने सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुची पुलिस ने जानकारी लेते हुए छानबीन शरू कर दी। पुलिस का कहना है कि घटना की जमीनी स्तर पर जांच पड़ताल की जा रही है। जल्द ही घटना का पर्दाफाश किया जाएगा।

# साहब! चोरी की घटना को कोतवाली पुलिस नहीं कर रही उजागर

जन एक्सप्रेस। महोबा

कानून की मदद के लिए पिछले 13 दिनों से अधिकारियों की चैखट के चक्कर लगाने के लिए एक किन्नर मजबूर है। उसके घर मे चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया। नामजद चोरो के खिलाफ तहरीर देने बावजूद स्थानीय पुलिस कोई कार्रवाही नही कर रही। जिससे हताश और परेशान किन्नर पुलिस अधीक्षक कार्यालय भी पहुॅचा है। किन्नर ने उसके घर मे होने वाली चोरी के खुलासे की मांग की है। पीड़ित किन्नर बताता है कि जिस पर उन्हे शंका है वह उसे आए दिन धमका भी रहे है फिर भी पुलिस कोई मदद नही कर रही। न्याय न मिला तो वो सबको बद्दुआ देगी। महोबा मे स्थानीय पुलिस की कार्यशैली से हताश और परेशान किन्नर ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय मे पहॅुचकर न्याय की गुहार लगाई है। यह मामला महोबा शहर का है जहॉ राठ रोड स्थित कांशीराम कालौनी मे रहने वाला मंजू किन्नर शिकायत के बावजूद भी न्याय न मिलने से हताश होकर एसपी कार्यालय पहॅुचा जहॉ उसने प्रार्थना पत्र मे बताया कि 13 दिन पूर्व उसके घर मे एक चोरी की वारदात घटित हुई थी। मंजू किन्नर बताते है कि वह टेउ्न, बाजार, मोहल्लों, मोहल्लों



मांग कर अपना भरण पोषण करता है। पाई- पाई जोड़कर उसने सवा तोले की सोने की एक झुमकी खरीदी थी ताकि भविष्य मे वह उसके काम आ सके लेकिन उसका आरोप है कि घर मे रखी 80 हजार रूपये कीमत की सोने की झुमकी पर पड़ोसी ने हाथ साफ कर दिए और घर से चुराकर ले गए। पीडिता ने इस बावत जब पड़ोसी से अपनी सोने की झुमकी वापिस मांगी तो आरोप है कि उसे सरेआम धमकाया गया। बेइज्जत हुए किन्नर ने पूरे मामले की लिखित शिकायत शहर कोतवाली पुलिस मे की। जिससे भड़के पड़ोसी अब जान से मारने की भी धमकी दे रहे है। आरोप है कि स्थानीय पुलिस ने कोई मदद नही की। किन्नर आरोप लगाता है कि वह कई बार कोतवाली के चक्कर लगा चुका है लेकिन पुलिस द्वारा इस मामले मे कार्रवाही करना तो दूर आरोपियों से पॅूछताछ तक नही की जा रही है और ना ही चोरी का खुलासा हो रहा है। ऐसे मे किन्नर आपबीती लेकर एसपी कार्यालय पहॅुचा और लिखित प्रार्थना पत्र देते हुए नामजद आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाही की मांग के साथ- साथ स्थानीय पुलिस की लापरवाही की शिकायत कर रहा है। किन्नर का कहना है कि वह किसी को बद्दुआ नही देना चाहती, बल्कि वह अपना चोरी गया माल वापस चाहती है। यदि उसे चोरी की गई सोने की झुमकी वापस नही मिली तो वह बद्दुआ देगी।

# पूर्व मंत्री तेज नारायण पाण्डेय ने कार्यकर्ता सम्मेलन एवं खिचड़ी भोज का किया आयोजन

**भारतीय जनता पार्टी केवल ठगने का काम कर रही: तेज नारायण पांडेय**

जन एक्सप्रेस । अयोध्या



समाजवादी पार्टी महानगर कार्यालय लोहिया भवन पर पूर्व मंत्री तेजनारायण पांडे ने कार्यकर्ता सम्मेलन कर खिचड़ी भोज का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव व संचालन महानगर महासचिव हामिदजाफर मीसम ने किया इस मौके पर पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे व महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव व महासचिव हामिद जाफर मीसम ने नवनियुक्त पिछड़ा वर्ग प्रदेश सचिव बृजेश सिंह चौहान व महानगर अध्यक्ष भगवान दीन निषाद को माला पहनाकर स्वागत किया।
इस मौके पर पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे ने सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहां आज भारतीय जनता पार्टी केवल ठगने का काम कर रही और समाज में दुष्प्रचार का काम कर रही है उन्होंने कहां समाजवादी पार्टी और अखिलेश यादव ने रोजगार देने का काम किया उन्होंने आवाहन किया आने वाले 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को हराकर इंडिया गठबंधन को सभी 80 सीटों पर चुनाव जिताना ही एक लक्ष्य है पूर्व मंत्री अवधेश प्रसाद ने सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए 2024 का चुनाव संविधान बचाने का चुनाव है दादा जयशंकर पांडे ने कहा आज भारतीय जनता पार्टी भगवान राम का इस्तेमाल कर चुनाव जीतना चाहती है जिसको हमें बेनकाब करने की जरूरत है जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा हर बूथ पर महिलाओं की भागीदारी बहुत जरूरी है क्योंकि चुनाव जीतने के लिए बूथ को मजबूत होना आवश्यक है। महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर लोकसभा चुनाव की तैयारी में लग जाने के लिए कहा उन्होंने कहा सभी बूथ प्रभारी अपनी बूथ कमेटी को जल्द से जल्द गठन करके लोकसभा चुनाव की तैयारी में लग जाए आज भारतीय जनता पार्टी झूठ का सहारा लेकरचुनाव जीतना चाहती है हमें इनके झूठ जनता के सामने बेनकाब करना है और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के किए गए कार्यों को जनता को बताना है महानगर प्रवक्ता राकेश यादव एडवोकेट ने बताया इस मौके पर राष्ट्रीय महासचिव पूर्व मंत्री अवधेश प्रसाद प्रदेश महासचिव दादा जयशंकर पांडे पूर्व मंत्री तेजनारायण पांडेय पवन जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव महानगर महासचिव हामिद जाफर मीसम, महिला जिलाध्यक्ष सरोज यादव महानगर अध्यक्ष अपर्णा जायसवाल सहित सैकड़ो पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मकर संक्रांति से पूर्व पश्चिम बंगाल की पुरलिया में साधु-संतों पर हमला, महाराष्ट्र के पालघर घटना की पुनरावृत्ति: शरद शर्मा

जन एक्सप्रेस । अयोध्या



हिन्दू पर्व मकरसंक्रांति से पूर्व पश्चिम बंगाल के पुरलिया में साधूसंतों पर हमला महाराष्ट्र के पालघर घटना की पुनरावृत्ति है।यह ममता सरकार की तुष्टिकरण का परिणाम है। पश्चिम बंगाल में भगवाधारी संत भक्त सुरक्षित नही है।विहिप मीडिया प्रभारी शरद शर्मा ने पुरलिया घटना पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल ममता सरकार में जंगल राज कायम हो गया है जहाँ पशुवत व्यवहार किया जा रहा है।ममता सरकार की तुष्टिकरण नीति से साधु-सन्तों में भय व्याप्त हो गया है। श्री शर्मा ने कहा कि पिछले वर्ष महाराष्ट्र में जिस प्रकार से निरीह साधु-संतों को बर्बरता पूर्वक मौत के घाट उतार दिया गया ठीक उसी प्रकार पश्चिम बंगाल में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति हो रही है।उन्होंने कहा कि देश के अनेक भागो से साधु-संत मकरसंक्रांति महापर्व पर गंगा सागर की यात्रा पर गये हैं जो कल्पवास भी कर रहे हैं इस घटना से संतों में भय और आस्थीरता पैदा करने का प्रयास है।वहीं ममता सरकार की नीति और नियत दोनो सदा संदेह के घेरे में रही है ऐसा लगता है कि यह घटना पूर्व नियोजित है इसकी उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए।

# भू वैज्ञानिक पद पर चयनित होकर नवोदय अयोध्या का नाम किया रोशन

जन एक्सप्रेस । अयोध्या



नवोदय अलुमिनी वेलफेयर एसोसिएशन की तरफ से मेधावी छात्रा सुश्री रुचि यादव को ढेर सारी शुभकामनाएं सुश्री रुचि यादव ने वर्ष 2017 में जवाहर नवोदय विद्यालय अयोध्या से अपनी इंटरमीडिएट की शिक्षा पूर्ण कर दिल्ली विश्वविद्यालय से एमएससी की पढ़ाई पूरी करके संघ लोक सेवा आयोग भारत सरकार द्वारा आयोजित परीक्षा में भू वैज्ञानिक का पद प्राप्त कर पूरे नवोदय एलुमिनी एसोसिएशन अयोध्या को गौरवान्वित कर दिया सुश्री रुचि यादव को नवोदय अयोध्या की ओर से डॉ मुकेश प्रताप सिंह, डॉ राम चन्द्र, डॉ बृजेश कुमार पासवान, धर्मपाल पांडेय, सुधांशु मिश्र, वीर सिंह, राजेश कुमार, प्रो. शैलेंद्र वर्मा, सौरभ श्रीवास्तव, राम धन, प्रदीप पटेल, अर्चना द्विवेदी, मृणाली वर्मा, अनूप प्रियदर्शी, अवध बिहारी, सदक हुसैन, बजरंग चौरसिया, गिरिधारी लाल वर्मा, हिमांशु आर्या, निमिष तिवारी, ज्ञान वर्मा, ईश्वर चंद, रोहित मिश्र, पंकज आर्या, अखंड प्रताप, अंबुकेश्वर, वीर सिंह यादव ने खुशी जताई, हार्दिक शुभकामनाएं और धन्यवाद देते हैं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।

# थल, नभ और जल से अभेद्य हुई रामनगरी की सुरक्षा व्यवस्था

जन एक्सप्रेस । अयोध्या



सीएम योगी अयोध्या धाम की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अति संवेदनशील हैं। ऐसे में धाम की सुरक्षा को अभेद्य बनाने के लिए योगी सरकार थल, नभ और जल से रामनगरी की सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता कर रही है। इसके तहत मैनुअल एजेंसियों की तैनाती के साथ टेक्नोलॉजी का भरपूर इस्तेमाल किया जा रहा है।
योगी सरकार ने जहां धाम में एटीएस, एसटीएफ, पीएसी, यूपीएसएसएफ समेत यूपी पुलिस की भारी-भरकम फोर्स को तैनात किया है, वहीं टेक्नोलॉजी के लिहाज से एआई, एंटी ड्रोन, सीसीटीवी कैमरों को लगाया गया है। वहीं सरयू नदी और घाटों पर एनडीआरएफ की टुकड़ी को तैनात किया गया है। इसके साथ ही अयोध्या में मेहमानों की सुरक्षा के लिए बार कोडिंग का इस्तेमाल भी किया जा रहा है।
फोर्स को दी जा रही बिहेवियर ट्रेनिंग अयोध्या आईजी प्रवीण कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के मद्देनजर अयोध्या में भारी पुलिस बल की तैनाती की गई है। इसके अलावा धाम की सुरक्षा को लेकर इसे दो जोन रेड और यलो में बांटा गया है। केंद्रीय एजेंसी में सीआरपीएफ, एनडीआरएफ भी तैनात की गई है। साथ ही इंटेलिजेंस ब्यूरो और रॉ का भी सहयोग लिया जा रहा है। धाम में प्रदेश के विभिन्न जिलों के 100 से अधिक डीएसपी, लगभग 325 इंस्पेक्टर व 800 उपनिरीक्षकों को तैनात किया गया है जबकि मुख्य समारोह से पहले पुलिस और अर्धसैनिक बलों के 11,000 जवान तैनात किये जाएंगे। वहीं वीआईपी सुरक्षा के लिए तीन डीआईजी, 17 एसपी, 40 एएसपी, 82 डीएसपी, 90 इंस्पेक्टर के साथ एक हजार से ज्यादा कॉस्टेबल और 4 कंपनी पीएसी को तैनात किया गया है।
आईजी ने बताया कि कार्यक्रम को देखते हुए और फोर्स को बढ़ाया जा रहा है। वहीं किसी भी स्थिति में चूक की कोई गुंजाइश न रहे इसके लिए सुरक्षा कार्य में लगी सभी एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय हो इस पर भी फोकस किया जा रहा है। चाक-चौबन्द रेल सुरक्षा के लिए भी विशेष इंतजाम किए गए हैं।
जीआरपी को पर्याप्त संख्या में अतिरिक्त सुरक्षाबल दिए गए हैं। धाम में तैनात फोर्स को श्रद्धालुओं और मेहमानों के साथ व्यवहार को लेकर बिहेवियर ट्रेनिंग दी जा रही है। साथ ही श्रद्धालुओं को दर्शनीय स्थलों की जानकारी देने के लिए 250 पुलिस गाइड की तैनाती की गई है। इसके अलावा 14 जनवरी को डिजिटल टूरिस्ट एप को लांच किया जाएगा।

# ससुराली जनों ने विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला, पुलिस ने दर्ज किया मामला

जन एक्सप्रेस । ललिया बलरामपुर

दहेज लोभियों ने विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवपुरा में हुआ। महिला के पिता ने आरोपित पति, सास, ससुर, जेठ, जेठानी, ननद के खिलाफ थाने में तहरीर देकर दहेज उत्पीड़न समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कराया है। मामला थाना ललिया क्षेत्र के सिटकिहवा गांव का है।
थाना क्षेत्र के सुगानगर लहेरी निवासी आंधी गुप्ता ने बताया है कि वह अपने पुत्री रूबी की तीन वर्ष पूर्व शादी सिटकिहवा गांव निवासी अमित कुमार गुप्ता के साथ किया था। शादी में वह अपने सामर्थ्य के अनुसार उपहार देकर लड़की की विदाई किये थे। आंधी गुप्ता का आरोप है कि पुत्री रूबी को ससुराल में पति अमित कुमार गुप्ता, ससुर पन्नालाल गुप्ता, सास आरती, जेठ संतोष कुमार, जेठानी इन्द्रवती, ननद संगीता दहेज में सोने की अंगूठी व सोने की चैन तथा बुलेट मोटर साइकिल की मांग लेकर आये दिन प्रताडित करते थे। बेटी रूबी मायके आकर पूरी जानकारी दे चुकी है लेकिन आर्थिक स्थित ठीक न होने के कारण अतिरिक्त दहेज देने से मैंने इंकार कर दिया था जिससे पुत्री के ससुराली जन काफी नाराज चल रहे थे।
आरोप है कि बीते 11 जनवरी के सायंकाल करीब 7 बजे पुत्री अपने ससुराल में थी और ससुराली जन दहेज की मांग को लेकर पुनः बेटी को प्रताड़ित करने लगे बेटी के विरोध करने पर उसे लाठी डण्डे से मारपीट कर लहूलुहान कर दिया और घर से बाहर निकाल दिया तथा गंदी- गंदी गालियां देते हुए कहा कि कहीं मुंह खोलेगी तो तुमको जान से मार देगें। बेटी का इलाज सीएचसी शिवपुरा में कराया गया है।

# स्वामी विवेकानंद ने पूरी दुनिया को एक नई राह दिखाई: डॉ0 आर.सी. तिवारी

जन एक्सप्रेस । अयोध्या

डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के भौतिकी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग में शुक्रवार को अपराह्न राष्ट्रीय युवा दिवस पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य वक्ता केन्द्रीय विश्वविद्यालय मिजोरम के भौतिकी विभाग के प्रोफेसर एवं पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. आर. सी. तिवारी, प्रो. के.के. वर्मा एवं विभागाध्यक्ष प्रो.गंगाराम मिश्र ने मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन करके किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता डॉ. आर. सी. तिवारी ने बताया कि स्वामी विवेकानंद ने भारत के साथ पूरी दुनियां को एक नई राह दिखाई। उन्होंने युवाओं से कहा था कि आप ही राष्ट्र निर्माता है। इसके लिए एकाग्रता की जरूरत है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि अध्ययन एवं मेहनत सफलता का एक मात्र उपाय है। स्वयं और भगवान पर विश्वास यही मानवता का रहस्य है। स्वामी जी के इसी विचार में सभी समस्याओं का समाधान है। कार्यक्रम में डॉ0 तिवारी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति में विवेकानंद और सीवी रमन से जुड़ी रिसर्च पर चर्चा की।कार्यक्रम में भौतिकी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग के प्रो. के.के. वर्मा ने छात्र-छात्राओं को स्वामी विवेकानंद के जीवन दर्शन से परिचित कराते हुए कहा कि जीवन में लक्ष्य को हासिल करने के लिए निरन्तर प्रयास करें। निःस्वार्थ सेवा के साथ समाज की भलाई में योगदान करें।

# डीएम अविनाश सिंह ने मामला लिया संज्ञान में सड़क निर्माण कार्य रोका गया और जांच टीम की गठित

जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर

**जन एक्सप्रेस**
**खबर का असर**


सड़क निर्माण में अनियमितता से ग्रामीणों में रोष

जनपद के जलालपुर तहसील क्षेत्र के हजपुरा बाजार से रसूलपुर बाकरगंज होते हुए कालेपुर महुवल तक सड़क की मरम्मत का कार्य लोकनिर्माण विभाग के प्रान्तीय खंड द्वारा किया जा रहा है इस समय रसूलपुर बाकरगंज के निकट कांदीपुर सरहद पर सड़क मरम्मत कार्य किया जा रहा है। सड़क मरम्मत को लेकर बरती जा रही अनियमितताओं के चलते ग्रामीणों में रोष है।
ग्रामीणो का आरोप है कि सड़क बिना ठीक से सफाई किए ही धूल-मिट्टी के ऊपर ही ठेकेदार द्वारा गिट्टी डाला जा रहा है जो रगड़ने पर तुरंत उखड़ जा रहा है वहीं बाबा बिरेन्द्र दास त्यागी ने कहा सड़क पर प्रतिदिन लगभग हजारों लोग यात्रा करते है और सड़क पर उन्हें और उनके अपनों को चलना है जबकि अधिकारी और ठेकेदार तो अपना काम निपटा कर चलते बनेंगे। यह सड़क हजपुरा, कजपुरा, रसूलपुर बाकरगंज, दरगाह शाह रमजान, छितौनी, हरिपालपुर से होते हुए मालीपुर तथा शाहगंज को जोड़ती है। सड़क निर्माण में बरती जा रही अनियमितताओं के चलते कुछ समय बाद ही टूट जाएगी, इससे लोगों को सड़क हादसों का शिकार होना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि प्रशासन के उच्च अधिकारियों को इस तरफ ध्यान देना चाहिए।

# राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यो प्रधानाध्यापक को का प्रशिक्षण संपन्न

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में प्राचार्य डायट हिफजुर्रहमान के मार्गदर्शन में नीपा नई दिल्ली के सहयोग से संचालित उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा अभियान समग्र शिक्षा के अंतर्गत राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्य व प्रधानाध्यापको के पांच दिवसीय नेतृत्व क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण का समापन शनिवार को किया गया।
जानकारी के अनुसार 13 जनवरी को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में चल रहे पांच दिवसीय नेतृत्व क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण का समापन किया गया । प्रशिक्षण में पांच दिवसों में सीखे गए नेतृत्व क्षमता के गुणों के आधार पर आगामी तीन वर्ष की विद्यालय विकास कार्य योजना सभी प्रधानाध्यापकों के द्वारा बनाकर प्रस्तुत किया गया । प्रशिक्षण के समापन अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा अपने उद्बोधन में सभी को नई ऊर्जा के साथ कार्य करने की बात कही गई । प्रशिक्षण में संदर्भ दाता के रूप में नित्यानंद चतुर्वेदी प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज इटई रामपुर तथा डॉक्टर चंदन कुमार पांडेय प्रधानाध्यापक राजकीय हाई स्कूल मध्वाजोत द्वारा पांच दिवसीय प्रशिक्षण में नेतृत्व क्षमता के विकास से संबंधित जानकारी दी गई । जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया । इस अवसर पर सेवारत प्रशिक्षण प्रभारी प्रवक्ता डायट पवन कुमार वर्मा, प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज दारी आशीष कुमार मौर्य के साथ साथ अन्य लोग भी उपस्थित रहे ।

# बालिका सशक्तिकरण मिशन अनुवर्ती कार्यशाला का हुआ समापन




जन एक्सप्रेस । अम्बेडकरनगर

एनटीपीसी टांडा द्वारा नैगमिक सामाजिक दायित्व के अन्तर्गत ''बालिका सशक्तिकरण मिशन अनुवर्ती कार्यशाला''-2024 का समापन कर्मचारी विकास केन्द्र में हुआ। कार्यक्रम में एनटीपीसी के अनेक वरिष्ठ कर्मचारी एवं अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बालिका सशक्तिकरण कार्यशाला की बालिकायें व ई-सोल्यूशन फेकेल्टी की सदस्याएं उपस्थित रहीं।
कार्यक्रम के प्रारंभ में उप महाप्रबन्धक (मानव संसाधन) श्रीमती मृणालिनी ने सभी का स्वागत किया। साथ ही बालिका सशक्तिकरण कार्यशाला की बालिकाओं ने सभी अतिथियों का पुष्प देकर उनका स्वागत किया। तत्पश्चात जेम बालिकाओं द्वारा सप्ताहभर प्रशिक्षण उपरान्त सीख पर सुंदर प्रस्तुति की गई। साथ ही बालिकाओं ने सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया। इसके बाद बालिकाओं ने अपने अनुभव साझा किए। उक्त सभी कार्यक्रमों ने लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। साथ ही बालिकाओं की प्रतिभाओं को भी सराहा गया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष (मानव संसाधन) रजनीश खेतान ने कहा की एनटीपीसी बालिकाओं और महिलाओं की शिक्षा और स्वास्थ्य के प्रति समर्पित है। उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं के आत्मविश्वास की प्रशंसा की। उन्होंने सफलता प्राप्त करने के लिए लड़कियों को पहले अपने दिमाग में उस लड़ाई को जीतने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने इस अभियान के इतिहास पर प्रकाश डाला और इसकी सफलता के लिए पूरी एनटीपीसी टांडा टीम को बधाई दी।
उन्होंने आगे कहा कि इन बालिकाओं में हुआ परिवर्तन एनटीपीसी में बालिका सशक्तिकरण अभियान की सफलता की ओर इशारा करता है। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि छः महीने पूर्व आयोजित हुई बालिका सशक्तिकरण मिशन कार्यशाला-2023 की बालिकाओं को पुनः इस साप्ताहिक अनुवर्ती कार्यशाला में बुलाकर प्रशिक्षण दोहराया गया। इस समय अंतराल में एनटीपीसी बालिकाओं के सतत संपर्क में रहा है एवं साथ ही इनमें से चयनित बालिकाओं की बारहवीं तक की पढ़ाई का खर्च एनटीपीसी ही वहन कर रही है।

# भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा मे उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को दिया गया प्रमाण पत्र

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पायनियर पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज में शनिवार को भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा मे उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।
जानकारी के अनुसार 13 जनवरी को शहर के अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पॉयनियर पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज में ''भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा' अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वारा जनपद शाखा बलरामपुर में पूर्व आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 7 अक्टूबर, 2023 को आयोजन किया गया था, जिसमें लगभग 80 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया था। परीक्षा मे लगभग 70 छात्र-छात्राओं को उत्तीर्ण घोषित किया गया। उत्तीर्ण छात्र छात्राओ को गायत्री परिवार शाखा बलरामपुर द्वारा आये हुए दिलीप कुमार श्रीवास्तव, शिव कुमार कश्यप एवं सुनील कुमार वर्मा ने विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डॉ0 एम0पी0 तिवारी के नेतृत्व में विद्यालय के छात्र-छात्राओं को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया।
''भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा' में कक्षा-5 से कक्षा-12 तक छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया था, जिसमें कक्षा-5 से यति प्रकाश, पुष्कर, सक्षम, स्वीकृति, अविरल, श्लोक, अदिती, रिद्धी, कक्षा-6 से अरित्र प्रकाश, दिव्यांश, सुभी, आयुष, आराध्या, नैनसी, आशिता, अलीशा, सबा, कक्षा-7 से देवांश, सिद्धी, सूरज, हर्ष, मो आमिर, कक्षा-8 से गरिमा, आयुश, इलमा, दिशा, अंश, सौर्य, प्रखर, कीर्ति कक्षा-9 से स्नेहाशीष, अदिती, पूर्वी, आयुश, शिवम, हेमंत, स्वारा, विभा, महिमा, यशी, कक्षा-10 से फरहत, दर्शिका, कृष्णा, फैजा, सिद्धार्थ, पलक, माशू, अदिती, उत्कर्ष, यश, कक्षा-11 से आराध्या, असरफ, वैभव, मंदिरा, साक्षी, वर्तिका, शिवांगी, सौभांगी, श्रृद्धि, कक्षा-12 पंकज, आकृति, प्रियंका, रूपेद्र, नुजहत, आलोक, हर्षित, अनामिका, देवांशी, ओजस्वी एवं रूचिका को अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वारा जनपद शाखा बलरामपुर से आये हुए सम्मानित अतिथियो ने छात्र-छात्राओं को ''पानी एवं वाणी'' का उदाहरण देकर संस्कार और नैतिकता का पाठ पढ़ाया। विद्यालय के प्रबंध निदेशक डॉ एम पी तिवारी ने समस्त छात्र-छात्राओं को बताया कि भारतीय संस्कृति विश्व की सबसे प्राचीन एवं महान संस्कृति है जिसकी मिसाल पूरी दुनिया मे दी जाती है। भारतीय संस्कृति सार्वधिक संपन्न और समृद्ध है और अनेकता में एकता ही इसकी मूल पहचान है।

# एक पखवाड़े में तीन नरभक्षी तेंदुओं को वन विभाग ने पकड़ा

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

तराई क्षेत्र में आतंक का पर्याय बन चुके तेंदुओं को पकड़ने का प्रयास वन विभाग द्वारा लगातार जारी है। शनिवार की भोर सुबह में एक नर तेंदुआ वन विभाग द्वारा लगाए गए पिंजरे में फंस गया। वन विभाग द्वारा चलाए जा रहे अभियान में एक पखवाड़े के अंदर पकड़े गए तेंदुओ की संख्या तीन हो गई है। जानकारी के अनुसार 13 जनवरी की भोर सुबह एक नर तेंदुआ बरहवा रेंज के धर्मपुर गांव के पास लगाए गए पिंजरे में फस गया। वन विभाग की टीम ने तेंदुए को अपने कब्जे में ले लिया है। जिला वन अधिकारी सिमरन मुथुरा मेलिंगम ने बताया कि तराई क्षेत्र के बरहवा रेंज व भगवानपुर रेंज में पिछले कुछ महीनो में कई मासूमो की जान लेने वाले तेंदुआ को पकड़ने के लिए कई टीम में लगाई गई हैं। कई गांव के आसपास दर्जनों पिंजरे लगाए गए हैं, जिनके माध्यम से तेंदुआ को पकड़ने का कार्य लगातार जारी है। उन्होंने बताया अब तक तीन तेंदुआ को पकड़ने में सफलता प्राप्त हुई है, जिसमें दो मादा तथा एक नर तेंदुआ शामिल है। उन्होंने बताया कि 3 जनवरी को लाल नगर के पास खेत में देखे गए मादा तेंदुआ को चिकित्सक द्वारा ट्रेंकुलाइज कर जाल में फंसा कर पिंजरे में कैद किया गया था। वन विभाग की टीम ने 6 जनवरी को बरहवा रेंज में ही बेलवा गांव के पास लगाए गए पिंजरे में नरभक्षी मादा तेंदुआ को पकड़ने में सफलता हासिल की, और 13 जनवरी की और सुबह धर्मपुर गांव के बाहर लगाए गए पिंजरे में एक नरभक्षी तेंदुआ फस गया, जिसे कब्जे में लेकर मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है।

# गुलरिहा हिसामपुर में आयोजित हुआ विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम

जन एक्सप्रेस । महराजगंज तराई बलरामपुर




ग्राम पंचायत गुलरिहा हिसामपुर में शनिवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी व तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ला व विशिष्ट अतिथि श्याम मनोहर तिवारी का ग्राम पंचायत प्रतिनिधि अरुण वर्मा ने सभी जनप्रतिनिधियों का स्वागत किया। केंद्र पर प्रदेश सरकार की योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी। लोकगीत के माध्यम से ग्रामीणों को योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी ने बताया की विकसित भारत संकल्प यात्रा के जरिए सरकार समावेशी विकास की दिशा में एक सार्थक पहल कर रही है। सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास के सूत्र के वाक्य को साकार करने के लिए केंद्र व प्रदेश सरकार के विभिन्न योजनाओ से प्रत्येक पत्रों को लंवाभित करने के लिए यात्रा निकाली जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 2047 तक भारत विकसित भारत की सूची में निश्चित रूप में शामिल होगा। तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ला ने कहा कि किसी भी देश के विकास का रास्ता गांव से गुजरता है। मोदी व योगी के नेतृत्व में गारंटी के साथ बिना किसी भेदभाव जानता को योजनाओं का लाभ मिल रहा है। इससे जनता व उनके गांवो का विकास तेजी से हो रहा है।वह दिन दूर जब प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हमारा देश विकसित देश के रूप में खड़ा होगा।
योगी मोदी के नेतृत्व में जाति देखकर विकास नहीं किया जाता है। वह सबका साथ, सबका विकास,व सबका सम्मान के सिद्धांत पर कर रहे हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि श्याम मनोहर तिवारी ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में देश शिखर पर जा रहा है। वही योगी के नेतृत्व प्रदेश सुशासन कायम हुआ व भ्रष्टाचार खत्म हुआ तो विकास का नया आयाम लिख रहा है। भाजपा मंडल महामंत्री प्रवेश मिश्रा ने अन्य प्रशान कराया। सभी ने देश की अखंडता व समराथता की शपथ ली। विकासखंड अधिकारी राजीव मोहन त्रिपाठी ने ग्रामीणों को जनकल्याणकारी योजनाएं व कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी। विभिन्न विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के लाभों के बारे में प्रचार वैन के द्वारा चलचित्र के प्रसारण के माध्यम से ग्राम वासियों को विकास पर आधारित फिल्म दिखाया गया। इस मौके पर सी एच ओ नीतू कुशवाहा, ग्राम पंचायत राहुल शुक्ला, नीरज शुभम तिवारी, अमन कुमार वर्मा विनय कुमार मिश्रा श्याम मनोहर गुप्ता अटल वर्मा मानू सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# पूरनपुर में बन रहे वन्य जीव रेस्क्यू सेंटर का मुख्य वन संरक्षक ने किया निरीक्षण

- कार्यदाई संस्था को निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश
- 19 करोड़ की लागत से 5 हेक्टेयर में किया जा रहा रेस्क्यू सेंटर का निर्माण

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



**पूरनपुर।** पूरनपुर के आरक्षित वन क्षेत्र में वन्य जीव रेस्क्यू सेंटर का निर्माण कार्य किया जा रहा है। बरेली से पहुंचे मुख्य वन संरक्षक ने पीटीआर डिप्टी डायरेक्टर के साथ निर्माणाधीन रेस्क्यू सेंटर का निरीक्षण किया। कार्यदायी संस्था को शीघ्र निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। वर्ष 2022 में लखनऊ राज्य वन्य जीव बोर्ड की बैठक में मुख्यमंत्री की ओर से चार जनपदों के साथ पीलीभीत में भी वन्य जीव रेस्क्यू सेंटर के निर्माण को मंजूरी मिली थी। रेस्क्यू सेंटर निर्माण की अनुमति मिलने के बाद केंद्र ने कैंप (प्रतिपूरक वनीकरण कोश प्रबंधन और योजना प्राधिकरण) के अंतर्गत इस परियोजना के लिए 19 करोड़ का बजट जारी कर दिया था। पूरनपुर के खमरिया रोड पर गोपालपुर के नाम से विकसित सामाजिक वानिकी के पांच हैक्टेयर जंगल में प्रस्तावित वन्य जीव रेस्क्यू सेंटर का निर्माण कार्य किया जा रहा है। रेस्क्यू सेंटर के निर्माण की जिम्मेदारी सीएनडीएस कार्यदाई संस्था को सौंपी गई है। रेस्क्यू सेंटर की बाउंड्री वॉल तैयार हो चुकी है। इन दिनों अस्पताल, गोदाम आदि का निर्माण कार्य किया जा रहा है।अन्य कई भवनों के ढांचों की बुनियाद रखी जा चुकी है। शनिवार मुख्य वन संरक्षक बी प्रभाकर ने पीलीभीत टाइगर रिजर्व डिप्टी डायरेक्टर नवीन खंडेलवाल के साथ रेस्क्यू सेंटर का निरीक्षण किया। निर्माण कार्य की गति सुस्त मिलने पर कार्यदाई संस्था के अभियंताओं को शीघ्र निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए।

> "रेस्क्यू सेंटर निर्माण में आडे आ रहे 38 पेड़ों को काटने की अनुमति मिलने के बाद 30 पेड़ों को काट दिया गया है। पीटीआर से निकलने वाले बाघों को रेस्क्यू के बाद उन्हें पुन: जंगल में रहने के लिए अभ्यस्त करने की जगह नहीं है ।कार्यदाई संस्था को शीघ्र निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं।
> –बी प्रभाकर, मुख्य वन संरक्षक बरेली

**रेस्क्यू सेंटर में यह होंगे निर्माण कार्य**
- तीन क्वॉरंटाइन सेंटर
- चार रेस्क्यू सेंटर
- एक हॉस्पिटल
- एक गोदाम
- आवासीय भवन

### रेस्क्यू सेंटर के अंदर बनाए जाएंगे तालाब

पूरनपुर सामाजिक वानिकी के गोपालपुर के 5 हेक्टेयर आरक्षित वन क्षेत्र में बन रहे वन्य जीव रेस्क्यू सेंटर के अंदर बाघ और तेंदुआ के लिए अलग-अलग बाडा बनाए जाएंगे। केंद्र में तालाब भी विकसित किया जाएगा। रेस्क्यू सेंटर में रहने वाले वन्य जीव इसी विकसित तालाब में अपनी प्यास बुझायेंगे। तालाब में सोलर पंप से पानी भरा जाएगा। आवश्यकता के अनुसार अन्य व्यवस्थाएं भी की जाएगी। रेस्क्यू सेंटर में रखे जाने वाले बाघ और तेंदुआ जैसे वन्यजीवों को जंगल जैसा वातावरण उपलब्ध कराया जाएगा।

### अभ्यस्त होने के बाद पुन: जंगल में छोड़े जाएंगे वन्यजीव

जंगल से निकलकर रिहाईशी इलाकों में पहुंचने वाले वन्यजीवों को पकड़ने के बाद रेस्क्यू सेंटर लाया जाएगा। विशेषज्ञ समय-समय पर इन वन्य जीवों के स्वभाव का अध्ययन करेंगे। जब वह संतुष्ट हो जाएंगे की रेस्क्यू सेंटर में रखा गया बाघ या तेंदुआ पुन: जंगल में रहने का अभ्यस्त हो चुका है तो उसे फिर से टाइगर रिजर्व के किसी रेंज के जंगल में छोड़ा जाएगा।

# ग्रामीणों पर दर्ज मुकदमा वापस न लेने पर भाकियू ने रेलवे स्टेशन पर शुरू किया अनिश्चितकालीन धरना

- मंडल रेल प्रबंधक को संबोधित ज्ञापन प्रभारी निरीक्षक रेलवे सुरक्षा बल को सौंपा

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



**पूरनपुर।** ग्रामीणों के द्वारा अंडरपास में पानी भर जाने की समस्या को लेकर कुछ दिन पूर्व ट्रेन को रोका गया था। जिस पर रेलवे प्रशासन की तरफ से ग्रामीणों पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। शुक्रवार को भाकियू कार्यकर्ताओं ने रेलवे स्टेशन पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया। भाकियू कार्यकर्ताओं ने लोगों पर लिखे गए मुकदमों को वापस लेने की मांग की है। शनिवार को भाकियू ने मंडल रेल प्रबंधक को संबोधित ज्ञापन प्रभारी निरीक्षक रेलवे सुरक्षा बल को सौंपा है। ज्ञापन में बताया है कि पूरनपुर क्षेत्र के किसानों की समस्याओं को लेकर पूर्व में 4 जनवरी 2024 को मंडल रेल प्रबंधक को संबोधित ज्ञापन कार्यालय में दिया गया है। इसके उपरांत भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के द्वारा शनिवार को अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर किसानों की विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए भाकियू ने पूरनपुर रेलवे स्टेशन पर धरना प्रदर्शन सुचारू रूप से जारी किया है। रेलवे विभाग द्वारा बनाए गए सभी अंडरपास समपार में परिवर्तित किए जाए। स्थानीय अंडर पासों में जल भराव की समस्याओं से सैकड़ों गांव के किसानों का कृषि यंत्र प्रभावित हो रहा है। किसानों के बच्चों का विद्यालय आने-जाने में भारी परेशानियां हो रही है। किसानों के कृषि यंत्रों का भी भारी मात्रा में उक्त अंडर पासों से क्षतिग्रस्त का हो गये है। जिसकी तत्काल जांच करा कर सभी अंडरपासों को समपार में परिवर्तित किया जाए। अंडरपास संख्या 174 को तत्काल सक्षम अधिकारी से निरीक्षण कराकर अंडरपास को ठीक करवाया जाए। दूधिया खुर्द रेलवे स्टेशन पर किसानों ने अंडरपास की समस्याओं के संबंध में रेलवे प्रशासन से अपने शिकायत रखने पर रेलवे विभाग द्वारा किसानों पर फर्जी मुकदमे रेलवे सुरक्षा बल के प्रभारी निरीक्षक शाहनवाज हुसैन द्वारा किसानों पर मुकदमें दर्ज किए गए हैं। किसानों के ऊपर लिखे गए मुकदमों को वापस लिया जाए और अंडरपास में जल भराव की समस्याओं से निजात दिलाई जाए। मैलानी जंक्शन से पीलीभीत जंक्शन तक रेल यात्री गाड़ी को जल्द ही चलवाया जाए ताकि पीलीभीत को लखनऊ से जोड़ने वाला बड़ा सपना साकार किया जाना आवश्यक है। इस दौरान जिला अध्यक्ष मनजीत सिंह, जिला प्रभारी दिनेश कुमार ,तहसील अध्यक्ष कलीनगर विक्रमजीत सिंह खैरा, बलजीत सिंह, अरविंद यादव जिला उपाध्यक्ष, श्रीपाल सिंह यादव जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष, बबली देवी ब्लॉक अध्यक्ष पूरनपुर, हसीन बेगम ब्लॉक उपाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, एवं रिहाना बेगम आदि लोग मौजूद रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### युवक हुआ नौ हजार रुपये ठगी का शिकार

जन एक्सप्रेस। जौनपुर/जफराबाद। कस्बे के शेखवाड़ा मुहल्ले के निवासी एक युवक ठगी का शिकार हो गया। उसका एक ठग ने नौ हजार रुपये का चूना लगा दिया। युवक ने थाने में पहुंचकर तहरीर दिया। उक्त मुहल्ले के निवासी इमरान पुत्र जुबेर के मोबाइल पर फोन आया ।फोन करने वाले ने अपना नाम करीम बताया। उसने कहा कि वह अस्पताल में एडमिट है ।उसके खाते में पैसा भेजने पर आ नही रहा है। वह इमरान से बोला कि वह आपके खाते में पैसा ट्रांसफर करवा रहा है। इमरान ने अपना खाता नम्बर दे दिया। खाता नम्बर देने के बाद इमरान के खाते में पैसा आने का मेसेंजे भी आ गया। इमरान से ऊक्त ठग ने कहा कि वह पहले नौ हजार रुपये ही भेजे। एक हजार बाद में बोलेगा तब देना ।इमरान ने मानवता दिखाते हुए नौ हजार रुपये उसके खाते में भेज दिया ।खाते में पैसा भेजने के बाद वह बैंक में जाकर पता लगाया तो पता चला कि उसके खाते में एक भी पैसा ही नही आया है ।उसका अपना नौ हजार गवाने के बाद वह अब पुलिस से मदद मांग रहा है ।थानाप्रभारी सुरेंद्र नाथ सिंह ने बताया कि युवक की तहरीर मिलते ही साइबर क्राइम थाने पर मामले को बता दिया गया है ।प्रयास किया जा रहा है कि युवक का पैसा वापस मिल जाय।

### धन उगाही के आरोप में लेखपाल निलंबित

जन एक्सप्रेस। जौनपुर/बदलापुर। उपजिलाधिकारी अर्चना ओझा ने धन उगाही करने के आरोप में एक लेखपाल को निलंबित कर दिया है। कुशहां प्रथम गांव निवासी चंद्रप्रकाश मिश्र आदि ने आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत किया था कि हल्का लेखपाल यशपाल द्वारा घरौनी बनाने के नाम पर धन उगाही की गई है। जिसके आरोप में एसडीएम ने लेखपाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इस बाबत पूंछे जाने पर एसडीएम ने कहा कि प्रथम दृष्टया लेखपाल को निलंबित कर मामले की जांच की जा रही है।

### युवक को मरणासन्न किए जाने के चार आरोपितों पर केस

जन एक्सप्रेस। जौनपुर/खुटहन। मरहट गांव में शुक्रवार की शाम शाहगंज से वापस घर लौट रहे युवक को चार ब्यक्तियों के द्वारा रास्ते में रोककर लाठी डंडा और कुल्हाड़ी से प्रहार कर मरणासन्न कर दिए जाने के मामले में पुलिस ने घायल की माता की नामजद तहरीर पर चार के खिलाफ जानलेवा हमला सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दिया है। घायल का उपचार जिला चिकित्सालय में चल रहा है। शेख असरफपुर गांव निवासी रीना सिंह ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि मेरा बेटा तेज बहादुर सिंह ब्यक्तिगत काम से शाहगंज गया था। जहां से शाम लगभग आठ बजे घर वापस लौट रहा था। मरहट गांव में उसकी बाइक के सामने पड़ोसी अशोक सिंह, शेर बहादुर, राकेश और सभाजीत आकर खड़े हो गए। वह मार्ग पर ही बाइक रोक दिया। तभी उक्त चारों लोगों ने लाठी डंडा और कुल्हाड़ी से उस पर हमला कर दिया। बेहोशी की हालत में उसे सड़क के बगल झाड़ियों में फेंक कर भाग गए।

### नहीं रहे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी रंपति प्रजपति



जन एक्सप्रेस। जौनपुर/खुटहन। जौकाबाद गांव निवासी व स्वतंत्रता संग्राम सेनानी रंपति प्रजापति का शुक्रवार को निधन हो गया। खबर लगते ही क्षेत्र में शोक की लहर ब्याप्त हो गई। वे 85 वर्ष के थे। निधन की सूचना पर नायब तहसीलदार शाहगंज शैलेन्द्र सरोज और पुलिस के जवान उनके घर पहुंच गए। गार्ड ऑफ ऑनर के बाद शव को तिरंगा से लपेट कर उनका अंतिम संस्कार पूरे सम्मान के साथ सुतौली घाट पर कर दिया गया। मुखाग्नि उनके बड़े पुत्र रामसुंदर प्रजापति ने दिया। स्व प्रजापति देश? मे आपातकाल के दौरान जेल भी गए थे।

### अनुत्तीर्ण अभ्यर्थी बैक पेपर के लिए 15 जनवरी तक कर सकते हैं आवेदन

जन एक्सप्रेस। जौनपुर/सरायख्वाजा। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय द्वारा संचालित पाठ्यक्रम डीफार्मा,बीफार्मा,एमबीए,एमसीए,बीटेक और एलएलबी के अनुत्तीर्ण अभ्यर्थी ऑनलाइन बैक पेपर परीक्षा फॉर्म 15 जनवरी तक भर सकते हैं। परीक्षा नियंत्रक अजीत सिंह ने बताया कि ऐसे छात्र-छात्राएं जो डीफार्मा,बीफार्मा,एमबीए,एमसीए,बीटेक और एलएलबी के अनुत्तीर्ण अभ्यर्थी है। उनके लिए पूर्वांचल विश्वविद्यालय ने स्पेशल बैक परीक्षा आयोजित कराने का निर्णय लिया है इसके लिए आज से 15 जनवरी तक विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर संबंधित छात्र-छात्राओं को बैक पेपर के लिए परीक्षा फॉर्म भरना होगा परीक्षा से संबंधित सभी जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है संबंधित छात्र-छात्राएं विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर परीक्षा फॉर्म भर सकते हैं और परीक्षा शुल्क जमा कर परीक्षा में शामिल हो सकते हैं।

### 'जल ही जीवन है स्वच्छ जल लोगों तक पहुंचना ही लक्ष्य'



जन एक्सप्रेस। जौनपुर/बदलापुर। जल ही जीवन है स्वच्छ जल लोगों तक पहुंचाना ही सरकार का मुख्य लक्ष्य उक्त बातें क्षेत्रीय विधायक रमेश चंद्र मिश्र विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बेलावा कटेहरी में विधायक निधि से निर्मित दो वाटर एटीएम के लोकार्पण के अवसर पर लोगो को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में इन गांवो के निवासी गण को शुद्ध पेयजल प्राप्त नहीं होने से और खारा पानी पीने के कारण ग्रामीण विभिन्न गंभीर बीमारियों से ग्रसित हो जा रहे थे, ग्रामीणों की पीने योग्य शुद्ध जल उपलब्ध कराने हेतु इन गांवों में अपनी विधायक निधि से वाटर एटीएम की स्थापना किया। लोकार्पण के मौके पर विनय कुमार सिंह, प्रधान भीम सिंह सिंह चौहान, बब्लू चौहान, मान सिंह चौहान, प्रमोद सिंह, सुरेंद्र पाठक, संदीप पाठक आदि उपस्थित रहे।

# चुनाव 2024: लोकसभा चुनाव को लेकर जिला प्रशासन ने कसी कमर, सुरक्षा बल ठहराने की देखी व्यवस्था

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



**हजारा(पूरनपुर)।** 2024 लोकसभा चुनाव को लेकर प्रदेश निर्वाचन उच्चाधिकारियों के निर्देश एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के नेतृत्व में तहसीलदार एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी ने नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में पहुंचकर चुनाव के मद्देनजर सुरक्षा एजेंसी एवं पुलिस बल ठहराने की व्यवस्था को देखा। व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए अधिनिष्ठों को निर्देश दिए। लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारी को लेकर प्रदेश निर्वाचन उच्चाधिकारियों के द्वारा चुनाव के मद्देनजर मतदान केंद्रों की व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने एवं सुरक्षा एजेंसी व पुलिस बल ठहराने के लिए उचित व्यवस्था का प्रबंध करने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला अधिकारी को निर्देशित किया है।इधर जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी के दिशा निर्देश पर पूरनपुर तहसील के तहसीलदार हबीब उर रहमान अंसारी एवं पूरनपुर सर्किल के पुलिस क्षेत्राधिकारी आलोक सिंह ने संयुक्त रूप से नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र के थाना हजारा क्षेत्र के अंतर्गत मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया तो वही चुनाव के दौरान सुरक्षा एजेंसियों सीएपीएफ व पुलिस बल को ठहराने के लिए थाना क्षेत्र के लाल बहादुर शास्त्री इंटर कॉलेज चंदिया हजारा नेहरू नगर व शारदा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कबीरगंज विद्यालयों में पहुंचकर सीएपीएफ व पुलिस बल को ठहराने के लिए भवन,शौचालय,नल व्यवस्था देखा और अन्य बिंदुओं पर जानकारी किया और मौके का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए अधीनस्थों से रिपोर्ट मांगा है। तहसीलदार एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी के निरीक्षण के दौरान हजारा थानाध्यक्ष परमेंद्र कुमार राजस्व लेखपाल आशीष निषाद,श्याम मौर्य,भूपेंद्र शर्मा,नरेश चंद्र गंगवार सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

# नेहरू युवा केन्द्र पीलीभीत के तत्वावधान में सड़क सुरक्षा सप्ताह अंतर्गत चलाया गया जागरूकता अभियान

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत




नेहरू युवा केन्द्र पीलीभीत युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में जिला युवा अधिकारी शिवम शर्मा के निर्देशानुसार राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक सहदेव अग्निहोत्री, देवेंद्र, प्रदीप, वीरमती, अमर सिंह, व ट्रैफिक पुलिस से सी. ओ पुलिस यातायात राघवेंद्र के सहयोग से शहर के घौनिया चौराहा पर विभिन्न माई भारत स्वयंसेवको द्वारा सड़क सुरक्षा सप्ताह अंतर्गत जागरूकता अभियान चलाया गया जिसके अंतर्गत यातायात पुलिस के समन्वय से राहगीरों को यातायात नियम पालन करने के सम्बंध में जागरूक किया गया। सभी को बताया गया कि बिना हेलमेट, सीटबेल्ट के उपयोग किये व ओवरस्पीड के साथ ही मोबाईल चलाते समय ड्राइविंग करना सभी के लिये सीधे तौर पर जान जोखिम में डालने जैसा है इसलिये समस्त वाहन चालक सदैव यातायात नियमों का पालन अवश्य करें जिससे कि सभी का जीवन सुरक्षित रह सके। विभिन्न पोस्टर्स व पैम्फलेट के माध्यम से भी माई भारत की टी शर्ट व कैप पहनकर स्वयंसेवको ने राहगीरों को यातायात के नियमों के प्रति जागरूक किया जिसकी सभी ने सराहना की। ज्ञात हो कि एक सप्ताह तक इस प्रकार की जागरूकता सड़क सुरक्षा को लेकर निरन्तर की जा रही है।

# अपर पुलिस अधीक्षक ने शिकायतों के निस्तारण को दिये निर्देश

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



**बरखेड़ा।** थाना समाधान दिवस पर अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार यादव ने लोगो की समस्याएं सुनी तथा विवेचनाओं के सम्बंध में जानकारी ली लंबित विवेचनाओं को शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए एवं एएसपी ने करोड़ चौकी इंचार्ज धर्मपाल सिंह से विवेचना संबंधी जानकारी ली तो उन्होंने कहा कि साहब मुझे टाइपिंग नही आती चाहे नौकरी करवाओ या मुझे निकाल दो चौकी इंचार्ज के जबाब से एएसपी सन्तुष्ट नही हुये और उन्होंने जुम्मेदारी निभाने के स्पष्ट निर्देश दिए।तथा ग्राम अमखिडिया का जमीन सम्बन्धी प्रार्थना पत्र को एएसपी ने राजस्व विभाग को निस्तारण के लिए निर्देश दिए।मौके पर इंस्पेक्टर मृदुल कांत शुक्ल व राजस्व विभाग के लोग मैजूद रहे।



### चौकी इंचार्ज ने अवैध खनन की ट्राली को सीज किया

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

**बरखेड़ा।** जनपद के थाना बरखेड़ा की चिरौनिया चौकी के गांव चिनौरा गांव के नजदीक देवहा नदी से रात के अंधेरे मे अबैध खनन किया जा रहा था। वही मुखबिर की सूचना पर चौकी इंचार्ज जिरौनिया रवीन्द्र बालियान ने अबैध खनन करती हुई ट्रेक्टर ट्राली को पकड लिया और सीज कर दिया वही खनन अधिकारी को रिपोर्ट भेज दी है।

# ग्राम प्रधान पर सरकारी पैसे के गबन का आरोप



- जिलाधिकारी के निर्देश पर जांच करने पहुंचे डीडीओ

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

**गौराबादशाहपुर।** धर्मपुर ब्लॉक के कुछमुछ गांव में गांव निवासी श्रवण कुमार विश्वकर्मा ने जिला अधिकारी को 6 नवंबर 2023 को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया था कि गांव में प्राथमिक विद्यालय से लेकर कब्रिस्तान तक संपर्क मार्ग पर कच्ची मिट्टी का कार्य न करवा कर उस कार्य के एवज में फर्जी तरीके से सरकारी धन का भुगतान करा कर ग्राम प्रधान द्वारा एक लाख दो हजार रुपए का गबन कर लिया गया है। शिकायतकर्ता के प्रार्थना पत्र को संज्ञान में लेते हुए जिलाधिकारी के निर्देश पर डीडीओ विजय यादव ने शनिवार को गांव में पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया तथा ग्रामीणों से पूछताछ पर ग्रामीणों ने भी कार्य होना बताया। हालांकि बरसात में कुछ मार्ग क्षतिग्रस्त अवश्य मिला परंतु बाकी मार्ग सही दशा में पाया गया। इस संदर्भ में पूछे जाने पर डीडीओ विजय यादव ने बताया कि वह अपनी जांच रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को प्रेषित कर देंगे। इस दौरान खंड विकास अधिकारी कृष्ण मोहन यादव तथा ग्राम पंचायत अधिकारी अखिलेश यादव, ग्राम प्रधान लाल जी यादव इत्यादि मौजूद रहे।

## प्राण प्रतिष्ठा में अयोध्या तक पैदल जा रहे कार सेवक का केराकत में हुआ भव्य स्वागत

- रैन बसेरा में ठहरा हुआ था कार सेवक, माल्यार्पण कर अयोध्या किया गया रवाना

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



**केराकत।** अधोध्या में 22 जनवरी को होने वाले रामलला के प्राण प्रतिष्ठा में देश ही नहीं बल्कि दुनिया के कोने कोने से राम भक्त अयोध्या पहुंच रहे है वही बिहार से अयोध्या पैदल यात्रा कर रहे कार सेवक को केराकत पहुंचने पर माल्यार्पण कर अयोध्या के लिए रवाना किया गया। बता दे कि राहगीरों को रुकने के लिए बनाये गये रैन बसेरा में शुक्रवार की शाम भगवा कपड़ा पहने एक युवक आराम कर रहा था जिसके विषय में जानकारी की गई तो वह बिहार राज्य के बडौरा गाँव, थाना रामगढ़, जिला कैमूर का कार सेवक प्रकाश सिंह के रूप में मिली।जो पैदल चलकर अयोध्या में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने जा रहा था। जिसकी जानकारी नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि कृष्णा उर्फ गोलू जायसवाल दी गई। जानकारी होते ही शनिवार की सुबह नगर कार्यालय के कर्मचारियों को कोतवाली चौराहे पर भेज प्रकाश सिंह का जोरदार स्वागत कर माला फूल पहनाकर सकुशल यात्रा की शुभकामना देते हुए अयोध्या के लिए रवाना करवाया गया। इस अवसर पर मुनिल यादव,रमेश उर्फ रामु यादव, सभासद बबलू मद्धेशिया, असल मंसूरी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# भारत विकास परिषद शौर्य ने वन्दे मातरम् महासमूह गान करके रचा इतिहास: प्रान्त प्रचारक

जन एक्सप्रेस । जौनपुर




**जौनपुर।** भारत विकास परिषद शौर्य शाखा के संस्थापक अध्यक्ष डा. संदीप पाण्डेय के नेतृत्व में स्वामी विवेकानन्द जयन्ती राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर एक भव्य आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम संस्था के पदाधिकारियों, सदस्यों, सभी नगरवासियों, विद्यालय के छात्र-छात्राओं और महिलाओं समेत एक ऐतिहासिक और भव्य युवा चेतना शोभायात्रा निकाली गयी जो भण्डारी स्टेशन से कार्यक्रम स्थल बीआरपी कालेज के मैदान तक गयी। जहां कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रान्त प्रचारक काशी प्रान्त रमेश जी, मुख्य वक्ता क्षेत्रीय संगठन मंत्री भारत विकास परिषद विक्रान्त खण्डेलवाल, जिला संघचालक डा. सुभाष सिंह तथा संस्थापक अध्यक्ष डा. संदीप पाण्डेय के हाथों दीप प्रज्ज्वलन करके किया गया। दोपहर 2 बजकर 15 मिनट पर राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम् कार्यक्रम स्थल से गाया गया। जिसमें लगभग 5 हजार लोग उपस्थित रहे। साथ ही साथ इसी समय पर शहर के विभिन्न स्थानों, विद्यालयों, शैक्षणिक संस्थाओं में भी दोपहर 2:15 बजे वन्दे मातरम् गीत गाया गया। संस्थापक अध्यक्ष डा. संदीप पाण्डेय ने अपने स्वागत उद्बोधन में सभी का अभिवादन करते हुए अपने पूर्व के कार्यों के विषय में तथा आने वाली योजनाओं के विषय में चर्चा की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रमेश जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत विकास परिषद शौर्य द्वारा यह भव्य आयोजन ऐतिहासिक है और निश्चित ही संस्था आने वाले समय में इतिहास रचेगी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के ऐसे बहुत सारे विचार प्रवाह संगठन निरंतर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दे रह हैं। उन्होंने स्वामी विवेकानन्द जी के ऊपर एक कविता पाठ किया, जिसने उपस्थित समस्त जनमानस को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्य वक्ता विक्रान्त खण्डेलवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि युगपुरूष स्वामी विवेकानन्द भारत विकास परिषद परिवार के आदर्श हैं इस?लिये स्वामी विवेकानन्द जयन्ती का यह कार्यक्रम हर जगह आयोजित है लेकिन शौर्य शाखा द्वारा किया गया यह भव्य कार्यक्रम ऐतिहासिक है। उन्होंने इसके लिये अध्यक्ष सहित समस्त पदाधिकारियों को बधाई दी। विशिष्ट अतिथि जिलाधिकारी अनुज कुमार झा ने इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि लगभग 15 वर्षों से अपने कार्यकाल में स्वामी विवेकानन्द जयन्ती का इतना भव्य उत्सव नहीं देखा। इसके लिये उन्होंने अध्यक्ष सहित शौर्य परिवार को बधाई दी। कार्यक्रम में महिला संयोजिका ज्योति श्रीवास्तव के नेतृत्व में कई सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। इसके पश्चात् मुख्य अतिथि और सम्मानित मंच के द्वारा कुछ विशिष्ट व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय महासचिव नवीन श्रीवास्तव, प्रमोद राम त्रिपाठी, जिला समन्वयक नीरज श्रीवास्तव, सचिव डा. आनन्द प्रकाश, प्रकल्प प्रमुख प्रमोद मौर्य, सह प्रकल्प प्रमुख आनन्द देव वर्मा, संजीव पाण्डेय, पंकज सिंह, अतुल जायसवाल, अवधेश गिरी, जनार्दन पाण्डेय, जयशंकर सिंह, प्रशान्त सिंह लकी, चंचल पाठक, आनन्द अस्थाना, राजेश, प्रमोद सैनी, सुजीत यादव, सन्दीप चौधरी, अमरनाथ पाण्डेय, अंजू सिंह, रश्मिता सिंह, राहुल अग्रहरि, देवीसेवक शुक्ल, डा. संदीप मौर्य, अमित निगम, प्रमोद शुक्ल, डा. वीके यादव, प्रभाकर सिंह आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन संस्था के उपाध्यक्ष अमित पाण्डेय तथा हर्षित गुप्ता ने किया।

# कानपुर पहुंचे राजनाथ सिंह, पूर्व सैनिक दिवस में होंगे शामिल

जन एक्सप्रेस । विनीत सिन्हा



**कानपुर नगर।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह शुक्रवार दो दिवसीय दौरे पर कानपुर पहुंचे। उनके कानपुर एयरपोर्ट पर उतरने के बाद सबसे पहले शहर के श्याम नगर स्थित हरिहरधाम अपने धार्मिक गुरु संतोष कुमार द्विवेदी से मुलाकात की। फिर वहां से सर्किट हाउस पहुंचे। इसके बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के हरजेन्द्र नगर स्थित आवास पर गये।
इस दौरान चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा बल के जवान तैनात रहे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह रविवार सुबह सेना की ओर से चकेरी स्थित एयरफ़ोर्स स्टेशन पर होने वाले पूर्व सैनिक दिवस कार्यक्रम में भी शामिल होंगे। सेना की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, रक्षा मंत्री कार्यक्रम के दौरान ही शहीदों को श्रद्धांजलि भी देंगे। साथ ही वरिष्ठ सैन्य अफसरों से संवाद भी करेंगे। वहीं, सेना की ओर से होने वाले कार्यक्रम से पहले वह शहर के ओंकारेश्वर सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज की ओर से आयोजित कार्यक्रम में भी शामिल होंगे।

## हाइवे पर आपस में टकराए दो डंपर, चालक परिचालक घायल





जन एक्सप्रेस । उन्नाव

**सात घंटे बाद सामान्य हो सका यातायात**
हाइवे पर दो डंपरों की हुई भिड़ंत के चलते कानपुर जाने वाली लेन पर यातायात प्रभावित हो गया। देखते ही देखते वाहनों की लंबी कतार लग गई। जाम में कई वीआईपी भी फंसे रहे। अजगैन और यातायात पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद जाम खुलवाया। जाम के चलते हाइवे पर तकरीबन सात घंटे बाद यातायात सामान्य हो सका।

अजगैन कोतवाली अंतर्गत कानपुर लखनऊ हाइवे पर शनिवार सुबह पंछी बिहार के पास दो डंपरो की आपस में भिडंत हो गई। हादसे में एक डंपर के चालक परिचालक घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को बाहर निकाल इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।
कानपुर देहात के गजनेर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम आलापुर निवासी बाल कुमार (45) पुत्र कल्लू डंपर चालक है। वह अपने चचेरे भाई जगत (40) वर्ष पुत्र रामधीन के साथ कालपी से मौरंग लेकर लखनऊ गया था। वहां से खाली डंपर लेकर लौटते समय कानपुर लखनऊ हाइवे पर अजगैन कोतवाली क्षेत्र स्थित पंछी बिहार के सामने पहुंचा ही था तभी कट के सामने गिट्टी लदा डंपर का टायर फटने से अनियंति हो गया और खाली डंपर से टकरा गया। हादसे में चचेरे भाई चालक परिचालक घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को केबिन से बाहर निकाल कर इलाज के लिए जिला अस्पताल भिजवा दिया है।

## छत से गिरकर घायल हुई महिला, इलाज के दौरान मौत

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

अजगैन कोतवाली क्षेत्र में छत पर धूप सेंकने गई महिला संतुलन बिगड़ने से छत से नीचे आ गिरी। घायल महिला को सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। अस्पताल के मेमो पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। अजगैन थाना क्षेत्र के मरोचा निवासी मुन्नी देवी 45 पत्नी स्व. रामपाल शुक्रवार को धूप सेंकने छत पर गई थी। संतुलन बिगड़ने से नीचे गिर कर घायल हो गई। परिजनों ने नवाबगंज सीएचसी पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां शनिवार भोर पहर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतका मूल रूप से सोहरामऊ थाना क्षेत्र के बगहा गांव की रहने वाली थी। चचेरे चाचा छोटे नन्हा उसे 30 वर्ष पर्व अपने गांव ले आए थे। 10 वर्ष पर्व पति की बीमारी से मौत हो चुकी है।

## सीएचसी में एनबीएसयू यूनिट होने के बावजूद भी नवजात की मौत जांच का विषय

- सामान्य प्रसव से हुयी बच्ची की सीएचसी में मौत, परिजन सकते में

जन एक्सप्रेस । नवाबगंज/उन्नाव



नवाबगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नवजात शिशुओं के लिए उपकरणों के साथ एनबीएसयू यूनिट की तैनाती है। सीएचसी में उपकरणों के साथ एनबीएसयू यूनिट होने के बावजूद भी नवजात बच्चे की मौत हो जाना, जांच का विषय है। बच्ची को किसी प्रकार का एनबीएसयू यूनिट का इलाज न देने के बावजूद स्वास्थ्य कर्मियों का बच्ची के परिजनों द्वारा बेहतर देखभाल न करने के कारण बच्ची की मौत होने की बात करना केवल पल्ला झाड़ने वाली बात है। यदि बच्ची को समस्या थी तो उसे जिला अस्पताल रेफर भी किया जा सकता था। लेकिन मौके पर मौजूद स्टाफ नर्सो ने ठंड से बच्ची की मौत होने की दुहाई देकर मामले से पल्ला झाड़ दिया।

कस्बा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार रात भर्ती हुई गर्भवती महिला मरीज का सामान्य प्रसव हुआ लेकिन सुविधाओं और देखरेख के अभाव में नवजात शिशु की मौत हो गई। स्वास्थ्य कर्मियों ने नियम विरुद्ध आननफानन प्रसूता को सीएचसी से रवाना कर दिया। जबकि छुट्टी के कागज पर जिस महिला चिकित्सक का नाम लिखा था उनसे बात करने पर उन्होंने बताया कि शुक्रवार रात उनकी डयूटी ही नहीं थी।
सोहरामऊ थाना क्षेत्र के सहरावां निवासी गर्भवती महिला मरीज शालिनी पत्नी मंजय 23 वर्ष को परिजन ने प्रसव हेतु शुक्रवार रात नवाबगंज स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया। जहां भोर पहर करीब 3 बजे सामान्य प्रसव के दौरान उसने एक स्वस्थ बच्ची को जन्म दिया। जिसके बाद करीब 7 बजे बच्ची की सांसे अचानक थम गयी तो परिजन सकते में आ गये। प्रसव कक्ष में मौजूद स्टाफ नर्स ने इमरजेंसी में तैनात पुरूष चिकित्सक को वार्ड में बुलाया तो उन्होंने ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद परिजनों में कोहराम मच गया। प्रसव कक्ष में मौके पर मौजूद स्वास्थ्य कर्मियों ने आननफानन नियम विरुद्ध प्रसूता को भी छुट्टी का कागज पकड़ा दिया और 102 एम्बुलेंस से घर रवाना कर दिया। जबकि प्रसव के बाद स्वास्थ्य केन्द्र पर प्रसूताओं को 48 घंटे रोकने का नियम है।
इस बारे में स्वास्थ्य केन्द्र अधीक्षक डॉ राजेश कुमार से फ़ोन पर सम्पर्क करने पर पता चला कि वह अपने दोनों फोन घर पर छोड़कर नवाबगंज सीएचसी गये है। प्रसूता की छुट्टी के कागज पर लिखी सेवा प्रदाता महिला चिकित्सक रुचि त्रिपाठी ने फ़ोन पर बताया कि शुक्रवार रात उनकी डयूटी नहीं थी। उनकी डयूटी शनिवार सुबह 10 बजे से शुरू हुई। कहाकि दोपहर में स्टाफ नर्स ने उक्त केस के बारे में बताया था कि सामान्य प्रसव से हुई स्वस्थ बच्ची की बाद में मौत हो गई। कहाकि नर्स ने बताया कि ठीक से देखरेख के अभाव में लगता है कि ठंड लगने से बच्ची की मौत हो गई।

## भारत विकास परिषद ने किए कंबल वितरण

जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज/उन्नाव

शनिवार को राजधानी मार्ग स्थित डीएसएम पब्लिक स्कूल में भारत विकास परिषद का कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां दोपहर तीन बजे से जरूरतमंदों को शाम तक कंबल बांटे गये। सर्दी में कंबल पाकर उनके चेहरे खिल उठे। इस दौरान वरिष्ठजनों को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित भी किया गया। पदाधिकारियों ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान दो सौ जरूरतमंदों को कंबल दिये गये हैं। इस मौके पर राकेश श्रीवास्तव, के के श्रीवास्तव, डा. सौरभ मिश्रा, आशुतोष शुक्ला, गोविंद सिंह के अलावा सूर्य कुमार बाजपेई, अवनीश शुक्ला, अंजनी कांत मिश्रा, केदार तिवारी, योगाचार्य उमाशंकर यादव, कमल वर्मा, ओम प्रकाश मिश्रा, डा अनिल शुक्ला, श्रीकांत त्रिवेदी, अंजनी अग्निहोत्री, अनुज, योगेन्द्र देव त्रिपाठी, छोटेलाल शास्त्री, अशोक तिवारी आदि मौजूद रहे।

## सपा बिल्हौर विधानसभा अध्यक्ष के काम को प्रदेश अध्यक्ष ने बूथ स्तर की रणनीति को सराहा

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो



बिल्हौर विधानसभा अध्यक्ष के काम को प्रदेश अध्यक्ष ने बूथ स्तर की रणनीति को सराहा और कहा आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए समाजवादी पार्टी बूथ स्तर की रणनीति में बनाने में दिन-रात एक कर रही है बिल्हौर विधानसभा क्षेत्र के विधानसभा अध्यक्ष इं विनय यादव लखनऊ के प्रदेश कार्यालय में राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मिले थे इसके बाद उन्होंने अपने विधानसभा के बूथों की विस्तृत चर्चा करते हुए तमाम विषयों की जानकारी दी। विधानसभा अध्यक्ष इं विनय यादव से मिले राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी पार्टी कार्यालय मे जमा की नयी बूथ की कमेटी जिसमे बिधानसभा के 14 जोनल अध्यक्ष 51 सेक्टर अध्यक्ष के साथ 433 बूथ अध्यक्ष के साथ एक बूथ पर 27 सदस्य बनाये राष्ट्रीय अध्यक्ष ने निर्देश दिया कि विधानसभा मे रहने वाले हर एक जिले का पदाधिकारी प्रदेश का पदाधिकारी सभी लोग अपने अपने बूथ पर काम करेगे 2024 मे हर बूथ पर जाति के हिसाब से सबको सम्मान मिलेंगे इसके जिम्मेदारी विधानसभा अध्यक्ष की होगी। पार्टी का सबसे मजबूत पद होता है। लोकसभा चुनाव में विधानसभा अध्यक्षों की भूमिका तय करने के लिए ही प्रदेश कार्यालय में आयोजित हुई शिविर में प्रत्याशियों के चयन को लेकर भी दिशा निर्देश दिए गए प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम ने विधानसभा अध्यक्ष के काम करने के तरीके को सभी के सामने सराहा है और कहां है कि इस तरह से काम सभी विधानसभा अध्यक्ष काम करें केवल कागजों पर काम नहीं चाहिए हमको जमीन पर काम का परिणाम चाहिए। समाजवादी पार्टी बिल्हौर विधानसभा में लगभग 80000 वोट पाकर बीते विधानसभा चुनाव में नंबर दो की पार्टी रही थी ऐसे में लोकसभा चुनाव में पार्टी हर कीमत पर अपने प्रत्याशी को जीत दिलाने के लिए सारे संघर्ष करने को तैयार है इधर समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी तमाम आम जनता के लोगों के बीच जाकर उनको पार्टी की सदस्यता दिला रहे हैं ऐसे में पार्टी का लक्ष्य है कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को बूथ स्तर तक से जोड़कर उनका चुनाव में अहम भूमिका साबित कर सके। वर्तमान समय में तमाम गुट बाजी को दरकिनार करते हुए विधानसभा अध्यक्ष के नेतृत्व में विधानसभा की इकाई का नवनिर्माण किया गया है जिसमें समाज के सभी वर्गों को जोड़ने की भी बात कही गई है।

## गंगाघाट कोतवाली में हुआ समाधान दिवस का आयोजन

जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज/उन्नाव

शनिवार को गंगाघाट कोतवाली में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के रहने वाले लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। इस दौरान कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति और तहसीलदार अविनाश चौधरी ने फरियादियों की समस्याएं सुनी। जहां कुल 7 लोग फरियाद लेकर पहुंचे। जिसमें 4 मामले राजस्व से संबंधित आए। वहीं 6 मामले पुलिस से संबंधित भी आये। जिसमें एक मामलें को निस्तारित कर दिया गया। अन्य मामलों को निस्तारण के लिये संबंधित कर्मियों को सौंपा गया है। वहीं राजस्व के मामले न निस्तारित होने पर फरियादी मायूस होकर लौट गये।

## महानगर में निमंत्रण देने निकली 1822 टोलियां

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



श्रीराम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा समारोह समिति के तत्वधान में बीते दिन महानगर में 1822 टोलियां निकलीं
राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति तथा प्रो.विनय पाठक को विहिप प्रान्त कार्याध्यक्ष डा.उमेश पालीवाल, विहिप प्रान्त संगठन मंत्री परमेश्वर, प्रांत उपाध्यक्ष अटल प्रताप सिंह, विभाग संगठन मंत्री पीयूष ने अक्षत देकर आमंत्रित किया।
तथा प्रमुख व्यवसायी संदीप अरोड़ा, अमन घई को प्रात संघ चालक भवानी भीख अक्षत भेंट करके प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की सूचना दी तथा अयोध्या हेतु आमंत्रण दिया। पूर्व जिले में भाग संघचालक मोहन जी के नेतृत्व में प्रातः 7 बजे से ही रामभक्त अक्षत वितरण हेतु निकले। बर्रा में प्रांजल जी, चकेरी में आकाश यादव, डिफेंस कॉलोनी में शुभम, घंटाघर में कालीचरण, शिवाला में आशीष गुप्ता, रावतपुर में आशीष त्रिपाठी पश्चिम में नरेश अभिषेक शुभम पटेल उत्तर में शंभू जी समेत अक्षत वितरण हेतु रामभक्त निकले।

## मिश्रिख लोकसभा सांसद अशोक कुमार रावत के प्रयास से क्षेत्रीय जनता एक्सप्रेसवे का उठाएगी लाभ

जन एक्सप्रेस । हरिनाथ सिंह



बिल्हौर विधानसभा क्षेत्र मे सड़क परिवहन एवम् राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को मिश्रिख लोकसभा सांसद अशोक रावत ने पत्र लिखकर लोकसभा में विकास कार्य की मांग की थी जिसके बाद अब विकास कार्य को लेकर मिली मंजूरी बिल्हौर विधानसभा के तात्पर्य रहते हुए मिश्रिख लोकसभा सांसद अशोक कुमार रावत ने पत्र लिखकर ग्रामीण अंचल तक विकास कार्य मागा था सांसद अशोक कुमार रावत ने बिल्हौर विधानसभा की जनता को सुदृढ़ सड़कें व्यवस्था की मंजूरी मिलते ही मिश्रिख लोकसभा की जनता में खुशी की लहर दौड़ गई
बिल्हौर विधानसभा में 119 किलोमीटर लंबाई लखनऊ इटावा मार्ग को हजारों गांवो को जोड़ता हुआ ककवन मद्दुपुल रोड फत्तेपुर अंबारीहार से पूरा, नाधिया मार्ग, कुरौली, अनेई, सलेमपुर, डुडवा जमौली मार्ग का चौड़ीकरण से क्षेत्रीय जनता में खुशी जाहिर की वही कानपुर अरमापुर से नहर पटरी जनखत मंडी विषधन रोड एक्सप्रेस वे तक लोवर कैनाल नहर पटरी पर 4 लेन की मिली स्वीकृत से भी लोगों में खुशी बनी हुई है ।
अब कानपुर से विषधन ककवन तक फर्राटा भरेंगे जल्द ही बड़े वाहन जिससे दूरी कम तय कर जल्द पहुंचेगे। मैनावती मार्ग लगभग 16 किलोमीटर बिठूर से लेकर खेरेश्वर मंदिर तक जल्द निर्माण कार्य शुरू होगा । क्षेत्रीय लोग मिश्रिख लोकसभा सांसद अशोक कुमार ने सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को लिखा था पत्र जिसकी अब मंजूरी मिल गई है जल्द ही निर्माण कार्य शुरू किया जायेगा। बिल्हौर विधानसभा के भजपा कार्यकर्ताओं ने बिल्हौर आगमन पर हर बार क्षेत्र की विकास के लिए मांग करते रहे उसी क्रम में सांसद भी दिल्ली तक अधिकारियों को सूचित करते रहे जिसके परिणाम स्वरूप सड़कों की मंजूरी मिल गई जल्द काम चालू होगा।

## अनियंत्रित बाइक खंती में गिरी, अधेड़ की मौत

- भतीजे के साथ बहन को खिचड़ी देने गया था मृतक
- हादसे के बाद भतीजा मौके से बाइक लेकर हुआ फरार

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

असोहा थाना क्षेत्र में बरौली दरसवा मार्ग पर उदयतखेडा गांव के समीप मार्ग के किनारे खंती में बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। हादसे में बाइक सवार अधेड़ की मौत हो गयी। उसके साथ रहा भतीजा बाइक लेकर घर चला गया। ग्राम प्रधान की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर परीक्षण के लिए भेज दिया।पुलिस घटना की जांच कर रही है।
असोहा थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव निवासी चन्द्रपाल (55) पुत्र सुब्बा अपने भतीजे शिवधार के साथ बाइक से थाना क्षेत्र के ही पैंथर गांव स्थित बहन को खिचड़ी देने गया था। बताते है कि वह से वापस घर जाते समय बरौली दरसवा मार्ग पर उदयतखेडा गांव के समीप मार्ग के किनारे खंती में बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। हादसे में चन्द्रपाल की मौके पर ही मौत हो गई। बताते है कि उसका भतीजा बाइक लेकर घर चला गया। सुबह जब ग्रामीणों ने खंती में शव देखा तो ग्राम प्रधान कुलदीप को सूचना दी। प्रधान की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त करने के लिये आसपास के गांवों में सूचना दी। मृतक की फोटो देख ग्रामीणों ने शव की शिनाख्त चन्द्रपाल के रूप में की। शव की शिनाख्त होने पर पुलिस ने परिजनों को सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा है। मृतक की पत्नी विद्यावती ने बताया कि शुक्रवार की शाम को चन्द्रपाल ननद के यहां खिचड़ी देने गए थे। देर शाम भतीजा शिवाधार घर आ गया लेकिन उसने घटना की बाबत किसी को जानकारी नहीं दी। मृतक अपने पीछे चार पुत्र संजय, सन्दीप, दिलीप, सुजीत व एक पुत्री रेखा को छोड़ गया है। घटना से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों की माने तो दोनों व्यक्ति शराब के लती है। शराब के नशे व घने कोहरे के चलते यह दुर्घटना हुई है। थाना प्रभारी राजकुमार ने बताया कि अभी तक कोई प्रार्थना पत्र नही मिला है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही की जाएगी।

## विजय कपूर समेत सैकड़ों उद्यमियों को मिला अयोध्या पहुंचने का निमंत्रण

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



प्रभु श्री राम के नवनिर्मित मंदिर की प्राणप्रतिष्ठा का आमंत्रण देने हेतु विश्व हिन्दू परिषद के पदाधिकारीगण राजीव महाना (प्रान्त अध्यक्ष), परमेश्वर (प्रान्त संगठन मंत्री) पीयूष (विभाग संगठन मंत्री), डा.उमेश पालीवाल (विभागाध्यक्ष) अपने सहयोगियों के साथ कोआपरेटिव इस्टेट पधारे एवं चेयरमैन विजय कपूर एवं उद्यमियों को पीले अक्षत देकर दिनांक 22 जनवरी, 2024 को होने जा रहे श्री राम लला के नूतन विग्रह कीं प्राण-प्रतिष्ठा में पधारने का निमंत्रण दिया और सभी को अंगवस्त्र एवं माला पहनाकर अभिनन्दन किया। प्रान्त संगठन मंत्री परमेश्वर ने 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में होने वाले कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा करते हुए, उद्यमियों से अपील की कि प्राण-प्रतिष्ठा के दिन अपने अपने क्षेत्र में रामभक्तों को एकत्र कर मंदिरों में सजावट करके, भजन-कीर्तन करें और टेलीविजन अथवा स्क्रीन लगवाकर प्राण-प्रतिष्ठा समारोह समाज को दिखाने का प्रवन्ध करें।
चेयरमैन विजय कपूर ने कहा कि हम सौभाग्यशाली हैं जो मन्दिर को बनता हुआ एवं प्रभु श्री राम के नवीन विग्रह को विराजित होते हुए देख रहे हैं। अपने सम्बोधन में विश्व हिन्दू परिषद के आये हुए पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे और यहॉ के उद्यमी सदैव राष्ट्र-कार्य और प्रभु कार्य में उनके साथ खड़े हैं और खड़े रहेंगे। इस अवसर पर विजय कपूर के साथ प्रमुख रूप से उद्यमी कार्तिक कपूर, हरीश ईसरानी, सुशील मोहन टकरू, प्रेम राज, पम्मी खन्ना, राजेन्द्र गुप्ता, अरूण जैन, शरद शर्मा, अनूप कुशवाहा, शिशिर चौरसिया, गुंलशन कपूर, अवधपाल सिंह, भीमसेन, प्रवीन विज, अंश चन्देल, श्याम बिजलानी, महेश मखीजा, यशपाल सचान, परविन्दर सिंह, हरमीत सिंह, अमर नाथ (प्रान्त सहसंयोजक बजरंगदल) आनन्द सिंह (जिला उपाध्यक्ष विहिप), आकाश यादव (जिला संयोजक विहिप), मुकेश (जिला मंत्री विहिप), विवेक एवं दिलीप सिंह आदि उपसिथत रहे।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के दौरान ब्लॉक प्रमुख ने गिनाई सरकार की उपलब्धियां




जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

ग्राम पंचायत बैकुंठपुर विकासखंड कल्याणपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कंपोजिट विद्यालय बैकुंठपुर के बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कल्याणपुर विकासखंड की प्रमुख श्रीमती अनुराधा अवस्थी पहुंची। इस मौके पर संबोधित करते हुए श्रीमती अनुराधा अवस्थी ने कहा कि वर्तमान सरकार पूरे देश में जनकल्याणी योजनाएं चल रही है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सहायक विकास अधिकारी पंचायत अतुल शुक्ला, ग्राम प्रधान बैकुंठपुर बलवीर यादव, ग्राम प्रधान हृदयपुर रूपराम ग्राम पंचायत अधिकारी श्रीमती श्वेता तिवारी, ग्राम पंचायत से आलोक दीक्षित ऋषी त्रिपाठी शिवम् दीक्षित व ग्राम पंचायत के निवासी, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर पुनीत सिरहा आदि लोग उपस्थित रहे।

## पीएनसी कंपनी के ट्रैक्टर ने दो बाइक में मारी टक्कर, तीन घायल



जन एक्सप्रेस । चौबेपुर। चौबेपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत देदूपुर गांव रामा भट्ठा के पास पीएनसी कंपनी के तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने दो बाइकों पर सवार तीन युवकों को जोरदार टक्कर मार दी घटना में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस में दोनों घायल युवकों को हैलेट अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया है। सूत्रों के मुताबिक देवेंद्र त्रिवेदी उम्र 18 वर्ष पुत्र अनिल त्रिवेदी ग्राम मोमिनपुर जिला उन्नाव बीएससी एग्रीकल्चर का पेपर देने भईसऊ गांव अपने साथियों अनुज कुमार उम्र 19 वर्ष पुत्र राम कुमार उन्नाव, निशु उम्र 20 वर्ष पुत्र सुशील कुमार निवासी जिला उन्नाव, के साथ सुबह 10:30 बजे जा रहा था कि तभी देदूपुर के पास पीएनसी कंपनी में कार्यरत ट्रैक्टर ने जोरदार टक्करमार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों मोटर साइकिलों के परखच्चे उड़ गए। घटना में देवेश त्रिवेदी और अनुज कुमार को गंभीर चोटें आई है। घटना की जानकारी मिलते ही चौबेपुर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को घटनास्थल से उठाकर हैलेट अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया है।

## चोरी का खुलासा करने पर बिठूर थाने की टीम व स्वाट टीम को मंधना व्यापार मंडल ने किया सम्मानित



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

बिठूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत बीते दिन सोमवार को टेलीकॉम की दुकान में चोरों द्वारा चोरी की घटना कारित की गई थी। जिसका खुलासा करने पर बिठूर थाने की टीम व स्वारट टीम को मंधना व्यापार मंडल के पदाधिकारी ने बीते दिन शनिवार को मंधना चौकी में बिठूर थाना प्रभारी अतुल कुमार सिंह, उप निरीक्षक राजकुमार, उप निरीक्षक शुभम देशवाल, उप निरीक्षक प्रमोद कुमार, उप निरीक्षक पुष्पेंद्र सिंह, हेड कांस्टेबल विपिन कुमार, कांस्टेबल रणदीप, कांस्टेबल प्रदीप सिंह, कांस्टेबल आशीष कुमार, के अलावा सर्विलांस व स्वारट टीम उप निरीक्षक शिव प्रताप सिंह, हेड कांस्टेबल सैयद मोहम्मद इमरान, कांस्टेबल अवधेश कुमार, कांस्टेबल धर्मेंद्र कुमार को सम्मानित किया। सम्मानित करने वालो में रमेश टेलीकॉम के प्रोपराइटर सुनील कमल, एडवोकेट विनय सिंह, अजय कमल, समाजसेवी सोनू पाल, भोला, बबलू खान, सनी गुप्ता, राहुल प्रताप सिंह प्रधान, रंजन यादव परचून जनरल स्टोर तिवारी टेलीकॉम एंड गारमेंट् अमित टेलीकॉम, संतोष गारमेंट, देवेंद्र, अंशु आदि लोग उपस्थित रहे।

## अलाव जलवाने के लिए दिया पत्र

जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज/उन्नाव। इस्लामिक मिशन के महामंत्री मौलाना तहसीन रजा कादरी ने अधिशाषी अधिकारी को पत्र देते हुये बताया कि पालिका की ओर से अधिकांश वार्डों में अलाव की व्यवस्था कराई गई है लेकिन इधर भीषण सर्दी पड़ने के बावजूद गोताखोर मलिन बस्ती में अलाव नहीं जलवाया गया है। जिससे बस्ती में रहने वाले लोग सर्दी में ठिठुर रहे हैं। उन्होंने ईओ को पत्र देकर अलाव जलवाने की मांग की है। जिस पर ईओ ने जल्द अलाव की व्यवस्था कराने का आश्वासन दिया है।

## अचानक गलन और सर्द हवाएं चलना हुई शुरू

जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज/उन्नाव। शुक्रवार रात से अचानक गलन और सर्द हवाएं चलना शुरू हो गई। सर्दी में बर्फीली हवाओं ने लोगों को झकझोर दिया। सुबह के समय अचानक कोहरे की धुंध छा गई। कोहरा इतना अधिक था कि पास का खड़ा व्यक्ति तक नहीं दिख रहा था। वहीं दोपहर के सयम धूप तो निकली लेकिन वह बेअसर रही। गलन बराबर जारी रही। शाम चार बजे से और ठंड बढ़ गई। हर कोई ठिठुरता नजर आया। शाम पांच बजे मानो अंधेरा सा छा गया गलन भी बढ़ गई। लोग अपने काम निपटा कर जल्द घर की ओर भागते दिखे। सुबह के समय अधिक सर्दी होने के कारण बैराज मार्ग, आजाद मार्ग, फोरलेन के अलावा नवीन पुल से आने जाने वाले वाहन सवार अपने वाहनों की लाइटें जलाकर गुजरे। वहीं कोहरे की धुंध होने के कारण कुछ बाइक सवार अपने लाइटों में पीली पन्नी लगाकर गंतव्य को रवाना हुये।

# मल्लिकार्जुन खड़गे को इंडिया गठबंधन का चेयरपर्सन बनाया गया

## बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने संयोजक बनने से इनकार किया

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

विपक्षी गठबंधन की बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को गठबंधन का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वहीं बैठक में बिहार सीएम और जदयू के नेता नीतीश कुमार ने संयोजक पद ठुकरा दिया। इसकी पुष्टि बिहार सरकार के मंत्री संजय झा ने भी की है। बैठक में नीतीश कुमार ने कहा कि उनकी संयोजक बनने की कोई इच्छा नहीं है बल्कि वह चाहते हैं कि गठबंधन जमीन पर मजबूत बने और बढ़ता रहे। विपक्षी गठबंधन की वर्चुअल बैठक में नीतीश कुमार ने सलाह दी कि कांग्रेस में से किसी को यह जिम्मेदारी लेनी चाहिए। गौरतलब है कि पिछली बैठक में भी टीएमसी चीफ ममता बनर्जी और सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बनाने की बात कही थी।



### टीएमसी और कांग्रेस में नहीं बन पा रही सहमति

ममता बनर्जी के बैठक में शामिल ना होने पर टीएमसी ने कहा कि उन्हें बैठक के लिए शॉर्ट नोटिस पर सूचना दी गई और साथ ही कांग्रेस ने बैठक के एजेंडे के बारे में भी कोई जानकारी नहीं दी। हाल के दिनों में यह दूसरी बार है जब टीएमसी ने कांग्रेस के साथ बैठक से इनकार किया है। गुरुवार को ही टीएमसी ने बंगाल में सीट बंटवारे को लेकर कांग्रेस के साथ बैठक से इनकार कर दिया था। दरअसल मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल में कांग्रेस को दो सीटें देने की पेशकश कर रही हैं और ज्यादा से ज्यादा तीन पर वह मान सकती हैं, लेकिन कांग्रेस इस पर सहमत नहीं है।

### भाजपा ने साधा निशाना

विपक्षी गठबंधन की बैठक पर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा जब मैंने विपक्षी गठबंधन की बैठक के बारे में सुना तो पता चला कि यह एक वर्चुअल बैठक है। वर्चुअल गठबंधन सिर्फ वर्चुअल बैठक ही करेगा। इससे ज्यादा वे कुछ नहीं कर सकते। विपक्षी गठबंधन की बैठक को लेकर भाजपा सांसद दिलीप घोष ने तंज कसा है। उन्होंने कहा विपक्षी गठबंधन कोई काम नहीं करता और सिर्फ बैठकें करता है। कुछ नहीं होगा और जल्द ही यह गठबंधन टूट जाएगा।

### विपक्षी गठबंधन की बैठक में ये नेता हुए शामिल

विपक्षी गठबंधन के शीर्ष नेतृत्व की शनिवार को हुई बैठक करीब दो घंटे चली और इस बैठक में गठबंधन को मजबूत करने, सीट बंटवारे के लिए रणनीति बनाने और गठबंधन का संयोजक बनाने पर चर्चा हुई। यह बैठक वर्चुअली हुई, जिसमें 10 पार्टियों के नेता शामिल हुए। बैठक में नीतीश कुमार, एमके स्टालिन, शरद पवार, डी राजा, मल्लिकार्जुन खरगे, उमर अब्दुल्ला, राहुल गांधी, सीताराम येचुरी, लालू यादव-तेजस्वी यादव, अरविंद केजरीवाल शामिल हैं। हालांकि बैठक से पहले ही विपक्ष को झटका लगा जब पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने इस बैठक में शामिल होने से मना कर दिया। साथ ही शिवसेना (यूबीटी) के नेता उद्धव ठाकरे और सपा नेता अखिलेश यादव भी विपक्षी गठबंधन की इस बैठक में शामिल नहीं हुए।

### नीतीश कुमार बोले, किसी पद में कोई रुचि नहीं



विपक्षी गठबंधन के संयोजक पद के लिए बिहार के सीएम नीतीश कुमार के नाम की चर्चा थी। जदयू नेताओं के बयान से भी ऐसा लगा था कि पार्टी नीतीश के लिए संयोजक का पद चाहती है, लेकिन अब खुद नीतीश कुमार ने साफ कर दिया है कि उनकी संयोजक बनने में कोई रुचि नहीं है। बैठक में कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर भी चर्चा हुई। कांग्रेस की यह यात्रा रविवार यानी 14 जनवरी से मणिपुर से शुरू होगी। इससे पहले शुक्रवार शाम को कांग्रेस नेता मुकुल वासनिक के आवास पर कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के नेताओं की भी बैठक हुई, जिसमें सीट बंटवारे पर चर्चा हुई।

# प्राण प्रतिष्ठा करने से पीएम मोदी को ही नुकसान होगा: मणिशंकर अय्यर



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोझिकोड

कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर ने अपने एक बयान में कहा है कि राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा खुद करने से पीएम मोदी को ही नुकसान होगा। दरअसल शंकराचार्यों की कथित नाराजगी को लेकर मणिशंकर अय्यर ने यह बात कही। मणिशंकर अय्यर केरल लिटरेचर फेस्टिवल के सातवें संस्करण में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि मोदी द्वारा खुद राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होने और धार्मिक अनुष्ठान करने पर चार शंकराचार्यों ने नाराजगी जताई है। शंकराचार्यों का हिंदू धर्म में बहुत ऊंचा स्थान है। यह सब पीएम मोदी को ही नुकसान पहुंचाएगा।

### क्या बोले मणिशंकर अय्यर

मणिशंकर अय्यर ने कहा कि अधिकतर हिंदुओं ने कभी भी हिंदुत्व के लिए वोट नहीं किया है। यह हमारा चुनाव कराने का तरीका है जो बीते 10 सालों से हिंदुत्ववादी सत्ता में हैं। अय्यर ने कहा कि हिंदू धर्म भारत का सबसे प्राचीन धर्म है और देश के बहुसंख्यक समाज द्वारा इसका पालन किया जाता है। वहीं हिंदुत्व एक राजनीतिक दर्शन है। दरअसल ऐसा दावा किया जा रहा है कि उत्तराखंड स्थित ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा है कि चारों शंकराचार्य अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल नहीं होंगे। उनका कहना है कि मंदिर का निर्माण कार्य पूरा होने से पहले ही प्राण प्रतिष्ठा की जा रही है, जो कि शास्त्रों के अनुसार ठीक नहीं है।

### बोफोर्स घोटाले में राजीव गांधी पर लगे झूठे आरोप

कार्यक्रम के दौरान मणिशंकर अय्यर ने अपनी किताब 'The Rajiv I knew and Why he was India's most misunderstood Prime Minister' पर भी चर्चा की। उन्होंने दावा किया कि पूर्व पीएम राजीव गांधी पर बोफोर्स घोटाले में लगे सभी आरोप झूठे थे और उनका कोई आधार नहीं था। बोफोर्स घोटाले के आरोपों के चलते ही साल 1989 में राजीव गांधी की कांग्रेस सरकार को लोकसभा चुनाव में हार का सामना करना पड़ा था। राजीव गांधी सरकार पर 1986 में 1,437 करोड़ रुपये के बोफोर्स तोप के सौदे में घोटाले के आरोप लगे थे। मणिशंकर अय्यर, राजीव गांधी की सरकार में प्रधानमंत्री कार्यालय के संयुक्त सचिव रहे थे। अय्यर ने बोफोर्स घोटाले में राजीव गांधी पर लगे आरोपों के लिए मीडिया को जिम्मेदार ठहराया।

## प. बंगाल के पुरुलिया में 12 गिरफ्तार, अदालत में पेशी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

पुरुलिया में साधुओं पर हमला करने के मामले में पुलिस ने 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में अब सियासी बयानबाजी भी हो रही है। प्रदेश विधानसभा में मुख्य विपक्षी पार्टी- भाजपा ने पश्चिम बंगाल की कानून व्यवस्था को लेकर सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को आड़े हाथों लिया है। विवाद राजनीतिक रंग अख्तियार कर रहा है, इसके संकेत इस बात से मिल रहे हैं कि टीएमसी ने भाजपा पर घटना को सांप्रदायिक मोड़ देने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। इस मामले में सोशल मीडिया पर वीडियो भी वायरल हो रही है। इसमें कथित तौर पर गंगासागर मेले के लिए जा रहे भिक्षुओं के साथ पुरुलिया के काशीपुर में अभद्रता की गई। वीडियो में लोगों का एक समूह साधुओं के साथ धक्का-मुक्की करते देखा जा सकता है। पुरुलिया पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म- एक्स पर बताया कि यह घटना गलतफहमी के कारण हुई। पुरुलिया पुलिस अधीक्षक अविजीत बनर्जी ने बताया कि पुलिस ने इस संबंध एक विशेष मामले के आधार पर 12 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

# गणतंत्र दिवस की परेड में 'मेड इन इंडिया' पर जोर



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

राजपथ पर इस साल गणतंत्र दिवस की परेड में मेड इन इंडिया हथियार आकर्षण का मुख्य केंद्र रहेंगे। परेड के दौरान स्वदेशी हथियार जैसे एलसीएच प्रचंड हेलीकॉप्टर, पिनाका मल्टी बैरल रॉकेट लॉन्चर और एंटी टैंक मिसाइल नाग का प्रदर्शन किया जाएगा। एलसीएच प्रचंड हेलीकॉप्टर देश का पहला स्वदेशी मल्टी रोल कॉम्बैट हेलीकॉप्टर है, जिसे हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड द्वारा डिजाइन किया गया है। एलसीएच प्रचंड ग्राउंड अटैक और हवाई हमले में सक्षम है। यह हेलीकॉप्टर आधुनिक स्टील्थ तकनीक से लैस है, जिसमें आर्मर प्रोटेक्शन और रात में हमला करने की भी क्षमता मौजूद है। इसमें आधुनिक नेविगेशन सिस्टम, और हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलें लगाई गई हैं। नाग मिसाइल सिस्टम को डीआरडीओ द्वारा विकसित किया गया है। दुश्मनों के टैंकों को तबाह करने में यह मिसाइल काफी कारगर है और खास बात ये है कि यह मिसाइल सिस्टम दिन और रात दोनों समय हमले करने में सक्षम है। यह मिसाइल टॉप अटैक क्षमताओं और ऑटोमैटिक तरीके से अपने लक्ष्य को भेदने में सक्षम है। नाग मिसाइल का कैरियर NAMICA बीएमपी-2 पर आधारित सिस्टम है और इसे जमीन के साथ ही पानी की सतह से भी फायर किया जा सकता है।

## भारत-चीन संबंध सामान्य नहीं, आरएसएस संस्थापक को दी श्रद्धांजलि: डॉ एस जयशंकर

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने महाराष्ट्र के नागपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में दावा किया कि दुनिया में कोई भी बड़ा मुद्दा भारत के साथ परामर्श के बिना तय नहीं किया जाता है। उन्होंने कहा कि अब हम बदल गए हैं और हमारे प्रति दुनिया का नजरिया भी बदल गया है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) से जुड़े बिंदु पर विदेश मंत्री ने कहा, संयुक्त राष्ट्र की इस इकाई में भारत की जरूरत पूरी दुनिया महसूस कर रही है।

### संबंधों को सामान्य करने पर चीनी समकक्ष को समझाया

जयशंकर ने भारत और चीन के संबंधों पर भी जवाब दिया। नौवीं कक्षा के बच्चे भार्गव देशपांडे के सवाल पर कहा, उन्होंने अपने चीनी समकक्ष को समझाया है कि जब तक आप सीमा से जुड़े मुद्दे का कोई समाधान नहीं निकाल लेते, अगर सेनाएं आमने-सामने रहेंगी और तनाव रहेगा, तो आपको यह उम्मीद नहीं करनी चाहिए कि बाकी रिश्ते, मसलन बिजनेस और दूसरी चीजें सामान्य तरीके से चलेंगी। उन्होंने गलवान घाटी में हुई हिंसक झड़प का भी जिक्र किया। विदेश मंत्री ने कहा कि पिछले तीन साल से दोनों देशों के संबंध सामान्य नहीं हैं। तनाव बना हुआ है। इस बात को स्वीकार करने में उन्हे कोई हिचक नहीं है। उन्होंने कहा कि दोनों देश इस बात को जानते हैं कि सीमावर्ती इलाकों में शांति और सामान्य हालात बनाए रखने में पड़ोसी देश की भूमिका अहम होती है। उन्होंने कहा कि सालों से बेहद स्पष्ट समझौतों का पालन किया जाता रहा है।

# मध्य प्रदेश के सीएम मोहन यादव की सुरक्षा में बड़ी चूक, पुलिस की वर्दी पहनकर घुसा शराबी युवक



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। शहडोल

सीएम डॉक्टर मोहन यादव के शहडोल पहुंचने से पहले उनकी सुरक्षा में एक बड़ी चूक का मामला सामने आया है। एक अज्ञात व्यक्ति शराब पीकर नशे की हालत में पुलिस की वर्दी पहने सुरक्षा जवानों के बीच घुस गया और उनके बीच ही खड़ा था। वह दोपहर 12 बजे के आसपास उस प्वाइंट के पास जा पहुंचा, जहां से सीएम मोहन यादव को पॉलिटेक्निक मैदान में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रवेश करना था।

### लड़कियों के बीच घुस गया फर्जी पुलिस

मध्य प्रदेश पुलिस की वर्दी पहनकर युवक पुलिस के सामने ही खड़ा होकर रौब दिखा रहा था। जिस गेट से सीएम यादव को प्रवेश करना था, उसी गेट से सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देने वाली लड़कियां प्रवेश कर रही थीं। उसी दौरान वह नशे की हालत में उनके बीच घुस गया और बात करने लगा।

### मीडिया ने पूछा तो भागने लगा

जब मीडियाकर्मियों ने पूछा की उक्त अज्ञात पुलिसकर्मी नशे की हालत में कैसे लड़कियों से बात कर रहा है, तभी वह भागने लगा। बड़ी बात ये थी कि अधिकारियों और पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में वह निकलकर भागने लगा, लेकिन किसी भी पुलिसकर्मी ने उसे नहीं पकड़ा।

### प्रभारी बोले हमारे टीम में नहीं

इधर, गेट के प्रभारी टीआई रघुवंशी ने बताया कि वह कौन था, उसकी हमें जानकारी नहीं है। मेरी टीम में 9 लोग हैं, उनमें वो शामिल नहीं है। उन्होंने कहा कि वह कौन था उसका पता लगवाते हैं।

# 'मोदी सरकार के दस साल के अन्याय काल को उजागर करेंगे'

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का आज मणिपुर से शुभारंभ होने जा रहा है। उससे पहले पार्टी ने कहा कि यह एक चुनावी नहीं बल्कि वैचारिक यात्रा है। विपक्षी पार्टी ने शनिवार को कहा कि यह यात्रा नरेंद्र मोदी सरकार के दस साल के अन्याय काल के खिलाफ निकाली जा रही है।

### 'अमृत काल के सुनहरे सपने दिखाते हैं प्रधानमंत्री'

इसको लेकर कांग्रेस के महासचिव जयराम रमेश ने आज मणिपुर के पूर्व मुख्यमंत्री ओकराम इबोबी सिंह, पार्टी के प्रदेश प्रमुख केशम मेघचंद्र सिंह और कांग्रेस कार्य समिति के सदस्य गैखंम के साथ एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री अमृत काल के सुनहरे सपने दिखाते हैं। लेकिन, बीते दस वर्षों की हकीकत क्या है। अमृत काल के बड़े-बड़े वादे किए जाते हैं। लेकिन, अन्याय काल का कोई जिक्र नहीं किया जाता है। रमेश ने कहा कि देश एक ऐसी विचारधारा का सामना कर रहा है, जो ध्रुवीकरण, आर्थिक असमानता और राजनीतिक अधिनायकवाद में भरोसा करती है। उन्होंने इसे राष्ट्र के लिए सबसे बड़ी चुनौती बताया। उन्होंने कहा कि यह यात्रा बीते दस वर्षों में हुए राजनीतिक, आर्थिक और सामान्य अन्याय को ध्यान में रखकर निकाली जा रही है। उन्होंने कहा कि यह एक सियासी पार्टी की यात्रा है। यह एक वैचारिक यात्रा है, लेकिन चुनावी यात्री नहीं।

### 100 लोकसभा क्षेत्रों से गुजरेगी यात्रा

यह यात्रा देश के पंद्रह राज्यों से गुजरेगी। जिनमें सौ लोकसभा क्षेत्र कवर होंगे। पार्टी का मानना है कि यह सांसद राहुल गांधी के नेतृत्व में कन्याकुमारी से कश्मीर तक चली भारत जोड़ो यात्रा की तरह परिवर्तनकारी साबित होगी। कांग्रेस का कहना है कि सरकार ने उसे संसद में जनता के मुद्दों को उठाने का मौका नहीं दिया। इसलिए, वह मणिपुर से मुंबई तक की यह यात्रा निकाल रही है। उसका कहना है कि इस यात्रा का मकसद संविधान में निहित न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के सिद्धांतों को फिर से बहाल करना है।

### यात्रा के लिए क्यों चुना दूसरा स्थान

इस यात्रा को मणिपुर के थौबल जिले के मैदान में हरी झंडी दिखाई जाएगी। इससे पहले इंफाल के पैलेस मैदान की ओर से शर्तों के साथ कांग्रेस को यात्रा को हरी झंडी दिखाने की मंजूरी दी गई थी। पार्टी से लोगों की संख्या को सीमित करने के लिए कहा गया था। इसलिए, कांग्रेस ने दूसरे स्थान को चुनने का फैसला लिया। यह यात्रा 6,713 किलोमीटर की दूरी बस में तय करेगी। लेकिन पैदल भी चलेगी। यात्रा 67 दिनों में 110 जिलों, सौ लोकसभा क्षेत्रों और 337 विधानसभा सीटों से होकर गुजरेगी। इसके बाद 20 या 21 मार्च को मुंबई में इसका समापन होगा।

# विख्यात कामगार नेता अभिजीत राणे ने थामा भाजपा का दामन



जन एक्सप्रेस । अंकित मिश्रा

**मुंबई।** धड़क कामगार यूनियन महासंघ के संस्थापक अध्यक्ष अभिजीत राणे ने भाजपा का दामन थाम लिया है। मुंबई भाजपा के महासचिव एवं विधायक सुनील राणे की प्रमुख उपस्थिति में अभिजीत राणे ने भाजपा में प्रवेश किया। गोरेगांव पश्चिम स्थित बांगुर नगर के अय्यप्पा मंदिर हॉल में आयोजित कार्यक्रम में सुनील राणे ने कामगार नेता को भाजपा का दुपट्टा पहनाकर उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई। इसके बाद उन्होंने अभिजीत राणे को मुंबई सचिव पद पर नियुक्त भी किया। इस दौरान अभिजीत राणे के साथ धड़क कामगार यूनियन महासंघ के सैकड़ो पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने भाजपा में प्रवेश किया। ज्ञात हो कि अभिजीत राणे ने धड़क कामगार यूनियन की स्थापना 28 अप्रैल 2011 को किया था। आज यूनियन के 13 वर्ष पूरा हो गया है,इस 13 वर्ष में यूनियन के सात लाख सदस्य होने के बावजूद भी पुनः एक यूनियन की स्थापना किया। आज धड़क कामगार यूनियन महासंघ अंतर्गत 75 से अधिक यूनियन महासंघ में आता है। इस मौके पर विधायक सुनील राणे ने कहा कि मैं अभिजीत राणे का भाजपा परिवार में स्वागत करता हूं। अभिजीत राणे जिस प्रकार से यूनियन में पूरी जिम्मेदारी से काम कर रहे हैं,उसी प्रकार मुझे विश्वास है कि वह भाजपा परिवार में भी जिम्मेदारी से काम करेंगे।



## नागपुर के सिविल इंजीनियर ने घर पर बनाई राम मंदिर की प्रतिकृति

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

महाराष्ट्र के नागपुर में एक सिविल इंजीनियर ने अपने घर के बाहर आयोध्या के राम मंदिर की प्रतिकृति बनाई है। इंजीनियर प्रफुल्ल माटेगांवकर ने बताया कि उन्हें इंटरनेट पर मंदिर का डिजाइन मिला, जिसके जरिए उन्होंने 11 फीट का राम मंदिर बना डाला। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा, एक सिविल इंजीनियर होने के नाते मैंने इसके बारे में बहुत पढ़ाई की। इसके बाद मैंने ग्राफिकल डिजाइन बनाया और इसके लिए जिन-जिन वस्तुओं की जरूरत थी उसके बारे में सोचने लगा। यह प्रक्रिया पिछले साल दिवाली से पहले शुरू हुई थी।

## 22 जनवरी को दीपोत्सव मनाने के लिए बाजार में दीयों और मिट्टी की कमी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

राम मंदिर के भव्य उद्घाटन के मौके पर देशभर में दिवाली जैसा जश्न मनाया जाएगा। राम भक्तों ने अभी से ही श्रीराम की मूर्ति, फोटो लेकर तैयारियां शुरू कर दी हैं। दीये खरीदने से लेकर साज-सजावट का सामान खरीदने के लिए लोगों की भीड़ बाजार पहुंच रही है। ऐसे में राम मंदिर को लेकर शहरों में मिट्टी के दीयों की डिमांड एकदम बढ़ गई है। दिवाली न होते हुए भी देशभर में दीयों की डिमांड तेजी से बढ़ रही है। शहरों में हालात ये हैं कि कारीगरों के लिए दीयों का ऑर्डर पूरा करना मुश्किल हो रहा है। वहीं, बाजार में भी दीयों की कीमतें दोगुनी हो गई हैं। लेकिन फिर भी कारीगरों के लिए ऑर्डर पूरा करना मुश्किल होता जा रहा है।

# गुजरात में दो करोड़ रुपये से भरी एटीएम कैश वैन चोरी की कोशिश, छह आरोपी गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। अहमदाबाद

गुजरात के कच्छ जिले में छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने बताया कि आरोपी कथित तौर पर 2.13 करोड़ रुपये से भरी एक एटीएम कैश वैन को चुराने का प्रयास कर रहे थे। जिनका वाहन चालकों और पुलिस ने पीछा किया। जिसके बाद उन्होंने इसको शहर के बाहरी इलाके में छोड़ दिया। अधिकारी ने बताया कि इन आरोपियों में दो नकदी प्रबंधन कंपनी के कर्मचारी हैं। घटना के कुछ ही घंटों के भीतर उन्हें पकड़ लिया गया था। कच्छ पूर्व के पुलिस अधीक्षक सागर बरमार ने बताया कि घटना जिले के गांधीधाम शहर के बैंकिंग सर्किल में शुक्रवार की सुबह हुई। तब नकदी प्रबंधन कंपनी के पांच कर्मचारी वैन में 2.13 करोड़ रुपये लोड करने के बाद पास के एक होटल में खाना खाने गए थे। उन्होंने बताया कि इन कर्मचारियों को एक बैंक से एकत्र की गई नकदी को दोपहर में शहर के विभिन्न एटीएम में जमा करना था।

### सभी छह आरोपी गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक के मुताबिक, पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी निगरानी और सूत्रों से जानकारी जुटाई। जिसके आधार पर वैन चलाने वाले दिनेश फाफल 21 वर्षीय समेत छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। अन्य पांच आरोपियों की पहचान कच्छ जिले के निवासी राहुल संजोत 25 वर्षीय, विवेक संजोत 22 वर्षीय, राहुल बरोट 20 वर्षीय, नितिन भानुशाली 23 वर्षीय और गौतम विंजोदा के रूप में हुई है।

### चाबी से वैन में घुसा आरोपी

उन्होंने बताया कि जब कर्मचारी वैन को लॉक करने के बाद पास के एक होटल में खाना खा रहे थे। तभी कोई डुप्लिकेट चाबी का इस्तेमाल करके वाहन में घुस गया और इसको लेकर फरार हो गया। लूट का पता चलते ही एक कर्मचारी दीपक सठवारा ने तुरंत पुलिस को फोन किया। दीपक ने वैन का पीछा करने के लिए एक मोटसाइकिल सवार की मदद ली। इसके बाद स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। फिर उसने भी अपने वाहन से वैन का पीछा किया।

### पुलिस ने गठित की टीमें

उन्होंने बताया कि वैन ने दर्शित ठक्कर नाम के एक व्यक्ति की कार को टक्कर मार दी थी। टक्कर मारने के बाद जब वह नहीं रुकी तो वह उसका पीछा करने लगा। उसने दीपक सठवारा को लिफ्ट दी। जब उसे लगा कि एक कार और पुलिस का वाहन उसका पीछा कर रहे हैं। तो उसने वैन को शहर के बाहरी इलाके में छोड़ दिया। फिर अपने साथी के साथ दूसरी कार में फरार हो गया।

## स्टालिन ने बेटे को उप मुख्यमंत्री बनाने की अफवाहों को किया खारिज

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने शनिवार को उन अटकलों को अफवाह बताकर खारिज कर दिया। जिनमें कहा जा रहा था कि उनके बेटे उदयनिधि को राज्य का उप मुख्यमंत्री बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सलेम में 21 जनवरी को द्रमुक की युवा इकाई का सम्मेलन होने जा रहा है। इस सम्मेलन का विरोध करने वाले इस तरह की अफवाहें फैला रहे हैं। स्टालिन ने पोंगल के बधाई संदेश में कहा, ऐसे समय में जब प्रदेश के युवा सलेम में होने वाले सम्मेलन की तैयारी कर रहे हैं। कुछ लोगों ने मेरे स्वास्थ्य को लेकर अफवाहें फैलाई। शुक्रवार को यहां एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा था कि जब राज्य के लोग खुश हैं, तो उनकी चिंता करने की कोई बात नहीं है। उन्होंने कहा, मैं स्वस्थ और खुश हूं और काम कर रहा हूं। द्रमुक प्रमुख ने कहा कि सनसनी पैदा करने के इरादे से यह अफवाहें फैलाई जा रही हैं कि बेटे (उदनिधि को) को उप मुख्यमंत्री का पद देने वाले हैं। उन्होंने कहा, उदयनिधि ने खुद इसका जवाब दिया था कि सभी मंत्री मुख्यमंत्री की मदद कर रहे हैं और इस मुद्दे को खत्म कर रहे हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)